डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

Join Telegram
Channel Search
rojgaraurnirman

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 25.01.2021 से 31.01.2021 ▶ वर्ष-38 ▶ अंक-04 ▶ मूल्य ₹10.00

रोज़गार उत्सव

मध्यप्रदेश में हर हाथ को काम दिलाने के होंगे प्रयास - मुख्यमंत्री

"भोपाल, मध्यप्रदेश में हर हाथ को काम मिले, इसके लिए लगातार प्रयास होंगे। युवा बुलंद हौसलों के साथ कार्य करें, सरकार उनके साथ है। कोरोना काल से बिगड़ी अर्थव्यवस्था को तेजी से ठीक करने के प्रयास किए गए हैं। आर्थिक कठिनाइयों का रोना न रोते हुए हमने रास्ते निकाले हैं, यही सरकार और नेतृत्व का दायित्व भी है। आर्थिक गतिविधियों के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। प्रदेश में विभिन्न योजनाओं के तहत विभिन्न हितग्राहियों के खातों में 82 हजार करोड़ रुपये की राशि का अंतरण हुआ है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश स्तरीय रोज़गार उत्सव का शुभारंभ करते हुये कहीं।"

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में प्रदेश स्तरीय रोज़गार उत्सव कार्यक्रम में हितग्राहियों को लाभान्वित करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार के बजट का बड़ा हिस्सा वेतन के वितरण में चला जाता है और इसी बजट से विकास कार्य भी करने होते हैं, लेकिन इससे समझौता नहीं हो सकता। युवाओं को बाजार की मांग और आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षित करना सरकार की प्राथमिकता है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश में अधोसंरचना, कृषि, खाद्य प्र-संस्करण, उद्यानिकी आदि के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया गया है। खनिजों के दोहन और स्थानीय उत्पाद को प्रोत्साहित करने का कार्य हो रहा है। गत कुछ माह में 100 से अधिक रोज़गार मेले भी लगाए गए हैं। हर महीने 1 लाख और वर्ष में 12 लाख युवा रोज़गार या स्व-रोज़गार हासिल कर लें, यह लक्ष्य लेकर कार्य शुरू किया है। नौजवानों को जीविका का साधन उपलब्ध करवा कर नई जिन्दगी दें, इसी उद्देश्य के साथ मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर बनेगा।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में स्थानीय हुनर को प्रोत्साहन दिया जाएगा। दीपावली पर उपयोग में आने वाला दिया चीन से नहीं आना चाहिए। भारत में निर्मित वस्तुओं का ही उपयोग हो और हम लोकल को वोकल बनाने का कार्य करें। मध्यप्रदेश का बाघ प्रिंट, चंदेरी की साड़ियां, अगरिया समुदाय द्वारा निर्मित किए जाने वाले लौह उत्पाद प्रसिद्ध हैं। 'एक जिला एक उत्पाद' के अंतर्गत जिलों के उत्पाद और विशेष वस्तुओं को अंतर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध करवाने का प्रयास सरकार का है। इन सभी प्रयासों से रोज़गार और आर्थिक समृद्धि का मार्ग आसान हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल स्थित ग्लोबल स्किल पार्क से प्रथम वर्ष में 6 हजार और फिर आगे प्रतिवर्ष 10 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्किल पार्क होगा। इसे वर्ष 2022 तक निर्मित करने का लक्ष्य है।

स्व-सहायता समूहों से मिली मदद

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रोज़गार के माध्यम से विभिन्न वर्गों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। स्व-सहायता समूहों के माध्यम से सामग्री के निर्माण और विक्रय का तंत्र सशक्त किया गया है। करीब पौने तीन लाख नए परिवार लगभग 25 हजार समूह से जुड़े हैं। पर्यटन से रोज़गार के अंतर्गत वफर में सफर, नाईट सफारी और धार्मिक स्थानों के विकास के कार्यों से लोगों को आर्थिक संबल मिला है।

रोज़गार पोर्टल कारगर सिद्ध होगा

कोरोना काल में रोज़गार सेतु पोर्टल के माध्यम से 46 हजार नियुक्तियां संभव हो सकीं। पोर्टल के माध्यम से 35 हजार नियोक्ता और 7 लाख से अधिक प्रवासी श्रमिक एक प्लेटफार्म पर आकर परस्पर जुड़ सके हैं। पुलिस में भर्ती के साथ ही अन्य विभागों के करीब 5 हजार रिक्त पद भरने की प्रक्रिया को गति दी गई है। शहरी और ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर्स को ब्याज मुक्त ऋण दिलवाया गया है। मध्यप्रदेश में इस योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में हुई प्रगति देश में सर्वश्रेष्ठ है।

मेपकास्ट और आईआईटी इंदौर

खगोल विज्ञान शिक्षा और विकास में बनेंगे सहयोगी

भोपाल, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) भोपाल एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), इन्दौर के बीच खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी के क्षेत्र में हुए सहमति-पत्र के अंतर्गत दोनों संस्थान शोध, संचार, शिक्षा और विकास से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर सहयोग करेंगे।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) भोपाल के तकनीकी सहयोग से इन्दौर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान परिसर में मोबाइल तारामंडल की स्थापना प्रस्तावित है। मोबाइल तारामंडल की स्थापना का उद्देश्य विद्यार्थियों में खगोल विज्ञान में रुचि पैदा करना है। यह जानकारी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने सहमति-पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर के दौरान दी।

डॉ. कोठारी ने बताया कि खगोल विज्ञान से संबंधित पाठ्यक्रमों, विंटर स्कूल, संगोष्ठियों आदि का आयोजन किया जायेगा। उज्जैन तारामंडल के कार्यक्रमों में आईआईटी के विद्यार्थियों को सहभागी बनाया जायेगा। तारामंडल आधारित ब्रह्मांड संबंधी कार्यक्रमों के निर्माण में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के विद्यार्थियों का सहयोग लिया जायेगा। महानिदेशक ने बताया कि दोनों संस्थान खगोल भौतिकी विशेष रूप से ऑप्टीकल एस्ट्रोनॉमी में संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं में परस्पर सहयोग करेंगे। इन्दौर स्थित आईआईटी के जरिये डोंगला स्थित बराहमिहिर वेधशाला के खगोलीय प्रेक्षणों को नियंत्रित किया जायेगा।

इसी प्रकार सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डाटा विश्लेषण डोम का ऑटोमेशन और ब्रह्मांडीय पिंडों की खगोलीय फोटोग्रॉफी के क्षेत्र में परस्पर सहयोग किया जायेगा। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इन्दौर के निदेशक डॉ. एन.के. जैन ने अपनी संस्था की ओर से हस्ताक्षर किये।

खास खबर

अनुसूचित जाति के छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति में वृद्धि

भोपाल, अनुसूचित जाति विकास विभाग ने अनुसूचित जाति के छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति की दरों में वृद्धि की है। विभाग ने वर्ष 2020-21 के लिये बालकों के लिये 1300 रुपये एवं बालिकाओं के लिये 1340 रुपये प्रतिमाह की शिष्यवृत्ति की दर स्वीकृत की है। विभाग का यह आदेश एक जुलाई, 2020 से प्रभावशील होगा।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

संबल योजना

हर गरीब को मिलेगा योजना का लाभ

भोपाल, बच्चे के जन्म के पूर्व से मृत्यु के बाद तक संबल योजना गरीबों का संबल है। योजना में बच्चे के जन्म से पहले 4 हजार रुपये, जन्म के बाद 16 हजार रुपये, फिर पढ़ाई, राशन, मकान, इलाज और मृत्यु के बाद अनुग्रह सहायता दी जाती है। पिछली सरकार ने गरीबों को योजना का लाभ देना बंद कर दिया था। हमारी सरकार ने योजना को दोबारा चालू किया है तथा प्रत्येक गरीब का योजना में पंजीयन किया जाकर, लाभ दिलाया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मिंटो हॉल में आयोजित कार्यक्रम में संबल योजना के 10 हजार 285 हितग्राहियों को 224 करोड़ 08 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके खातों में अंतरित करते हुये कहीं।

वर्ष 2024 तक हर गरीब को पक्की छत और नल से पानी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने तय किया है कि वर्ष 2024 तक कोई गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा। सबकी पक्की छत होगी। साथ ही हर घर में नल से पानी दिया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि समाज में जो सबसे पीछे और सबसे नीचे है, उसका मध्यप्रदेश सरकार सबसे पहले ध्यान रखती है। सरकार हर गरीब के लिए रोटी, कपड़ा, मकान, पढ़ाई-लिखाई तथा दवाई का इंतजाम कर रही है।

खोले जाएंगे श्रमोदय विद्यालय

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मजदूरों के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए 4 श्रमोदय विद्यालय संचालित हैं। शिक्षा विस्तार की दृष्टि से प्रदेश में और श्रमोदय विद्यालय खोले जाएंगे। श्री चौहान ने कहा कि संसाधनों पर सबका अधिकार है। हम सभी गरीबों को उनके अधिकार दिलाएंगे। जो अधिक कमाते हैं उनसे टैक्स लेंगे और जिनके पास नहीं है उनकी सहायता करेंगे।

सबसे संवेदनशील योजना है 'संबल'

कार्यक्रम में श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की सबसे संवेदनशील योजना है 'संबल' योजना। योजना से अभी तक प्रदेश में 1 लाख 80 हजार हितग्राहियों को 1483 करोड़ रुपये के हितलाभ वितरित किये गये हैं।

मध्यप्रदेश में लैंड टाइटलिंग के लिए बनाया जाएगा कानून

भोपाल, मध्यप्रदेश में लैंड टाइटलिंग प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए कानून बनाया जाएगा। इसके माध्यम से मौका, नक्शा एवं खसरा में समानता होगी तथा विवाद रहित भूमि का भू-स्वामित्व संबंधित भू-स्वामी को प्रदान किया जा सकेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में व्यापक पैमाने पर राजस्व सुधार किए गए हैं, जिनके फलस्वरूप नागरिकों को कई प्रकार की सुविधाएं उनके मोबाइल पर घर बैठे मिल रही हैं। नागरिकों को भू-अभिलेखों की कहीं से भी प्रतिलिपि ऑनलाइन प्राप्त करने की सुविधा प्रदान की गई है। नागरिकों को एम.पी. भू-लेख पोर्टल के माध्यम से भूमि संबंधी सेवाएं, आर.सी.एम.एस. पोर्टल के माध्यम से राजस्व न्यायालयों से संबंधित सेवाएं, सारा पोर्टल के माध्यम से गिरदावरी और अन्य सर्वे संबंधी सुविधाएं तथा किसान एप के माध्यम से ई-उपार्जन पंजीयन, फसल स्व-घोषणा, गिरदावरी की जानकारी आदि सेवाएं प्राप्त हो रही हैं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि भूमि के नक्शों के डिजिटलाइजेशन का कार्य 3 वर्षों में पूरा किया जाए। कोर्स नेटवर्क की स्थापना कर सीमांकन की सुविधा प्रदान की जाए।

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि प्रदेश में स्वामित्व योजना का त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इसके अंतर्गत 22 हजार 580 गांवों का आबादी सर्वे किया जाना है तथा गांवों में मकान, जमीन का स्वामित्व प्रदान किया जाना है। इससे मकान, जमीन पर स्वामित्व हक प्राप्त होने से बैंकों से ऋण लेने सहित कई सुविधाएं प्राप्त होंगी।

मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के 20 लाख किसानों को 2-2 हजार रुपये के मान से कुल 400 करोड़ रुपये की राशि शीघ्र ही उनके खातों में अंतरित की जाएगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

महिला सम्मान के लिये संचालित अभियान में समाज बने सहभागी

शहडोल, बेटियों और महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए प्रदेश सरकार द्वारा महिला सम्मान अभियान का संचालन समाज के सहयोग से किया जा रहा है। इस अभियान में आम जनता सहयोगी बने। प्रदेश सरकार द्वारा बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2020 पारित किया गया है। प्रदेश की जनता हमारी भगवान है। उनके लिए मैं फूल सा कोमल तथा गुण्डों, बदमाशों के लिए वज्र सा कठोर हूं। प्रदेश में माफिया को नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा। सरकार ने प्रदेश के किसानों एवं गरीबों को उनका हक दिलाने तथा शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने का निर्णय लिया है। ताकि प्रदेश तेजी से तरक्की कर सके। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने शहडोल जिले के ब्यौहारी जनपद मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शहडोल जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुये।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित जन समूह को मध्यप्रदेश के विकास में सहभागी बनने की शपथ दिलाते हुए नशामुक्ति एवं महिलाओं को सम्मान दिलाने के लिये राज्य सरकार के साथ सहभागी बनने को कहा। श्री चौहान ने कहा कि कोरोना काल में प्रदेश सरकार गठित हुई थी, उस दौरान कोरोना संक्रमण से बचाव की सभी व्यवस्थाएं की गईं। अब प्रदेश सरकार प्रदेश के हर गरीब को रोटी, कपड़ा, मकान, पढ़ाई, लिखाई तथा दवाई की व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए संकल्प के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों को वर्ष में 6 हजार रुपये की सम्मान निधि तथा राज्य सरकार द्वारा चार हजार रुपये की सम्मान निधि इस प्रकार कुल 10 हजार रुपये की सम्मान निधि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत हर व्यक्ति के इलाज की व्यवस्था, वर्ष 2024 तक हर गरीब को पक्का आवास, हर घर में नल-जल योजना से पानी उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।

श्री चौहान ने ब्यौहारी में 48 करोड़ 29 लाख 28 हजार की लागत के 46 कार्यों का भूमि पूजन किया। इसके साथ ही 24 करोड़ 45 लाख 58 हजार की लागत के 547 विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के 9,324 हितग्राहियों को 14 करोड़ 66 लाख रुपये के हितलाभ का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने 'आपदा को बदला अवसर में' पुस्तिका का विमोचन भी किया।

केरल के साथ टूरिज़्म एमओयू करने वाला दूसरा राज्य बना मध्यप्रदेश

भोपाल, मध्यप्रदेश की पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने केरल के पर्यटन मंत्री श्री के. सुरेन्द्रन के साथ रिस्पांसिबिल टूरिज़्म मिशन के एमओयू पर हस्ताक्षर किये। मध्यप्रदेश देश का दूसरा राज्य है, जो केरल के साथ एमओयू कर प्रदेश में रिस्पांसिबिल टूरिज़्म मिशन आरंभ कर रहा है।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश की पर्यटन मंत्री सुश्री ठाकुर ने कहा कि शंकराचार्य की भूमि में आज भी कला, संस्कृति और धर्म सुरक्षित हैं। हमें भारत को मौलिक भारत बनाना होगा, जिसमें केरल अग्रणी है। सुश्री ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश भी धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक रूप से समृद्ध प्रदेश है। हमारे प्रदेश के निवासियों एवं जनजातीय भाइयों की संस्कृति अद्भुत है और प्रकृति से उनका जुड़ाव भी बना हुआ है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं तथा केरल के साथ एमओयू के आधार पर हम जन-सहभागिता के साथ पर्यटन के सभी क्षेत्रों में कार्य करेंगे। इससे स्थानीय लोगों को रोज़गार मिलेगा और केरल के पर्यटकों को मध्यप्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य के साथ संस्कृति, सभ्यता, खान-पान, लोक संस्कृति और यहां के शिल्पकारों की कला से परिचित होने का अवसर प्राप्त होगा। सुश्री ठाकुर ने केरल के पर्यटन मंत्री को उनकी टीम के साथ मध्यप्रदेश आने का आमंत्रण भी दिया।

इस अवसर पर केरल के पर्यटन मंत्री श्री के. सुरेन्द्रन ने बताया कि हम पर्यटन क्षेत्र में सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय संरक्षण के लिये रूरल टूरिज़्म में काम कर रहे हैं। इसमें स्थानीय ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर पर्यटन के विकास के लिये योजना बनाते हैं। उन्होंने कहा कि हम ग्रामीणों में अपनी संस्कृति और कला को महत्व देने के लिये काम कर रहे हैं। मध्यप्रदेश द्वारा इस मिशन में जो भी सहयोग माँगा जायेगा, हम सहज प्रदान करेंगे तथा मध्यप्रदेश को भी देश का अग्रणी पर्यटन राज्य बनाने में सहयोग करेंगे।

कार्यक्रम के समापन के बाद शाम को दोनों प्रदेशों के पर्यटन मंत्री और टीम ने केरल के पर्यटन विभाग द्वारा विकसित 'केरल आर्ट एवं क्राफ्ट विलेज' का भ्रमण किया। इस दौरान अतिथियों ने केरल के विभिन्न क्षेत्रों के दस्तकारों द्वारा निर्मित कलाकृतियों और उत्पादों का अवलोकन किया और उनकी भूरि-भूरि सराहना की।

मध्यप्रदेश की ओर से पर्यटन मंत्री के साथ अपर प्रबंध संचालक पर्यटन बोर्ड सुश्री सोनिया मीणा तथा संचालक (कौशल) श्री मनोज कुमार सिंह उपस्थित थे।

एस आई कांस्टेबल पुलिस
नवीन बैच प्रारंभ
IAS | IPS | MPPSC
12 वीं के बाद तीन वर्षीय कोर्स

BUILDING CAREER, BUILDING NATION
शहीद भगतसिंह सिविल सर्विसेज़ एकेडमी
(A VENTURE OF SIMRAN GROUP)
UPSC | MPPSC MPSI | CONSTABLE
CIVIL JUDGE ADPO | CLAT
NDA | CDS SSB | ARMY

Contact : 6262081313 Email - info@sbscsacademy.com
पता: 1-इन्द्रपुरी, भंवरकुआं चौराहा, पुलिस थाने के पास, इन्दौर (म.प्र.)
* हमारी विशेषताऐं *
1. दिल्ली के अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन।
2. अत्याधुनिक, डिजिटल, हाईटेक, AC क्लास रूम।
3. हिन्दी एवं इंग्लिश मीडियम की पृथक कक्षाएं।
4. सफल अभ्यार्थियों द्वारा समय-समय पर व्याख्यान।
5. कोरोना प्रोटेक्शन।
6. सोशल डिस्टेंस मैंटेन क्लासेस।
7. फायर सिक्योरिटी प्रोटेक्शन।
8. निःशुल्क योगा एवं मेडिटेशन क्लास
9. निःशुल्क लाइब्रेरी सुविधा।
10. निःशुल्क साक्षात्कार तैयारी PSC भूत पूर्व सदस्यो द्वारा।
11. साप्ताहिक टेस्ट सिरिज।
12. छूटी हुई कक्षाओं का पुनरावलोकन।
13. डेमो क्लास की व्यवस्था।
14. व्यक्तिगत स्तर पर समस्याओं का समाधान।
R-45107/2021

नये बैच में प्रवेश प्रारंभ
मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित
राज्य वन सेवा परीक्षा-2021
Forest Ranger /ACF
प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु अलग-अलग बैच
अन्य संवर्ग के छात्रों को फीस में विशेष छूट
राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2021
MPPSC - AE / SDO
प्रारंभिक परीक्षा हेतु तकनीकी (Technical) एवं गैर तकनीकी (Non-Technical) विषयों के लिए अलग-अलग बैच
Strategy for Exam
• अनुभवी शिक्षकों द्वारा परीक्षानुसार प्रत्येक विषय का संपूर्ण अध्ययन
• परीक्षा पूर्व पाठ्यक्रम समाप्त
• प्रतिदिन 4 से 5 घंटे की नियमित कक्षाएं
• परीक्षा पद्धति पर आधारित ऑनलाइन टेस्ट
एवाइज़ पाठ्यक्रम हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में उपलब्ध
PANKAJ
कौटिल्य एकेडमी
मुख्यालय : पायल प्लाजा, भंवरकुंआ चौराहा, इन्दौर
Ph.: 0731-4226615, 9993071010, 9755553021
R-45106/2021

मध्यप्रदेश राज्य सेवा/ वनसेवा प्रारंभिक एवं म.प्र. की अन्य परीक्षाओं की ऑनलाइन तैयारी करें।
प्रतियोगिता निर्देशिका मासिक पत्रिका से
मात्र ₹15/-
लॉग-इन करें : www.pratiyogitanirdeshika.com
111, गुमाश्ता नगर, इन्दौर ☎ 0731-2482060, 2480090
R-45104/2021

आजाद पी 3 एकेडमी
सपनों की उड़ान आप भरें, उन्हे साकार हम करें।
UPSC | MPPSC | MPSI | PATWARI | SAMVIDA 1,2,3
प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मानित
MPPSC
PRE + MAINS
(HINDI MEDIUM)
NEW BATCH START 1 FEB'21
MPSI | SSC | BANK
2 FEB'21
NEW BATCH START
हेड ऑफिस : वेदा बिल्डिंग द्वितीय मंजिल, एप्पल हॉस्पिटल के पास, भंवरकुंआ, इंदौर
0731-4966653 / 54, 97559-16644, 70244-86260, 91092-57973
GANGA
R-45108/2021

पन्ना में नवीन श्रमोदय आवासीय विद्यालय बनेगा-श्रम मंत्री

भोपाल, पन्ना में श्रमिकों के बच्चों के लिए नवीन श्रमोदय आवासीय विद्यालय निर्माण के लिए वर्ष 2020-21 में राशि 130 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। पन्ना जिले में शिक्षा की उचित व्यवस्था न होने के कारण बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को पन्ना जिले से बाहर अन्य बड़े शहरों में जाकर शिक्षा ग्रहण करने जाना पड़ता है, पन्ना जिले में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को पन्ना में ही उच्च शिक्षा प्राप्त हो, इसके लिए शीघ्र ही नवीन श्रमोदय आवासीय विद्यालय का निर्माण किया जायेगा। ये बातें श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने भोपाल में भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल की 32वीं बैठक में कहीं।

श्रम मंत्री ने कहा कि निर्माण श्रमिक पंजीयन तथा मण्डल की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाये। उन्होंने कहा कि पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को परिचय पत्र प्रदाय किये जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि मण्डल की विभिन्न योजनाओं में समय-समय पर वांछित संशोधन, संचालन तथा पर्यवेक्षण में परामर्श के लिए कन्सल्टेंट की सेवायें ली जायें। श्री सिंह ने पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए संचालित कौशल प्रशिक्षण योजना 2012 में संशोधन प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने मण्डल द्वारा संचालित औजार/उपकरण योजना में संशोधन का अनुमोदन किया। बैठक में श्रमोदय आवासीय विद्यालयों में मैस संचालन के लिए निविदा प्रक्रिया किये जाने, मण्डल कार्यालय एवं श्रम कार्यालयों में आउटसोर्स पर हाउसकीपिंग, सिक्योरिटी एवं अन्य स्टाफ रखने की स्वीकृति प्रदान की गई।

नये बैच में प्रवेश प्रारंभ
पटवारी
संविदा
PEB
भर्ती परीक्षा 2021
पत्राचार पाठ्यक्रम उपलब्ध
PANKAJ
कौटिल्य एकेडमी
→ भँवरकुंआ चौराहा, इन्दौर
9111019119
0731-4226615
R-45105/2021

सम्पादकीय

स्वदेशी वैक्सीन का निर्माण गर्व का विषय

कोरोना से बचाव के लिये स्वदेशी वैक्सीन का निर्माण और उसका प्रयोग गर्व का विषय है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का ही यह परिणाम है कि देशवासियों को इस 'मेड इन इंडिया वैक्सीन' का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित हमीदिया अस्पताल के कोविड ब्लॉक-1 में कोविड वैक्सीन टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करते हुये कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी 'मैन ऑफ आइडियाज' हैं। उन्होंने समय रहते संकट को पहचान लिया है। कोरोना के नियंत्रण के लिये देश में उनके द्वारा किये गये प्रयास ऐतिहासिक हैं। कोरोना से बचाव के लिये स्वदेशी वैक्सीन के निर्माण से देशव्यापी स्तर पर वैक्सीन लगाने का काम शुरू हुआ। इसके लिये निश्चित ही हमारे वैज्ञानिक विशेष धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने दिन-रात एक कर वैक्सीन के निर्माण का कार्य किया। मैं वैज्ञानिक समुदाय को प्रणाम करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन बलिदानियों का स्मरण स्वाभाविक है। प्रोटोकॉल के तहत नंबर आने पर वे टीका लगवायेंगे, क्योंकि जिन्होंने जनता की जिंदगी बचाने का कार्य किया उन्हें प्राथमिकता से टीका लगना चाहिये। यही न्याय संगत भी है। प्राथमिकता जो देश में तय की गई है उसका पालन होना चाहिये। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 150 स्थानों पर वैक्सीनेशन शुरू किया गया है। प्रथम चरण में कोरोना वॉरियर्स को इसका लाभ मिलेगा। मध्यप्रदेश में भी प्राथमिकता क्रम में निर्धारित श्रेणियों के अनुसार वैक्सीन लगायी जायेंगी। यह वैक्सीन पूरी तरह प्रामाणिक है इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। यह वैक्सीन नागरिकों को कोरोना महामारी से बचाने के लिये प्रभावी सिद्ध होगी। वैक्सीन के लिये आवश्यक प्रोटोकॉल पालन करने के निर्देश दिये गये हैं। टीकाकरण प्रारंभ होने के पश्चात मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील की है कि जब भी टीका लगवाने का क्रम आये, वे टीका लगवायें और दूसरा डोज भी अवश्य लगवायें, इसका ध्यान रखना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी को समाप्त करने का यह अभियान है। फेस मास्क का उपयोग नहीं छोड़ना है। आवश्यक सावधानियां बरतना है। हमने कठिन परिस्थितियां देखी हैं, इस अभियान में जनसहयोग प्राप्त होना चाहिये। कोरोना से प्रभावित लोगों का जब इलाज किया तब संक्रमित व्यक्ति के नाम से ही सभी घबराते थे। अनेक चिकित्सक उपचार सेवायें देते-देते अपना जीवन त्याग कर दुनिया से चले गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकाकरण के लिये प्राथमिकता क्रम निर्धारित किया गया है। प्रथम चरण में कोरोना वॉरियर्स को टीका लगाया जायेगा। जिसमें मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ भी शामिल है। इसमें सरकारी और निजी अस्पतालों के सेवाभावी चिकित्सक भी टीका लगवायेंगे। अगले क्रम में अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को टीका लगेगा। जिनमें राजस्वकर्मी, पुलिसकर्मी और नगरीय निकायों के कर्मचारी शामिल हैं। 50 वर्ष की आयु के अधिक के नागरिकों तथा ऐसे नागरिक जो 50 वर्ष से कम आयु के हैं, परन्तु स्वास्थ्य समस्या से ग्रस्त, उनका टीकाकरण किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीका लगाने के बाद छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न हो सकती है, उस समस्या से निपटने का प्रबंध किया गया है। उन्होंने कहा यह टीका सुरक्षित है। पहला टीका लगने के 28 दिन बाद दूसरा टीका लगेगा। इसके पश्चात 14 दिन में एन्टीबॉडी विकसित होगी। टीका लगने के 30 मिनट पश्चात तक ऑब्जर्वेशन किया जायेगा कि टीका लगवाने वाले व्यक्ति को कोई एईएफआई लक्षण तो नहीं है। ऐसा होने पर उसके लिये समुचित व्यवस्था की गई है।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

नाइट्रोजन चक्र - भूमि पर वायुमंडलीय नाइट्रोजन का स्थरीकरण ड्राइजोट्राफ नामक जीव करते हैं जो नाइट्रोजन स्थिरीकरण को उत्प्रेरित करने वाले एन्जाइम नाइट्रोजिनेस के संश्लेषण के लिये आनुवंशिक कूट रखते हैं। ये जीव मोटे रूप से दो वर्गों में रखे जा सकते हैं- सहजीवी और गैर सहजीवी। सहजीवी ड्राइजोट्राफ शिंबी जैसे पौधों की कुछ प्रजातियों के सहयोग से क्रियाशील होते हैं। वे भूमि पर नाइट्रोजन स्थरीकरण के सर्वाधिक भाग का योगदान करते हैं। शेष योगदान करने वाले गैर सहजीवी एजेंट नीले हरे शैवाल ऑक्सीजन की अपेक्षा रखने वाले वायुजीवी अवाववीय तथा बैक्टीरिया शामिल हैं। जीवन मंडल द्वारा वांछित कुल वार्षिक नाइट्रोजन की मात्रा का अनुमान 105 करोड़ मीट्रिक टन लगाया जाता है। इसमें से ड्राइजोट्राफ 14 करोड़ मीट्रिक टन पूरा करते हैं। तड़ित या अग्नि जैसे गैर जैविक एजेन्ट 4 करोड़ मीट्रिक टन का योगदान करते हैं। शेष 87 करोड़ मीट्रिक टन मृत पौधों और जीवों में संग्रहित नाइट्रोजन से आता है। प्रकृति द्वारा नाइट्रेटो के रूप में पुनः चक्रित होते हैं।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

कुष्ठ उन्मूलन दिवस 30 जनवरी

हमें बीमारी से लड़ना है, बीमार से नहीं

पूरा विश्व लगातार कोरोना महामारी से संघर्ष कर रहा है, इसमें जब पीड़ित लोगों के संग छुआछूत या दुर्व्यवहार की खबरें सामने आने लगीं तो विज्ञापन के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि हमें बीमारी से लड़ना है, बीमार से नहीं। यह छोटी सी बात बहुत गहरी है और यह न केवल कोरोना बल्कि लगभग हर उस बीमारी के मामले में सटीक बैठती है, जिसके बारे में हमारे अंदर अज्ञानता भरी हुई है। ऐसा ही एक रोग है कुष्ठ रोग। हमारे समाज में फैली इस बीमारी से जुड़ी गलत धारणा को दूर करने के लिए ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कुष्ठ रोग के खिलाफ एक पूरी जंग लड़ी और लोगों को बताने का प्रयास किया कि यह भी एक बीमारी है और इसके मरीज के साथ छुआछूत नहीं करना चाहिए। इसलिए बापू की पुण्य तिथि 30 जनवरी को पूरे देश में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

लेप्रेसी डे यानी कुष्ठ रोग को समर्पित दिन। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य यह है कि लोगों के बीच इस बीमारी को लेकर जागरुकता बढ़े और लोग इसके इलाज को महत्व दें न कि इसे कोई श्राप समझें। पूरे विश्व में कुष्ठ रोग के मामलों में कमी आई है, लेकिन इसके बावजूद विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र, ब्राजील, उप सहारा अफ्रीका और प्रशांत में रोगियों की काफी संख्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक हर साल दो लाख मामले सामने आते हैं, जिसमें से लगभग 66 फीसदी मामले अकेले भारत में हैं। अगर इस बीमारी का समय रहते इलाज हो जाता है, तो व्यक्ति पूरी तरह ठीक भी हो सकता है।

संपूर्ण विश्व में जनवरी के अंतिम रविवार को मनाया जाता है

विश्व कुष्ठ उन्मूलन दिवस प्रतिवर्ष जनवरी माह के अंतिम रविवार को पूरी दुनिया में मनाया जाता है। इस दिवस के अवसर पर संसार भर के लोग कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों को सहयोग प्रदान करते हैं तथा कुष्ठ रोग से पीड़ित होने वाले लोगों की सहायता के लिए धन भी इकट्ठा करते हैं। फ्रांस के समाजसेवी राउल फोलेरो ने सबसे पहले 1954 में इसे मनाया और इस दिवस को स्थापित किया था। इसके बाद से यह दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाने लगा। महात्मा गांधी को पूरी दुनिया में कुष्ठ की बीमारी के प्रति लोगों की जागरुकता बढ़ाने और उन लोगों से दूर रहने के बजाय उन्हें अपनाने के लिए भी याद किया जाता है।

कुष्ठ रोग क्या है

लेप्रेसी एक संक्रामक बीमारी है जो हवा के जरिए फैलती है। लेप्रेसी को हैनसेन रोग भी कहा जाता है। यह बीमारी बहुत धीमी रफ्तार से विकसित होने वाले बैक्टीरिया के माध्यम से फैलती है इसलिए पूरी तरह इसके लक्षण सामने आने में कई बार 4 से 5 साल का समय भी लग जाता है। जिस बैक्टीरिया के कारण यह बीमारी फैलती है, उसे माइक्रोबैक्टीरियम लेप्रै कहा जाता है। इसी कारण इस बीमारी का अंग्रेजी में नाम लेप्रेसी रखा गया है। इसे कुष्ठ या कोढ़ भी कहा जाता है। यह एक ऐसी बीमारी है जिस पर आज दुनिया के अधिकतर देश नियंत्रण कर चुके हैं। हमारे देश में भी अब नए मामले कुल जनसंख्या की तुलना में काफी कम हैं। कुष्ठ रोग के पूरी तरह उन्मूलन के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन 1995 से विश्वभर के सभी कुष्ठ रोगियों के लिए मल्टी ड्रग थैरेपी मुफ्त में उपलब्ध करा रहा है। यह रोग नवजात शिशु से लेकर उम्र दराज व्यक्ति तक किसी को भी

हो सकता है। यह रोग मुख्यता त्वचा, पेरिफेरल नर्व्स और श्वसन मार्ग के ऊपरी भाग और आंखों को प्रभावित करता है। इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है और अगर प्रारंभिक चरणों में ही उपचार उपलब्ध करा दिया जाए तो विकलांगता से बचा जा सकता है। यह एक संक्रामक रोग है जो पीड़ित से स्वस्थ लोगों तक पहुंच जाता है। यह एक प्रोग्रेसिव इंफेक्शन है, समय के साथ इसमें कई गंभीर जटिलताएं विकसित हो जाती हैं।

कुष्ठ रोग के लक्षण

- पलक झपकने में दिक्कत होना।
- मांसपेशियों में कमजोरी।
- हाथ और पैर में सुन्नपन।
- त्वचा पर चकत्ते पड़ना।

चकत्तों को छूने पर संवेदना महसूस न होना, ना ही उस स्थान पर तापमान महसूस कर पाना। हाथ-पैर की संवेदना समाप्त हो जाती है। अगर उपचार करने में देरी की जाए तो तंत्रिकाएं क्षतिग्रस्त होने लगती हैं, तेज बुखार, त्वचा, आंखों और जोड़ों की सूजन।

इस बीमारी के कारण

कुष्ठ रोग, बैक्टीरियम माइक्रो-बैक्टीरियम लेप्री के संक्रमण के कारण होता है, यह बैक्टीरिया बहुत धीरे-धीरे मल्टीप्लाय करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, इस रोग का सामान्य इनक्यूबेशन पीरियड (समय का वह अंतराल जब व्यक्ति संक्रमण की चपेट में आता है और जब पहला लक्षण दिखाई देता है) 3-5 वर्ष होता है, कई लोगों में तो 20 वर्ष तक लक्षण नहीं दिखाई देते हैं। इसलिए डॉक्टरों के लिए यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि व्यक्ति कब और कहां इसके संक्रमण की चपेट में आया है।

जांच एवं उपचार के तरीके

लक्षणों को जानने के लिए सबसे पहले फिजिकल एक्जामिनेशन किया जाता है। फिर बायोप्सी की जाती है, इसमें त्वचा के छोटे से भाग या तंत्रिकाओं को निकालकर, उसे प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जाता है। लेप्रेसी का प्रकार जानने के लिए डॉक्टर लेप्रोमिन स्किन टेस्ट भी कर सकता है। इसका सबसे प्राथमिक उपचार ट्रिपल एंटी बायोटिक कोर्स है जिसे मल्टी ड्रग थैरेपी (एमडीटी) कहते हैं, इससे 6-12 महीनों में 98 प्रतिशत मामले ठीक हो जाते हैं। एमडीटी इसलिए दी जाती है, क्योंकि केवल एक एंटी लेप्रेसी ड्रग (मोनोथैरेपी) के प्रति शरीर ड्रग रेजिस्टेंस विकसित कर लेता है। इसके अलावा, उस बैक्टीरिया को मारने के लिए जिसके कारण यह बीमारी होती है कई एंटी बायोटिक्स दी जाती हैं। डॉक्टर एक साथ एक से अधिक एंटी बायोटिक लेने का भी कह सकता है। सूजन को कम करने के लिए एंटी इंफ्लेमेटरी मेडिसिन भी दी जाती है।

बचाव के तरीके

- संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में न रहें।
- त्वचा से संबंधित समस्याओं को गंभीरता से लें।
- अपना इम्यून सिस्टम दुरुस्त रखें।
- संतुलित और पोषक भोजन का सेवन करें।
- 6-8 घंटे की नींद लें।
- शारीरिक रूप से सक्रिय रहें, एक्सरसाइज करें।
- साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।
- अनावश्यक तनाव नहीं लीजिए, क्योंकि इससे इम्यून तंत्र कमजोर होता है।

संक्रमण और छुआछूत के बीच अंतर

वैसे तो आमतौर पर संक्रमण यानी इंफेक्शन और छुआछूत को एक ही तरह के रोग माना जाता है। लेकिन इनमें जो बहुत बारीक अंतर होता है, वो यह है कि संक्रामक रोग श्वांस और हवा के जरिए फैलते हैं। वहीं, छुआछूत की बीमारी एक-दूसरे को छूने और एक-दूसरे की इस्तेमाल की गई चीजों को उपयोग करने से होती है। जबकि कुछ रोग ऐसे होते हैं जो सांस और छुआछूत दोनों से फैलते हैं।

कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिये 'राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम'

- वर्ष 1955 में सरकार ने राष्ट्रीय कुष्ठ रोग नियंत्रण कार्यक्रम शुरू किया। वर्ष 1982 से मल्टी ड्रग थैरेपी की शुरुआत के बाद देश से कुष्ठ रोग के उन्मूलन के उद्देश्य से वर्ष 1983 में इसे राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम (NLEP) के रूप में बदल दिया गया।
- कुष्ठ रोग की शीघ्र जानकारी और उपचार, कुष्ठ रोग उन्मूलन की चाबी है, क्योंकि कुष्ठ रोगियों का जल्दी पता लगाने से संक्रमण के स्त्रोतों में कमी आएगी और रोग का संचारण भी रुकेगा। 'आशा कार्यकर्ता', इस रोग के मामलों का पता लगाने में मदद कर रही हैं और सामुदायिक स्तर पर संपूर्ण उपचार भी सुनिश्चित कर रही हैं; इसके लिए उन्हें प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

राष्ट्रपिता ने दिया संदेश

दक्षिण अफ्रीका से लौटे मोहनदास करमचंद गांधी ने 1917 में चंपारण आंदोलन चलाया। अफ्रीका से लौटे बापू वहां नील की खेती कर रहे किसानों पर हो रहे अंग्रेजों और जमींदारों के अत्याचारों को रोकने के लिए गए हुए थे। इस दौरान यहां मिले कुष्ठ के मरीजों की भी बापू ने सेवा की थी।

परचुरे शास्त्री ने तुड़वाया था बापू का व्रत

1932 में सत्याग्रह करते समय महात्मा गांधी और अन्य नेताओं को गिरफ्तार करके पुणे की यरवदा जेल में बंद कर दिया गया। जेल में गांधी जी ने जेल सुप्रिटेंडेंट भंडारी से परचुरे शास्त्री के बारे में पूछा उन्हें भी गिरफ्तार किया गया था। गांधीजी ने कहा कि पता कीजिए वह कहां हैं क्या मैं उनके साथ रह सकता हूं। हम दोनों चर्चा भी कर लिया करेंगे और एक दूसरे का साथ भी मिल जाएगा। भंडारी ने बापू को जवाब दिया, परचुरे को कुष्ठ रोग है, उन्हें जेल के दूसरे सेक्शन में रखा गया है। गांधी जी ने जेल में बंद परचुरे शास्त्री को पत्र लिखा कि दिल दुखी मत कीजिए हम पत्रों के माध्यम से एक-दूसरे के संपर्क में रहेंगे और अगर आपको किसी चीज की जरूरत हो तो आप मुझे बता सकते हैं। गांधी जी एक बार जेल में जब उपवास पर थे और उनकी स्थिति खराब होते देख सरकार ने समझौता कर लिया तो गांधी जी से पूछा गया कि वह किसके हाथ से जूस पीकर अपना व्रत तोड़ेंगे तो गांधी जी चाहते थे कि यह कार्य उस समय जेल में बंद परचुरे करें। सरकार तैयार हो गई और जेल में बंद परचुरे ने आकर बापू का व्रत तुड़वाया।

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

(फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - अनूपपुर (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर अनूपपुर जिले में **"100 दिवसीय अभियान"** शालाओं, आंगनवाड़ियों में नलजल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने हेतु सामग्री सहित समस्त कार्य एवं रेट्रोफिटिंग नलजल योजना पड़ौर के कार्य हेतु निविदा के (Bill of Quantity) अनुसार निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	निविदा क्रमांक/ दिनांक	ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा सिस्टम ई-टेण्डर नम्बर	विकासखण्ड	ग्राम का नाम	निविदा की लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
1.	100/2020-21, दिनांक 11.01.21	2021_PHED_123373_1	पुष्पराजगढ़	196 स्कूल/आंगनवाड़ी	174.13	174140/-	12500/-	45 दिन वर्षाकाल सहित	केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार
2.	101/2020-21, दिनांक 11.01.21	2021_PHED_123382_1	पुष्पराजगढ़	198 स्कूल/आंगनवाड़ी	171.23	171240/-	12500/-	45 दिन वर्षाकाल सहित	केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार
3.	102/2020-21, दिनांक 11.01.21	2021_PHED_123396_1	पुष्पराजगढ़	198 स्कूल/आंगनवाड़ी	169.67	169670/-	12500/-	45 दिन वर्षाकाल सहित	केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार
4.	103/2020-21, दिनांक 11.01.21	2021_PHED_123398_1	पुष्पराजगढ़	115 स्कूल/आंगनवाड़ी	100.22	100220/-	12500/-	45 दिन वर्षाकाल सहित	केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार
5.	104/2020-21, दिनांक 11.01.21	2021_PHED_123408_1	जैतहरी	208 स्कूल/आंगनवाड़ी	188.42	188420/-	12500/-	45 दिन वर्षाकाल सहित	केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार
6.	105/2020-21, दिनांक 11.01.21	2021_PHED_123415_1	अनूपपुर	पड़ौर	162.10	162100/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित	केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार
7.	106/2020-21, दिनांक 11.01.21	2021_PHED_123657_1	कोतमा	55 स्कूल/आंगनवाड़ी	57.07	57080/-	10000/-	45 दिन वर्षाकाल सहित	केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार
8.	107/2020-21, दिनांक 11.01.21	2021_PHED_120022_1	अनूपपुर	78 स्कूल/आंगनवाड़ी	75.17	75170/-	10000/-	45 दिन वर्षाकाल सहित	केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग (म.प्र.) में पंजीकृत ठेकेदार

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 25.01.2021, 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 25.01.2021, 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 27.01.2021, 11.00 बजे
निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, कैश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेविट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाइन माध्यम से ही क्रय किये जा सकते हैं।
विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर प्रदर्शित है। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर संशोधन समाचार-पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। समस्त संशोधन केवल उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर ही उपलब्ध होंगे।

जी-17753/45051/2021 **कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, अनूपपुर (म.प्र.)**

संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी
छठवीं मंजिल, विन्ध्यांचल भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

दूरभाष क्रमांक - 0755-2578491
Email : dirhort@mp.nic.in, midhhorti@mo.gov.in

क्रमांक/उद्यान/MIDH/PHM/2020-21/502 **भोपाल, दिनांक 15.01.2021**

संशोधित विज्ञप्ति

संचालनालय उद्यानिकी के पत्र क्रमांक/उद्यान/MIDH/PHM/2020-21/9695 भोपाल, दिनांक 23.12.2021 के द्वारा जारी विज्ञप्ति में निम्नानुसार अतिरिक्त प्रावधानों को जोड़कर आवेदन आमंत्रित किये गये थे। 2/ शासन स्तर पर लिये गये निर्णय अनुसार इस विज्ञप्ति के अंतर्गत केवल शीतगृह (कोल्ड स्टोरेज) टाईप-I स्थापना हेतु विकासखण्ड स्तर पर 1000 मी. टन एवं उद्यानिकी क्लस्टर में 500 मी. टन के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। मॉडल विकासखण्डों हेतु आवेदकों को प्राथमिकता दी जावेगी, जिनकी सूची MPFSTS पोर्टल पर उपलब्ध है। 3/ इच्छुक कृषक/उद्यमी को ऑनलाइन आवेदन दिनांक 20.01.2021 तक तथा हार्डकॉपी **25 जनवरी, 2021 तक** आवेदन (परियोजना प्रस्ताव (DPR), बैंक द्वारा बैंक ऋण देने हेतु सहमति-पत्र तथा चार्टर्ड इंजीनियर द्वारा हस्ताक्षरित बेसिक डाटाशीट सहित), समस्त दस्तावेज संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, भोपाल कार्यालय में जमा करना होगा। दिनांक 25.01.2021 के बाद प्राप्त होने प्रस्ताव (DPR) पर कोई विचार नहीं होगा। 4/ पूर्व विज्ञप्ति दिनांक 26.11.2020 एवं दिनांक 23.12.2020 के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करने वाले आवेदकों को पुनः आवेदन की आवश्यकता नहीं है।

जी-17869/45065/2021 **आयुक्त**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, खण्ड मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक 182/तक/का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/मुरैना/2020 **दिनांक : 11.01.2020**

संशोधन क्र. - 2

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की तिथि बढ़ाने बाबत्।

अपरिहार्य कारणों से निम्नलिखित निविदाओं के ऑनलाइन निविदा फॉर्म क्रय करने की तिथियों में संशोधन किया जाता है।

निविदा सिस्टम क्रमांक - 2020_PHED_118873, 2020_PHED_118896, 2020_PHED_118918, 2020_PHED_118928, 2020_PHED_118933

Key Dates

S. No.	Works Department Stage	Bidder's Stage	Date	Time	Envelopes
1.		Purchase of Tender Online	27.01.2021	17.30	
2.		Bid Submission-Online	27.01.2021	17.30	
3.		Submission of (Physical) Online AND DATE	27.01.2021	17.30	Envelope-A Physically may be submited in the office of the Executive Engineer PHE Dn. Morena
4.	Pre Bid Meeting				
5.	Opening of Mandatory Envelope - A		29.01.2021	11.00	Envelope - A
6.	Opening of Technical Proposal Envelope - B				Envelope - B
7.	Opening of Financial Bid Envelope - C		29.01.2021	11.00	Envelope - C

Original term deposit receipt of earnest money deposit. demand draft For the cost of bid document and affidavit shall be submitted by the bidder so as to reach the office as prescribed in Bid Date Sheet, at least one calendar day before specified start time and date in key dates for opening of technical proposal as per Key dates in Bid Data Sheet.
ई-निविदाएं ऑनलाइन डाउनलोड/सेल स्टार्ट तिथि - 17.12.2020
ई-निविदाएं ऑनलाइन डाउनलोड/सेल **इंड तिथि - 27.01.2021**
ई-निविदाएं ऑनलाइन विड सबमिशन स्टार्ट तिथि - 17.12.2020
ई-निविदाएं ऑनलाइन विड सबमिशन इंड तिथि - 27.01.2021

जी-17791/45059/2021 **कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, खण्ड मुरैना**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग कटनी (म.प्र.)

E-mail : eepwdkatni@mp.nic.in, Phone : 07622-224277

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 09/ब.ले.लि./2020-21/ **कटनी, दिनांक : 13.01.2021**

मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्थापन के अंतर्गत ठेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनांक 01.08.2014 एवं समस्त संशोधन सहित (भवन) एवं दिनांक 29.08.2017 (सड़क) कार्य हेतु निविदायें ऑनलाइन Appendix 2.10 निविदा में आमंत्रित की जाती है विड सेल ऑनलाइन **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदायें संबंधित कार्यालय में टेण्डर टाइम शेड्यूल के अनुसार खोली जावेंगी।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. सलैया, सिहुडी, बरतरी, पाकर, मसंधा, कूड़ा, इमलिया मार्ग में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य, लम्बाई 11.0 कि.मी.।

टेण्डर आई.डी. क्रमांक	जिला	एस.ओ. आर.	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	अनु. लागत राशि (रु. लाख में)	कार्य की अमानत राशि 2 प्रतिशत	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की संभावित तिथि
2020_PWDRB_123242_1	कटनी	29.08.17	सड़क कार्य	द्वितीय	82.63	0.82630	10000/-	03 माह वर्षाऋतु रहित
2. पिपरौंध, निवार, देवरी, हटाई, बड़वारा, विजयराघवगढ़, कैमोर मार्ग में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य, लम्बाई 7.90 कि.मी.।								
2020_PWDRB_123247_1	कटनी	29.08.17	सड़क कार्य	द्वितीय	83.81	0.83810	10000/-	03 माह वर्षाऋतु रहित
3. स्लीमनाबाद, सरसवाही, सैलारपुर, पौनिया मार्ग लम्बाई 3.55 कि.मी. एवं सैलारपुर, नवलिया, अमगवां, बड़ागांव मार्ग लम्बाई 6.00 कि.मी. में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य।								
2020_PWDRB_123249_1	कटनी	29.08.17	सड़क कार्य	द्वितीय	81.41	0.81410	10000/-	03 माह वर्षाऋतु रहित
4. बड़गांव, करहिया, गोदाना, मोहास, लालपुर, पाली मार्ग लम्बाई 4.40 कि.मी. एवं बड़गांव पहुंच मार्ग लम्बाई 2.10 कि.मी. देवगांव सुगमा मार्ग लंबाई 2.70 कि.मी. में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य।								
2020_PWDRB_123250_1	कटनी	29.08.17	सड़क कार्य	द्वितीय	78.48	0.78480	10000/-	04 माह वर्षाऋतु रहित
5. टिकुरी, बड़खेरा पहाड़ी मार्ग लम्बाई 6.20 कि.मी. एवं विश्राम भवन पहुंच मार्ग लम्बाई 0.40 कि.मी. में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य।								
2020_PWDRB_123251_1	कटनी	29.08.17	सड़क कार्य	द्वितीय	51.89	0.51890	10000/-	03 माह वर्षाऋतु रहित
6. बंजारी, खजुरा, मुड़ेहा मार्ग में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य, लंबाई 3.0 कि.मी.।								
2020_PWDRB_123252_1	कटनी	29.08.17	सड़क कार्य	द्वितीय	21.34	0.42680	5000/-	02 माह वर्षाऋतु रहित
			योग		**399.56**			

निविदा की कुल अनुमानित राशि रुपये 399.56 लाख (तीन करोड़ निन्यानवें लाख छप्पन हजार मात्र)।

उपरोक्त वेबसाइट में ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाइन विड सबमिशन की **अंतिम तिथि 29.01.2021 सायं 17.30 बजे तक** निर्धारित है। ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाइन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-17756/45052/2021 **लोक निर्माण विभाग (भ./स.), सभांग कटनी**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल

निविदा सूचना 18 वर्ष 2020-21 **भोपाल, दिनांक : 11.01.2021**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. पश्चिम उपसंभाग के पुराना सचिवालय अनुभाग के अंतर्गत प्रशासनिक भवनों में अनुरक्षण कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)
2020_PWDRB_123298_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	28.50

क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. जेल उपसंभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत, वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण कार्य।

2020_PWDRB_123299_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	25.00

क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. जेल उपसंभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों में जल अवरोध का कार्य।

2020_PWDRB_123300_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	25.00

क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. जेल उपसंभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत पुलियों की मरम्मत का कार्य।

2020_PWDRB_123301_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	17.83

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय एवं जमा करने की **अंतिम तिथि 30.01.2021 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-17788/45057/2021 **लो.नि.वि. संधारण, संभाग क्रमांक 2, भोपाल**

कार्यालय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें, भोपाल, संभाग भोपाल

प्रेस विज्ञप्ति

पद का नाम - संविदा कोल्डचैन टेक्नीशियन (Refrigerator Machanic)

क्र.	संस्था का नाम	पद	अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव	मासिक मानदेय
1.	कार्यालय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें भोपाल, संभाग भोपाल	01	1. हायर सेकेण्डरी विज्ञान से उत्तीर्ण के साथ 2. आई.टी.आई. से दो वर्षीय प्रशीतन एवं वातानुकूलन (रेफ्रीजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग) का प्रमाण-पत्र। **अथवा** प्रशीतन एवं वातानुकूलन एवं एयर कंडीशनिंग में डिप्लोमा। 3. संबंधित क्षेत्र में 03 वर्ष का कार्यानुभव।	संविदा प्रतिमाह मासिक मानदेय 15000/-

1. प्रेस विज्ञप्ति जारी होने के **15 दिवस की समय सीमा में** ऑफ लाइन आवेदन **क्षेत्रीय कार्यालय स्वास्थ्य सेवायें, भोपाल संभाग, किलोल पार्क, भोपाल** में जमा करें। 2. क्षेत्रीय संचालक की अध्यक्षता में चयन प्रक्रिया साक्षात्कार/मेरिट सूची/परीक्षा के माध्यम से की जावेगी। 3. सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक/सी/3-8/2016/1/3, भोपाल दिनांक 04 जुलाई, 2019 के अनुसार सामान्य वर्ग हेतु आयु सीमा 18 से 40 एवं अनु. जा./अनु. ज.जा./अ.पि.व./शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिक/निःशक्तजन/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित) हेतु आयु सीमा 18 से 45 वर्ष (अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट) के संबंध में दिशा-निर्देशों का पालन किया जावेगा। 4. आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए।

क्षेत्रीय संचालक
स्वास्थ्य सेवायें, भोपाल, संभाग भोपाल

संविदा कोल्डचैन टेक्नीशियन (Refrigerator Machanic) पद हेतु
आवेदन-पत्र का प्रारूप

आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो

प्रति,
क्षेत्रीय संचालक
स्वास्थ्य सेवायें, भोपाल
संभाग, भोपाल

विषय - संविदा कोल्डचैन टेक्निशियन (Refrigerator Machanic) पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र।

- आवेदक का पूरा नाम.....
- पिता/पति का नाम.....
- वर्तमान पता.....
- स्थाई पता.....
- जन्मतिथि.....उम्र (01.01.2021).....
- क्या उम्मीदवार आरक्षित वर्ग का है, यदि हां तो जाति प्रमाण-पत्र संलग्न करें.....
- **शैक्षणिक योग्यता** :- (प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)।

क्र.	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	विद्यालय/महाविद्यालय का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	विषय	बोर्ड/ यूनिवर्सिटी	प्रतिशत/ ग्रेड

- अनुभव (प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)।

क्र.	अनुभव संबंधी डिग्री/डिप्लोमा का नाम	अनुभव संबंधी संस्था का नाम	अनुभव की अवधि वर्ष में

- आई.टी.आई. से दो वर्षीय प्रशीतन एवं वातानुकूलन (रेफ्रीजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग) का प्रमाण-पत्र अथवा डिप्लोमा (प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)।

क्र.	डिग्री/डिप्लोमा का नाम	विश्वविद्यालय/संस्था का नाम	डिग्री/डिप्लोमा का वर्ष	विषयों का नाम	प्रतिशत

- म.प्र. का मूल निवासी प्रमाण-पत्र की छायाप्रति संलग्न करें.....
- रोज़गार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन क्र. .....

स्थान.....
दिनांक..... **आवेदक के हस्ताक्षर**

घोषणा-पत्र

मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूं कि आवेदन-पत्र में दी गई सभी जानकारी मेरी जानकारी एवं विवेक से पूर्णतः सत्य है, जानकारी असत्य या गलत पाई जाने पर मेरा आवेदन-पत्र निरस्त कर दिया जावे।

आवेदक के हस्ताक्षर

जी-17807/45067/2021

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ./स.), संभाग मण्डला (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 14/2020-21 **मण्डला, दिनांक : 13.01.2021**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

ग्रुप क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. डोंगरगाँव-सुडगाँव-सालीवाड़ा मार्ग (लं. - 5.00 कि.मी.) का निर्माण कार्य।

टेण्डर आई.डी. क्र.	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)
2021_PWDRB_123784_pack1	मण्डला	निर्माण कार्य	द्वितीय	334.75

ग्रुप क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. विछिया-समनापुर-डिंडौरी मार्ग के कि.मी. 9 से 13, 17, 23 व 24 (कुल लं. - 8.00 कि.मी.) का बी.टी. रिन्युवल कार्य।

2021_PWDRB_123785_pack1	मण्डला	बी.टी. रिन्युवल	प्रथम	110.57

ग्रुप क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. धनवाही-मनेरी-जमठार मार्ग के कि.मी. 20, 21 व 22/2-4 (लं. - 2.40 कि.मी.) एवं नारायणगंज-देवरी-मुकास मार्ग के कि.मी. 1, 2, 3, 8, 14 व 15 (लं. - 6.00 कि.मी.) - कुल लंबाई 8.40 कि.मी. का बी.टी. रिन्युवल कार्य।

2021_PWDRB_123786_pack1	मण्डला	बी.टी. रिन्युवल	प्रथम	102.87

ग्रुप क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. कालपी-छिंदगांव-पिपरिया मार्ग के कि.मी. 11, 12, 13/2-4, 14/2-4-6, 18, 25, 26, 27 व 28 का सरफेस रेक्टिफिकेशन सहित (लं. - 8.00 कि.मी.) एवं मोहगांव-बसगढ़ी मार्ग के कि.मी. 3/8 से 9/10 (लं. - 5.97 कि.मी.) कुल लंबाई 13.97 कि.मी. का बी.टी. रिन्युवल कार्य।

2021_PWDRB_123788_pack1	मण्डला	बी.टी. रिन्युवल	प्रथम	114.4

ग्रुप क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. नैनपुर-सर्रा मार्ग के कि.मी. 11/4 से 19-4 (कुल लं. - 8.20 कि.मी.) का बी.टी. रिन्युवल कार्य।

2021_PWDRB_123790_pack1	मण्डला	बी.टी. रिन्युवल	प्रथम	85.43

ग्रुप क्र. एवं कार्य का नाम :- 6. खमरिया-रामनगर मार्ग (लं. - 3.50 कि.मी.) कटरा-सेमरखापा-जंतीपुर मार्ग के कि.मी. 8/10, 9, 10 व 11/2 (लं. - 2.35 कि.मी.), सुडगांव एप्रोच मार्ग का सरफेस रेक्टिफिकेशन सहित (लं. - 4.00 कि.मी.), खैरीमाल एप्रोच मार्ग का सरफेस रेक्टिफिकेशन सहित (लं. - 2.00 कि.मी.) एवं जंतीपुर एप्रोच मार्ग (लं. - 2.00 कि.मी.) - कुल लंबाई 13.85 कि.मी. का बी.टी. रिन्युवल कार्य।

2021_PWDRB_123791_pack1	मण्डला	बी.टी. रिन्युवल	प्रथम	106.44

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 03.02.2021, (17.30) बजे तक** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। सभी दस्तावेज ऑनलाइन ही स्वीकार किये जावेंगे। अलग से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में प्राप्त नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-17782/45055/2021 **लो.नि.वि. (भ./स.), संभाग मण्डला**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मन्दसौर

दूरभाष क्रमांक - 07422-256284, फैक्स - 07422-255215
महू नीमच रोड, शासकीय महाविद्यालय के पास मन्दसौर, E-mail -: eephedmas@mp.nic.in

NIT No. 33/2020-21

क्रमांक 152/ब.ले.लि./का.यं./2021 **मन्दसौर, दिनांक : 13.01.2021**

निम्नलिखित कार्य की निविदा आमंत्रण सूचना वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर प्रदर्शित की गई है। टेंडर का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

कार्य का नाम :- Providing Piped Water Supply Through Tap under Jal Jeevan Mission at Government Institution (40 Nos. School/40 Nos. Anganwadi campus) in Various Village in Block-Sitamau (Group 1st), District-Mandsaur (M.P.) including cost of all material and labour with testing commissioning thereafter 15 Days of Successful Trial Run of entire scheme As per BOQ.

टेंडर आई.डी. क्र.	अनुमानित लागत (रुपयों में)	1. अर्नेस्ट मनी (रुपये में) 2. आमंत्रण क्र.	समयावधि (वर्षाकाल सहित)	निविदा क्रय की अंतिम तिथि
2021_PHED_123713_1	8986536/-	1) 89865/- 2) प्रथम आमंत्रण	60 दिवस	**28.01.2021** 17.30 तक

कार्य का नाम :- Providing Piped Water Supply Through Tap under Jal Jeevan Mission at Government Institution (40 Nos. School/Anganwadi campus) in Various Village in Block-Sitamau (Group 2nd), District-Mandsaur (M.P.) including cost of all material and labour with testing commissioning thereafter 15 Days of Successful Trial Run of entire scheme.

2021_PHED_123716_1	8986536/-	1) 89865/- 2) प्रथम आमंत्रण	60 दिवस	28.01.2021 17.30 तक

कार्य का नाम :- Providing Piped Water Supply Through Tap under Jal Jeevan Mission at Government Institution (40 Nos. School/Anganwadi campus) in Various Village in Block-Malhargarh, District-Mandsaur (M.P.) including cost of all material and labour with testing commissioning thereafter 15 Days of Successful Trial Run of entire scheme.

2021_PHED_123708_1	8986536/-	1) 89865/- 2) प्रथम आमंत्रण	60 दिवस	28.01.2021 17.30 तक

कार्य का नाम :- Providing Piped Water Supply Through Tap under Jal Jeevan Mission at Government Institution (40 Nos. School/Nos. Anganwadi campus) in Various Village in Block-Garoth, District-Mandsaur (M.P.) including cost of all material and labour with testing commissioning thereafter 15 Days of Successful Trial Run of entire scheme.

2021_PHED_123722_1	8986536/-	1) 89865/- 2) प्रथम आमंत्रण	60 दिवस	28.01.2021 17.30 तक

कार्य का नाम :- Providing Piped Water Supply Through Tap under Jal Jeevan Mission at Government Institution (40 Nos. School/Nos. Anganwadi campus) in Various Village in Block-Bhanpura, District-Mandsaur (M.P.) including cost of all material and labour with testing commissioning thereafter 15 Days of Successful Trial Run of entire scheme.

2021_PHED_123725_1	8986536/-	1) 89865/- 2) प्रथम आमंत्रण	60 दिवस	28.01.2021 17.30 तक

उक्त कार्य की निविदा क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग एकाउन्ट के माध्यम से भुगतान करने पर ऑनलाइन उक्त वेबसाइट पर क्रय की जा सकती है। निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन वेबसाइट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-17784/45054/2021 **लोक स्वा.यां. खंड, मंदसौर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड देवास (म.प्र.)

सिविल लाईन, मेडकी रोड, देवास, दूरभाष : (07272) 251573, ई-मेल : eepheddew@yahoo.com
क्रमांक/101/लेखा/निविदा/कायं./खण्ड/2021 देवास, दिनांक 14.01.2021

निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय)

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर देवास जिले के विकासखण्ड टोंकखुर्द के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन रेट्रोफिटिंग अंतर्गत आर.सी.सी. टंकी निर्माण, आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण, पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन तथा योजना का संचालन/संधारण कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	ग्रामों की संख्या	निविदा की कुल लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
145/2020-21 दिनांक 14.01.2021 (द्वितीय आमंत्रण)	2020_PHED_123874_1	टोंकखुर्द	7	469.11	469107/-	15000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की **अंतिम तिथि 28.01.2021, 17.30 बजे तक**
ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28.01.2021, 17.30 बजे तक
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि 30.01.2021, 14.30 बजे
निविदा का विस्तृत विवरण उक्त वेवसाइट पर उपलब्ध है। यदि निविदा में कोई संशोधन होता है तो वेबसाइट पर देखा जा सकता है, उसका पृथक से प्रकाशन नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-17816/45060/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, देवास

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, झाबुआ

Ph. No. (07392) 244306, E-mail-eephedjha@nic.in
निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 54/प्रोक्योरमेन्ट सेल/20-21 झाबुआ, दिनांक : 14.01.2021
समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के अंतर्गत इस वर्ष विदिशा छोड़कर प्रदेश के सभी जिलों में गत वर्ष की तुलना में कहीं अधिक खरीदी हुई है। सर्वाधिक खरीदी वाले जिलों में होशंगाबाद, रायसेन तथा सीहोर शामिल हैं, जिनमें गत वर्ष की तुलना में क्रमशः 217 प्रतिशत, 310 प्रतिशत तथा 321 प्रतिशत खरीदी हुई है। वर्ष 2019-20 में प्रदेश में कुल 25 लाख 85 हजार मीट्रिक टन तथा वर्ष 2018-19 में प्रदेश में कुल 21 लाख 96 हज़ार मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी।

2 लाख 24 हजार मीट्रिक टन ज्वार एवं बाजरे की खरीदी

समर्थन मूल्य पर इस वर्ष कुल 2 लाख 24 हज़ार 919 मीट्रिक टन ज्वार एवं बाजरे की खरीदी की गई है। कुल 6 हजार 491 किसानों ने समर्थन मूल्य पर ज्वार तथा 35 हजार 926 किसानों ने समर्थन मूल्य पर बाजरा विक्रय किया है। इनकी कुल 497 करोड़ रुपये खरीदी राशि है, जिसके विरुद्ध किसानों को 496 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

उपार्जन के दौरान मिलिंग प्रारंभ कराई गई

इस बार सरकार ने पहली बार धान के उपार्जन के दौरान मिलिंग करने की नीति बनाई। उपार्जन के दौरान मिलर्स द्वारा 60 हजार 597 मीट्रिक टन धान का उठाव किया गया। मिलर्स द्वारा सर्वाधिक उठाव जबलपुर जिले में 37 हजार 800 मीट्रिक टन किया गया। बरसात से पूर्व खरीदी गई संपूर्ण धान की मिलिंग कराए जाने के निर्देश दिए गए।

25 जनवरी से 20 फरवरी तक होगा रबी के लिए किसानों का पंजीयन

इस वर्ष रबी में समर्थन मूल्य खरीदी के लिए पंजीयन का कार्य 25 जनवरी से 20 फरवरी तक किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश में कुल 4529 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं, जबकि गत वर्ष 2991 पंजीयन केंद्र बनाए गए थे।

युवाओं को उनके कौशल के अनुसार मिले रोज़गार

भोपाल, जनजाति कल्याण एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह ने उमरिया में आयोजित रोज़गार मेले को संबोधित करते हुये कहा कि प्रदेश में रोज़गार मेले के माध्यम से युवाओं को उनके कौशल एवं योग्यता के अनुसार रोज़गार उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिये प्रदेशभर में नियमित रूप से रोज़गार मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री ने कहा कि उमरिया जिले के युवाओं को रोज़गार देने के लिये अधिक से अधिक प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं को रोज़गार मेले के माध्यम से रोज़गार मिला है, उनकी मॉनीटरिंग भी की जायेगी। कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि उमरिया में जिला स्तरीय रोज़गार मेले में 20 कम्पनियों ने भाग लिया है। रोज़गार मेले में 1200 युवाओं ने पंजीयन कराया है। उन्होंने बताया कि जिले में आगे लगने वाले रोज़गार मेलों में कम्पनियों की संख्या बढ़ाने के प्रयास किये जायेंगे।

एक भारत श्रेष्ठ भारत

सरदार पटेल का विजन और भारतीय रेल का मिशन हो रहा है साकार

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के लिये रेल सुविधा का शुभारंभ करते हुये।

नई दिल्ली, भारत का एकीकरण करने वाले तथा भारत को 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का मंत्र देने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल के विजन को आज केवड़िया साकार कर रहा है। यह 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की सुंदर तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है। रेलवे के इतिहास में यह संभवतः पहली बार हो रहा है जब देश के अलग-अलग कोनों से इतनी ट्रेनें एक साथ एक स्थान के लिए प्रारंभ की जा रही हैं। यह भारत को एक करती भारतीय रेल के मिशन को भी मूर्त रूप दे रहा है। देश की एकता अखण्डता का नया अध्याय लिखा गया है। केवड़िया में नित्य लघु भारत दिखाई देगा। ये बातें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डभोई-चांदोद आमान परिवर्तित ब्रॉड गेज रेल लाइन, चांदोद-केवड़िया नई ब्रॉड गेज रेल लाइन, प्रतापनगर-केवड़िया नवविद्युतीकृत रेल खंड तथा डभोई जंक्शन, चांदोद तथा केवड़िया के नये स्टेशन भवनों का शुभारंभ करते हुये कहीं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी तथा मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने हरी झंडी (वर्चुअली) दिखाकर वाराणसी जंक्शन-केवड़िया एक्सप्रेस, दादर-केवड़िया एक्सप्रेस, अहमदाबाद-केवड़िया जनशताब्दी एक्सप्रेस, हजरत निजामुद्दीन-केवड़िया एक्सप्रेस, रीवा-केवड़िया एक्सप्रेस, चेन्नई-केवड़िया एक्सप्रेस, प्रतापनगर-केवड़िया मेमू तथा केवड़िया-प्रतापनगर मेमू ट्रनों को रवाना किया।

विश्व का बड़ा टूरिस्ट डेस्टीनेशन बन गया है केवड़िया

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल की विश्व की सबसे ऊंची 'स्टेच्यू ऑफ यूनिटी' प्रतिमा स्थापित किए जाने के बाद केवड़िया विश्व का बड़ा टूरिस्ट डेस्टीनेशन बन गया है। यहां इकोनॉमी (अर्थव्यवस्था) तथा इकोलॉजी (पारिस्थितिकी) दोनों का तेज गति से विकास हुआ है। यहां पर जूलॉजीकल पार्क, जंगल सफारी, आरोग्य वन, पोषण पार्क, ग्लो गार्डन, कैक्टस गार्डन, बटर फ्लाई पार्क स्थापित किए गए हैं। साथ ही एकता क्रूज, रॉफ्टिंग भी शुरू किए गए हैं।

नई निर्माण तकनीक से रिकॉर्ड समय में किया है रेलवे ने कार्य

श्री मोदी ने कहा कि यहां पर रेलवे द्वारा ट्रेक के चौड़ीकरण, विद्युतीकरण, अधिक गति की ट्रेनों का संचालन आदि कार्य नई निर्माण तकनीकी से रिकॉर्ड समय में पूरे किए गए हैं। हम अब सेमी हाइब्रिड ट्रेनें चला रहे हैं तथा हाई स्पीड तकनीकी की ओर बढ़ रहे हैं। साथ ही यह सब पर्यावरण अनुकूल है। केवड़िया में ग्रीन बिल्डिंग रेलवे स्टेशन का निर्माण किया गया है। बड़ोदरा में डीम्ड रेलवे यूनिवर्सिटी प्रारंभ किया जाना भी रेलवे की उपलब्धि है।

पर्यटन, व्यापार, रोज़गार तथा औद्योगिक विकास को गति मिलेगी

रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कहा कि केवड़िया में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी को रेल कनेक्विटी प्रदान करने की इस महत्वाकांक्षी रेल परियोजना के निर्माण से पर्यटन, स्थानीय व्यापार, रोज़गार तथा आसपास के इलाकों के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को जोड़ा तथा भारतीय रेल उनकी प्रतिमा को पूरे देश से जोड़ रही है।

केवड़िया केवल पर्यटन स्थल नहीं अपितु प्रेरणा स्थल

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने परियोजना के संबंध में कहा कि केवड़िया में भारत को एक करने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की विश्व प्रसिद्ध प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ यूनिटी स्थापित की गई है। यहां लाखों श्रद्धालु एवं पर्यटक आते हैं। यह केवल पर्यटन स्थल ही नहीं, बल्कि प्रेरणा स्थल बन गया है, जो कि हमें देश की एकता एवं अखण्डता की प्रेरणा दे रहा है। यहां के लिए प्रदेश के रीवा से डायरेक्ट रेल कन्विवटी से प्रदेशवासियों, विशेष रूप से विंध्य क्षेत्र के लोगों को केवड़िया जाने में विशेष सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री ने की केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात

राष्ट्रीय आपदा राहत निधि की राशि शीघ्र जारी की जाये

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात कर प्रदेश में नक्सली गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु राजनीतिक विषयों पर चर्चा के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किये जाने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि मध्यप्रदेश में बालाघाट और मण्डला नक्सल प्रभावित जिले हैं, जहां पर समय-समय पर नक्सली गतिविधि की असूचनाएं प्राप्त होती रहती हैं। अब नक्सली बालाघाट से आगे बढ़कर अमरकंटक क्षेत्र में भी अपनी गतिविधियों के विस्तार की योजना बना रहे हैं।

श्री चौहान ने बताया कि राज्य सरकार ने नक्सली क्षेत्र में हाक फोर्स की एक बटालियन, दो आईआर बटालियन तथा एक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की बटालियन तैनात की हैं। असूचना एकत्रित करने के लिए एक विशेष शाखा भी बनाई गई है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र के ट्राई जंक्शन क्षेत्र में संयुक्त कैम्प के द्वारा नक्सली गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा रहा है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश में बाढ़ के अतिरिक्त आये कीट व्याधि के

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

संकट के कारण फसलों में हुए नुकसान को देखते हुए 1906 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय आपदा राहत निधि (एनडीआरएफ) से सहायता का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में केंद्र सरकार को पूर्व में राज्य सरकार द्वारा ज्ञापन भी दिया जा चुका है। ज्ञात हो कि प्रदेश के 40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फसलें पूरी तरह नष्ट हो गयी थीं और मकान आदि अचल सम्पत्ति को भी बड़ी मात्रा में नुकसान हुआ था। इसके लिए राज्य सरकार ने 3646.41 करोड़ रुपये की आवश्यकता का अनुरोध किया था।

केंद्र सरकार से अभी तक राष्ट्रीय आपदा राहत निधि के अंतर्गत 611 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान हुई है। मुख्यमंत्री ने इसका धन्यवाद देते हुए शेष 1906 करोड़ रुपये की सहायता राशि शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया।

प्रदेश के स्कूलों की छतों पर लगेंगे सोलर रूफटॉप

भोपाल, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने मध्यप्रदेश के स्कूलों की छतों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने के निर्देश दिये हैं। प्रथम चरण में कुछ स्कूलों को चिन्हित कर सोलर पैनल लगाये जायेंगे।

श्री डंग ने एक गांव का चयन कर सोलर ऊर्जा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाते हुए मॉडल गांव के रूप में स्थापित करने के भी निर्देश दिये। इनकी सफलता के बाद पूरे प्रदेश में योजना का प्रसार किया जायेगा। श्री डंग ने कहा कि सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है। यह पारम्परिक ऊर्जा बचाने के साथ सस्ती भी पड़ती है और दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को भी लाभ मिलता है।

श्री डंग ने कहा कि प्रदेश के निर्माणाधीन सौर ऊर्जा पार्क निर्धारित समय-सीमा में पूरा करें। उन्होंने 1500 मेगावॉट के आगर-शाजापुर-नीमच सोलर पार्क दिसम्बर-2022, 600 मेगावॉट का ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पार्क जुलाई-2023, 950 मेगावॉट का छतरपुर सोलर पार्क जुलाई-2023, 1400 मेगावॉट का मुरैना सोलर पार्क अक्टूबर-2023 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। श्री डंग ने प्रदेश में 45 हजार सोलर पम्प की स्थापना भी जुलाई-2023 के पूर्व पूर्ण करने को कहा।

श्री डंग ने कहा कि प्रदेश में सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में पिछले एक दशक में दस गुना प्रगति हुई है। प्रदेश में 2380 मेगावॉट की 126 सौर ऊर्जा, 2444 मेगावॉट की 71 पवन ऊर्जा, 119 मेगावॉट की 34 बॉयोमास ऊर्जा, 99 मेगावॉट की 13 लघु जल विद्युत योजनाएं हैं। श्री डंग ने सोलर और पवन ऊर्जा के एक्शन प्लान, कुसुम योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अभियान, सोलर रूफटॉप कार्यक्रम, निर्माणाधीन परियोजनाएं, लघु जल एवं बॉयोमास ऊर्जा आदि की समीक्षा की।

निर्माण श्रमिकों के पंजीयन का अभियान 31 मार्च तक

भोपाल, मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण के अन्तर्गत भवन एवं अन्य संनिर्माण कार्यों में सलंग्न असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीयन का कार्य 31 मार्च 2021 तक जारी रहेगा। श्रम विभाग द्वारा इस आशय के निर्देश सभी संभागायुक्त एवं जिला कलेक्टर्स को जारी किये गये हैं। निर्माण श्रमिकों के पंजीयन के लिये 2 अक्टूबर 2020 से तीन माह का विशेष पंजीयन अभियान चलाया गया था। अभियान की अवधि 31 मार्च 2021 तक बढ़ाई गई है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

विभागों के श्रेष्ठ कार्यों और नवाचारों की जानकारी सामने आए - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, अनेक विभाग जन-कल्याण से जुड़े श्रेष्ठ कार्य कर रहे हैं। अनेक नवाचार अपनाए गए हैं। इनकी जानकारी आमजन तक पहुंचे इसके लिए मंत्रीगण नेतृत्व करते हुए ऐसी गतिविधियों से अवगत करवायें। अच्छे कामों का विवरण प्राप्त कर अन्य विभाग और व्यक्ति भी इस दिशा में प्रेरित होते हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में मंत्रिपरिषद सदस्यों को संबोधित करते हुये कहीं।

आयडिया सुझाएं मंत्रीगण

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम नीति निर्माता हैं। मंत्रीगण अपने विभाग से संबंधित एक विशेष नवाचार या कार्य का आयडिया भी प्रस्तुत करें। मंत्रियों को विभाग के साथ ही शासन की महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी भी रहे, तो श्रेयस्कर होगा। अन्य विभागों के कार्यों से भी मंत्री अवगत रहें। मंत्रियों द्वारा प्रस्तुत आयडिया के संबंध में विचार-विमर्श कर निर्णय भी लिया जाएगा। क्रमानुसार सभी विभागों के प्रस्तुतिकरण होंगे।

गेहूं के बाद व्यवस्थित धान खरीदी की उपलब्धि

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में रिकॉर्ड तोड़ गेहूं खरीदी हुई थी। मध्यप्रदेश, देश में सर्वाधिक उपार्जन वाला राज्य बना। इसी तरह धान की खरीदी भी ऐतिहासिक रही। मध्यप्रदेश का किसान संतुष्ट है। किसानों को समय पर राशि का भुगतान हुआ। प्रदेश में धान के उपार्जन का कार्य व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। मंत्रीगण भी बधाई के पात्र हैं। सभी के सहयोग से यह उपलब्धि मिली है।

कुचलना है माफियाओं को

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शराब माफियाओं को पूरी तरह कुचलना है। मुरैना में जहरीली शराब के सेवन से हुई मौतें दुःख और दुर्भाग्य का विषय हैं। शासन ने शराब माफियाओं के विरुद्ध अभियान शुरू किया है, जो जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर तरह के माफियाओं को पूरी तरह समाप्त करके ही हम चैन की सांस लेंगे। समय-समय पर कमिश्नर्स और आईजी स्तर के अधिकारियों से संवाद कर प्रदेश में विभिन्न तरह के माफिया और मिलावटियों के विरुद्ध अभियान की प्रगति की जानकारी ली जा रही है।

तबादले होंगे, लेकिन युक्तिसंगत

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानांतरण नीति पर विचार करेंगे। नीति ऐसी होगी, जो युक्तिसंगत रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1 से 30 अप्रैल तक स्थानांतरण से प्रतिबंध हटाया जाएगा। मानवीय और प्रशासनिक आधार पर एक पारदर्शी व्यवस्था लागू करने का प्रयास होगा। इसके बाद वर्ष भर स्थानांतरण नहीं होगा। इसके लिए प्रत्येक विभाग समीक्षा कर आवश्यक तैयारी कर ले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्री विभाग की योजनाओं के वर्तमान स्वरूप, औचित्य और आवश्यक संशोधन के संबंध में अध्ययन कर लें। आगामी बजट के संदर्भ में भी मंत्री और प्रत्येक विभाग अपनी योजनाओं की समीक्षा कर लें।

नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण

सिंचाई परियोजनायें गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करें - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश सरकार किसानों की हितैषी सरकार है। कृषि की उन्नति के लिये सिंचाई सुविधा का विस्तार आवश्यक है। सिंचित कृषि से किसान की आय बढ़ती है। अतः सिंचाई के लिए निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय-सीमा में गुणवत्ता में किसी भी तरह का समझौता किये बिना पूरा किया जाये। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकारण के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई सुविधा के विस्तार की परियोजनाओं को पूरा करने में वित्तीय संसाधनों की कमी नहीं होने दी जाएगी। केंद्र सरकार से प्राप्त होने वाली वित्तीय मदद समय पर प्राप्त की जाये। उन्होंने कहा कि वे स्वयं निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे। बैठक में बताया गया कि सिंचाई परियोजना के विभिन्न चरणों के पूर्ण होने पर 19.82 एमएएफ नर्मदा जल का उपयोग करते हुये 39.41 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी।

पांच परियोजनाओं के कार्य पूर्ण

सिंचाई परियोजनाओं के कार्य प्राथमिकता से पूरे किये जा रहे हैं। वर्ष 2020 में पांच परियोजनाओं उज्जैन-देवास-उज्जैन पाइप लाइन, नर्मदा-मालवा गंभीर लिंक, हरसूद, अपर वेदा दायीं तट नहर और ओंकारेश्वर नहर चरण-4 का कार्य पूरा किया गया है। बैठक में बताया गया कि 22081 करोड़ रुपये लागत की 10 नवीन परियोजनाओं के लिये निविदा आमंत्रण के लिये कार्रवाई प्रचलन में है। प्रथम चरण में चिंकी-बोरास परियोजना तथा सांवेर परियोजना की निविदा लगाने के लिये अनुमति जारी हो गयी है। इन परियोजनाओं की लागत 7214 करोड़ रुपये है तथा प्रस्तावित सिंचाई क्षमता 2 लाख 12 हजार हेक्टेयर है।

मुख्यमंत्री ने कटनी जिले में बरगी व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत स्लीमनाबाद सुरंग के कार्यों की समीक्षा करते हुये कहा कि यदि टनल निर्माण में देरी हो रही हो तथा अड़चन हो तो योजना में संशोधन कर शीघ्र ही नागौद, सतना में तथा कटनी के बहोरीबंद आदि इलाकों में सिंचाई जल पहुंचाने की योजना पर कार्य किया जाये।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अंतर्गत मध्य एवं दीर्घकालिक लक्ष्य

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2021-22 के लिये 16 परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। इनकी सिंचाई क्षमता 02 लाख 39 हजार हेक्टेयर है। इनकी अनुमानित लागत 4880 करोड़ रुपये है और 2873 करोड़ रुपये व्यय हो चुके हैं। वर्ष 2022-23 की योजना में 10 परियोजनायें शामिल हैं। इनकी सिंचाई क्षमता चार लाख हेक्टेयर है। अनुमानित लागत 13 हजार 674 करोड़ रुपये है। अब तक 03 हजार 599 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। वर्ष 2023-24 की योजना में 6 परियोजनायें हैं। इनकी सिंचाई क्षमता 03 लाख 80 हजार हेक्टेयर है। अनुमानित लागत 15 हजार 171 करोड़ रुपये है। अभी तक 226 करोड़ रुपये व्यय हो चुके हैं। वर्ष 2023-24 के बाद की कार्ययोजना में 10 परियोजनाओं को शामिल किया गया है। इनकी सिंचाई क्षमता पांच लाख 45 हजार हेक्टेयर है। इन परियोजनाओं से 225 मेगावॉट विद्युत उत्पादन प्रस्तावित है।

विंध्य हर्बल्स उत्पादों के ऑनलाइन विक्रय का हुआ लोकार्पण

भोपाल, वन मंत्री कुंवर विजय शाह ने मंत्रालय में विंध्य हर्बल्स उत्पादों के ऑनलाइन विक्रय का लोकार्पण करते हुये कहा है कि विंध्य हर्बल्स उत्पादों की ऑनलाइन विपणन प्रक्रिया अपनाये जाने से इन उत्पादों की पहुंच प्रदेश के सभी अंचलों के साथ अन्य प्रदेशों में होगी।

वन मंत्री ने कहा कि ऑनलाइन विपणन की प्रबल संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए अमेजन ऑनलाइन विपणन मंच पर 20 उत्पादों को ऑनलाइन उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि विंध्य हर्बल्स के उत्पादों के विक्रय केंद्रों का जिला और ब्लॉक स्तर पर विस्तार किया जाना चाहिये। उन्होंने इसके लिये विभाग को स्पष्ट नीति बनाने के निर्देश दिये। लघु वनोपज प्र-संस्करण एवं अनुसंधान केंद्र (एमएफपी पार्क) बरखेड़ा पठानी भोपाल के सीईओ श्री विवेक जैन ने बताया कि कुछ चुनिंदा उत्पाद च्यवनप्राश, शहद, इम्युनिटी बूस्टर किट, गिफ्ट पैक, अश्वगंधा चूर्ण, गिलोय चूर्ण, सफेद मूसली चूर्ण, पौष्टिक चूर्ण और पीड़ाहारी तेल इत्यादि को ऑनलाइन विपणन मंच पर लाया गया है। 20 उत्पादों के बाद 50 उत्पादों तक बढ़ाये जाने की योजना को हाथ में लिया जायेगा।

महाविद्यालयों के विकास के लिये दान देने वाले होंगे सम्मानित

भोपाल, मध्यप्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित महाविद्यालयों एवं अन्य संस्थानों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जनभागीदारी मद से महाविद्यालयों में विकास कार्य कराए जाने में सरकार कोई कमी नहीं छोड़ेगी। जनभागीदारी मद से निर्माण कार्यों की राशि 50 लाख रुपये से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये की जाये। महाविद्यालयों की जनभागीदारी मद में अधिकाधिक दान करने के लिये आमजन को प्रोत्साहित किया जाये। ऐसे दानदाता जो 5 लाख रुपये या उससे अधिक दान करते हैं तो उन्हें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सम्मानित कराया जाएगा। यह बात उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में आयोजित उच्च शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान कही।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास एवं समाज सेवा के उद्देश्य से प्रत्येक महाविद्यालय एक पिछड़े गांव को गोद लें तो बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि शासकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं पर्यटन से संबंधित पाठ्यक्रमों को नीति बनाकर शुरू कराया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि शासकीय विश्वविद्यालयों में नवीन मेडिकल कॉलेज खोलने के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के परिसर में मेडिकल कॉलेज खोले जाने के संबंध में विचार-विमर्श किया। उन्होंने अगले शैक्षणिक सत्र से महाविद्यालयों में कृषि संकाय के पाठ्यक्रम संचालित करने के संबंध में चर्चा की। श्री यादव ने प्रदेश में वेटनरी महाविद्यालय खोले जाने और महाविद्यालयों में विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने पर भी विचार विमर्श किया। उन्होंने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न नवाचार करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। विद्यार्थियों को शैक्षणिक प्रोत्साहन देने और नवीन निजी महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय खोले जाने के संबंध में प्रोत्साहन नीति पर चर्चा की।

मध्यप्रदेश में रेत के अवैध खनन एवं परिवहन को पूरी तरह रोका जाए

वैध रेत ठेकेदारों को पूरा संरक्षण देगी राज्य सरकार

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान रेत ठेकेदारों और जिला खनिज अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को पूरी तरह से रोका जायेगा। वैध उत्खनन और परिवहन करने वाले ठेकेदारों को राज्य शासन संरक्षण देगा। उन्हें पूरी मदद दी जायेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में रेत ठेकेदारों और जिला खनिज अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खनिज, पुलिस, राजस्व विभागों और जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है कि रेत का वैध उत्खनन और परिवहन करने वाले ठेकेदारों को कोई परेशानी नहीं हो। उन्हें अवैध रेत खनन और परिवहन करने वाले और वैध रेत उत्खनन में बाधा डालने वाले व्यक्तियों से संरक्षण प्रदान किया जाए। अवैध कार्य करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाये। श्री चौहान ने कहा कि ऐसी व्यवस्था तथा माहौल बने कि यदि रेत खनन की अनुमति है तो बिना किसी बाधा के ठेका संचालित किया जा सके। वैध रेत खनन और परिवहन कर शासन के राजस्व को बढ़ाने वाले रेत ठेकेदार सम्मानीय हैं। उनकी मदद करना शासन का दायित्व है। ये शासन को राजस्व देकर प्रदेश के विकास में सहभागी हैं।

श्री चौहान ने कहा कि वैध रेत उत्खनन और परिवहन को सुनिश्चित करने के लिये भोपाल और भिण्ड जिलों में अच्छे प्रयोग हुये हैं। इन जिलों के मॉडल को पूरे प्रदेश में लागू किए जायें। श्री चौहान ने नरसिंहपुर, भोपाल, भिण्ड, कटनी, उमरिया, शहडोल, छतरपुर जिलों के रेत ठेकेदारों से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा चर्चा की। उनकी समस्यायें सुनीं और सुझाव प्राप्त किये। रेत ठेकेदारों ने कहा कि राज्य शासन के प्रयासों से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगा है। वैध रेत उत्खनन तथा परिवहन करने वाले ठेकेदारों के सम्मान में वृद्धि हुयी है। मुख्यमंत्री ने रेत ठेकेदारों से प्राप्त सुझाव पर संबंधित विभागों द्वारा विचार कर उचित निर्णय लेने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रेत ठेकेदारों और खनिज विभाग के अधिकारियों और शासन के मध्य निरंतर संवाद आगे भी जारी रहे। इन ठेकेदारों की समस्याओं का उचित समाधान सुनिश्चित किया जाता रहे।

खनिज सचिव ने बताया कि प्रदेश में 43 रेत खनन वाले जिले हैं। वर्तमान में 39 जिलों में रेत उत्खनन हो रहा है। भोपाल में एंट्री प्वाईन्ट्स पर जांच चौकियों की स्थापना की गयी है। इन चौकियों पर खनिज, राजस्व, वन, कृषि उपज मण्डी, ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत समन्वय अधिकारी और पुलिस विभागों का अमला तीन शिफ्टों में कार्यरत है। भिण्ड जिले में रेत वाहनों की जांच के लिये आर.एफ.आई.डी. प्रणाली आधारित व्यवस्था है। 400 से अधिक वाहनों में आर.एफ.आई.डी. स्थापित की गयी है। यहां आर.एफ.आई.डी रीडर युक्त नाका संचालित है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

राज्य ओपन बोर्ड जिलों में स्थानीय स्तर पर देगा रोज़गारोन्मुखी प्रशिक्षण

भोपाल, स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने कहा है कि राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा पूरे प्रदेश के जिलों में व्यावसायिक आधारित शिक्षा और प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए भारत सरकार के हैंडीक्राफ्ट एंड कार्पेट सेक्टर स्किल काउंसिल और मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के बीच एमओयू साइन किया गया है। इसके तहत स्थानीय स्तर पर हस्तशिल्प, हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम, मेटैलवेयर, बुनकर, नक्काशी आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

श्री परमार ने कहा कि इसमें विद्यालयीन छात्रों के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर युवाओं को भी लाभ होगा। 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में स्थानीय स्तर पर रोज़गार और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का यह एक महत्वपूर्ण साधन होगा। नई शिक्षा नीति में कक्षा 6वीं से पाठ्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा को शामिल किया गया है। इस नीति के पालन में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य बनेगा।

इसके लिए प्रत्येक जिले से स्थानीय स्तर पर ही ट्रेनर का चयन कर उसे प्रशिक्षित किया जाएगा। यह ट्रेनर छात्रों और युवाओं को प्रशिक्षित करेंगे। उक्त प्रशिक्षण का प्रमाण-पत्र हैंडीक्राफ्ट एंड कार्पेट सेक्टर स्किल काउंसिल द्वारा दिया जाएगा जिसकी वैश्विक स्तर पर मान्यता रहेगी।

एमओयू साइन करने के दौरान निदेशक राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड श्री प्रभात राज तिवारी और काउंसिल के सीईओ श्री कृष्ण कुमार उपस्थित थे।

निर्वाचन आयोग ने फोटोयुक्त मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया

भोपाल, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2021 को एक जनवरी 2021 की अर्हता तिथि के मान से फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2021 को किया गया है। प्रारूप प्रकाशन 25 नवम्बर 2020 के समय प्रदेश की समस्त 230 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 5 करोड़ 22 लाख 20 हजार 675 मतदाताओं के नाम दर्ज थे। पुनरीक्षण के दौरान 11 लाख 67 हजार नये मतदाता जोड़े गये जबकि तीन लाख 24 हजार मतदाताओं के नाम मृत्यु/स्थान परिवर्तन/दोहरे पंजीकरण आदि के कारण हटाये गये हैं। इस प्रकार कुल 8 लाख 43 हजार मतदाताओं की बढ़ोत्तरी हुई है।

उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि प्रदेश में अंतिम प्रकाशन के समय कुल 5 करोड़ 30 लाख 64 हजार 142 मतदाता हैं। इनमें दो करोड़ 75 लाख 41 हजार 281 पुरुष, दो करोड़ 55 लाख 21 हजार 381 महिला तथा 1480 तृतीय लिंग मतदाता हैं। प्रदेश की जनसंख्या का लिंगानुपात 931 की तुलना में मतदाताओं का लिंगानुपात 927 है।

इसी प्रकार कुल सर्विस मतदाता 75136 हैं। प्रदेश के मतदाताओं का जनसंख्या पर अनुपात 63.21 प्रतिशत है। आज की स्थिति में 64 हजार 592 मतदान केंद्र स्थापित हैं। 15 जनवरी 2021 को अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची का निःशुल्क वितरण समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी/जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा किया गया। साथ ही प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल अधिकारियों को भी सूची उपलब्ध कराई गई।

अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की फोटो रहित सूचियां वेबसाइट https://ceomadhyapradesh.nic.in पर भी उपलब्ध हैं। कोई भी व्यक्ति इन सूचियों में अथवा सर्च इंजन के माध्यम से अपना नाम देख सकता है। इच्छुक व्यक्ति इन मतदाता सूचियों की फोटो रहित पीडीएफ 100 रुपये प्रति विधानसभा की दर से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते हैं।

मध्यप्रदेश को हर तरह के माफिया से कराना है मुक्त - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में अवैध शराब का व्यवसाय पूरी तरह से समाप्त किया जाये। अवैध शराब के धंधे में संलग्न माफिया के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई कर उसे नेस्तनाबूत किया जाये। अवैध शराब की बिक्री और नुकसान के प्रकरण पर संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और आबकारी अधिकारी पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभागायुक्त, आई.जी. पुलिस, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और आबकारी अधिकारी को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन और मुरैना जिलों में हुई अवैध, मिलावटी और जहरीली शराब की बिक्री और जनहानि जैसी घटनाओं की किसी भी स्थिति में प्रदेश में कहीं भी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिये। राज्य शासन ने दोनों जिलों में हुई जनहानि की घटनाओं को गंभीरता से लिया है।

श्री चौहान ने कहा कि हर तरह के माफिया के विरुद्ध सख्त और प्रभावी कार्रवाई की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर तरह के माफिया को प्रदेश में समाप्त कर प्रदेश को इनकी गंदगी से मुक्त कराना है। प्रदेश के अनेक जिलों में बेहतर कार्रवाई की गयी है। बेहतर कार्य करने वाले जिले और अधिकारी-कर्मचारी पुरस्कृत होंगे। वहीं लापरवाही होने पर सख्त दण्ड दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि बड़े माफिया समूहों पर प्राथमिकता से कार्रवाई हो। छोटे-बड़े माफिया कोई भी नहीं बचें। अवैध शराब के व्यवसाय और मिलावट को खत्म करने के लिये इसकी जड़ों पर प्रहार किया जाये। हर जिले के सूचना और खुफिया तंत्र को और विकसित और सुदृढ़ बनाया जाये। अधिकारी पूरी जानकारी रखें कि अवैध शराब कहां बनती है, कहां से सप्लाई होती है और कहां-कहां बेची जाती है?

श्री चौहान ने कहा कि अवैध शराब के प्रकरणों में अवैध शराब व्यवसाय के मूल स्रोत तक पहुंचना जरूरी है। अवैध शराब के उत्पादन और बिक्री के नेटवर्क में शामिल व्यक्तियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाये। सभी एसडीएम और एसडीओपी ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सचिवों की बैठक लें और उन्हें अवैध शराब के दुष्परिणामों से अवगत करायें। आम जनता को भी जागरूक करें।

इसी प्रकार मोहल्लों और ग्रामों में अवैध शराब के व्यापार में संलग्न व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी दण्डात्मक कार्रवाई की जाये। पुलिस, खाद्य, औषधि प्रशासन, राजस्व और आबकारी विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम अवैध शराब की बिक्री और मिलावट की प्रभावी रोकथाम के लिये योजनाबद्ध ढंग से सतत कार्य करे।

शासन द्वारा निर्धारित कीमत से अधिक कीमत पर शराब नहीं बिके, यह सुनिश्चित किया जाये। कोटवार, सरपंच और पंचायत सचिव के माध्यम से सुनिश्चित किया जाये कि उनके क्षेत्र में अवैध शराब का निर्माण और विक्रय नहीं हो। यदि अवैध शराब बिक्री का प्रकरण देखा जाये तो तत्काल पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारियों को सूचित किया जाये। बैठक में बताया गया कि आबकारी नीति में जरूरी संशोधनों की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राप्त सुझावों पर व्यापक विचार कर संशोधन किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई को व्यापक जन-समर्थन मिला है और राज्य शासन की इन कार्रवाई की सराहना हुई है।

उद्योगों को बांध से दिए गए पानी के लंबित भुगतान की करें वसूली

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट भोपाल में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, जल संसाधन विभाग कृषि और कृषकों के हित में कार्य करता है। सिंचाई परियोजना का लाभ किसानों को और बेहतर तरीके से किस प्रकार दिया जाये, इसके लिए निरन्तर नवाचार हो। प्रदेश के 89 आदिवासी विकासखण्डों में छोटी सिंचाई परियोजना बनायें और लघु कृषकों के लिए माइक्रो परियोजना बनाने पर कार्य करें। रीवा, सतना, सिंगरौली, सिवनी, जबलपुर, कटनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, शहडोल और उमरिया जिलों की समीक्षा के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने उक्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्योगों और बिजली उत्पादन कम्पनियों पर पानी के लंबित भुगतान की वसूली सख्ती से की जाये। जल संसाधन विभाग के साथ किये गए अनुबंध के आधार पर ही संबंधित कंपनियों से वसूली हो।

श्री सिलावट ने निर्देश दिए कि बिना तकनीकी स्वीकृति और बिना कार्य प्रारंभ के किसी भी कंपनी और ठेकेदार को भुगतान नहीं किया जाये। जल संसाधन विभाग की परियोजनाओं से नगरीय निकायों को पेयजल के लिए उपलब्ध करवाये गये पानी के लंबित मामलों को अंतर्विभागीय बैठक कर निराकरण करने के निर्देश दिये गये। बैठक में विभाग की निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा भी की गई। साथ ही निर्देश दिए गये कि कार्य पूर्ण होने के पश्चात संबंधित अधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र जारी किये जाने के बाद ही भुगतान की कार्यवाही की जाये। विभाग में सब इंजीनियर की कमी को पूरा करने और वर्तमान वित्तीय स्थिति एवं परियोजना के लिए राशि की उपलब्धता के सम्बन्ध में भी बैठक में चर्चा की गई।

बैठक में राज्यमंत्री श्री राम किशोर कांवरे ने कहा कि जल संसाधन विभाग की परियोजना के भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व विभाग के साथ शिविर लगाकर समय-सीमा में निराकरण करें। इससे सिंचाई परियोजनाएं जल्द पूर्ण होंगी। किसानों को कृषि के लिए पानी उपलब्ध करवाया जा सकेगा। विभाग की यह प्राथमिकता है कि कृषि उत्पादन में बढ़ोत्तरी के साथ खेती को लाभ का धंधा बनाने में भागीरथी प्रयास हों।

उच्च नस्ल सुधार से मध्यप्रदेश में बढ़ा दुग्ध उत्पादन

भोपाल, पशुपालन विभाग द्वारा लगातार गौ-वंश नस्ल सुधार से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में लगातार वृद्धि हो रही है। मध्यप्रदेश दुग्ध उत्पादन में देश में तीसरे स्थान पर है और प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता 500 ग्राम प्रति व्यक्ति से अधिक है। केन्द्रीय मैत्री (बहुउद्देशीय ग्रामीण कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता) योजना के तहत वर्तमान में प्रदेश में 310 गौ-सेवकों को कृत्रिम गर्भाधान का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रबंध संचालक राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम श्री एच.बी.एस. भदौरिया ने बताया कि केन्द्र शासन द्वारा वर्ष 2020-21 में 1100 मैत्री गौ-सेवकों के प्रशिक्षण के लिये 8 करोड़ 90 लाख रुपये की राशि विमुक्त की गई है।

ई-अटेंडेन्स प्रणाली 'प्रयास' से हो रहे कार्मिक के सेवा संबंधी काम

भोपाल, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के ई-अटेंडेन्स प्रणाली 'प्रयास' को सफलता के पांच वर्ष पूर्ण हो गये हैं। इस ई-अटेंडेन्स प्रणाली से मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कार्मिकों की अटेंडेन्स ली जा रही है। साथ ही अवकाश आवेदन, अवकाश स्वीकृति, वेतन एवं ऑनलाइन गोपनीय चरित्रावली आदि सभी कार्य किये जा रहे हैं।

'प्रयास' से आया अभूतपूर्व बदलाव

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आधार नंबर की मदद से कंपनी कार्य क्षेत्र के सभी 16 जिलों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों की हाजिरी लगाना कोई पांच वर्ष पहले शुरू की थी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी राज्य की पहली वितरण कंपनी है जिसने आधार नंबर का उपयोग हाजिरी लगाने के लिए किया है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के छोटे-बड़े 218 शहरों के 426 से भी अधिक कार्यालयों में आधार आधारित हाजिरी लगाई जा रही है। इस बदलाव से विद्युत वितरण कंपनी के दफ्तरों में अधिकारी और कर्मचारी समय पर ऑफिस पहुंच रहे हैं, जिससे कार्य में बदलाव देखा जा रहा है। हाजिरी का सारा ब्यौरा ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। हाजिरी के लिए बनाई गई वेबसाइट एवं मोबाइल एप पर हाजिरी का सारा ब्यौरा कभी-भी देखा जा सकता है।

कंपनी ने आधार बेस्ड अटेंडेन्स सिस्टम के तहत थम्ब इंप्रेशन डिवाइस और आइरिश मशीन लगाई है।

कम्प्यूटर सिस्टम पर प्रत्येक कर्मचारी पहले अपना आधार नंबर टाइप करता है। फिर उंगली या अंगूठा रखकर मशीन पर लगाता है, दो सेकंड के अंदर हाजिरी लगने का मेसेज कम्प्यूटर स्क्रीन पर दिखने लगता है। अटेंडेन्स प्रणाली में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के आधार नंबर को सिस्टम में दर्ज किया गया है। थम्ब मशीन से हथेली की दस उंगलियों में से किसी एक से भी हाजिरी लगाई जा सकती है। इसके अलावा आंखों के रेटिना से भी हाजिरी लगाने के लिए अलग से मशीन लगाई गई है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कोविड-19 के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत कंपनी के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए कंपनी में प्रचलित आधार आधारित बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली की वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में सेल्फी आधारित उपस्थिति प्रणाली लागू की है।

इस प्रणाली में उपस्थिति दर्ज करने के लिए कार्मिक को अपने कार्यालय में प्रवेश कर निर्धारित शिफ्ट/समय पर उपस्थित होकर अपने स्वयं के मोबाइल से कंपनी के 'प्रयास एप' को खोलकर सेल्फी के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने की सुविधा दी गई है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एग्नेस कलेटी

सबसे अधिक उम्र की जीवित ओलिंपिक चैंपियन

पूर्व ओलिंपिक स्वर्ण पदक विजेता जिमनास्ट एग्नेस कलेटी 100 वर्ष की हो गई हैं। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में एग्नेस कलेटी ने अपना जन्मदिन पूरे उल्लास के साथ मनाया। एग्नेस दुनिया की सबसे अधिक उम्र की जीवित ओलिंपिक चैंपियन हैं। पांच स्वर्ण सहित 10 ओलिंपिक पदक जीतने वाली एग्नेस ने इस अवसर पर कहा कि ये 100 साल मुझे 60 की तरह लग रहे हैं।

ब्लैक नाजरीन

फिलीपींस में मनाया गया वर्षों पुराना पर्व

फिलीपींस की राजधानी मनीला में सालों पुराना पर्व ब्लैक नाजरीन मनाया गया। कोरोना के कारण सीमित संख्या में लोगों ने सोशल डिस्टेंसिंग के साथ ईसा मसीह की सदियों पुरानी लकड़ी की प्रतिमा के दर्शन कर जुलूस निकाला। मनीला में होने वाला यह उत्सव दुनिया के सबसे बड़े कैथोलिक उत्सवों में से एक है। देश भर के लाखों लोग इस उत्सव में हिस्सा लेते हैं।

हिम तापक और सोलर स्नो मेल्टर

जवानों के लिये डीआरडीओ ने विकसित किये उपकरण

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पूर्वी लद्दाख सियाचिन और बर्फीली चोटियों पर तैनात सेना के जवानों को सुरक्षित रखने के लिये दो उपकरण विकसित किये हैं। 'हिम तापक' और 'सोलर स्नो मेल्टर'। हिम तापक एक स्पेस हीटिंग डिवाइस है, जो सुनिश्चित करेगी कि जवानों की मौत बैकब्लॉस्ट और कार्बन मोनो ऑक्साइड के जहर के कारण न हो। जबकि सोलर स्नो मेल्टर बर्फीली पहाड़ियों पर पीने के पानी की समस्या को दूर करेगा। ज्ञात रहे कि हिम तापक के इस्तेमाल से ईंधन की खपत कम होगी और सेना को आर्थिक मुनाफा भी होगा।

जापान

हजारों लोग वर्षों पुरानी परंपरा के तहत बर्फीले पानी से नहाए

जापान की राजधानी में हजारों लोगों ने बर्फीले पानी में नहाकर कोरोना महामारी खत्म होने की प्रार्थना की। सालों पुराने पर्व के दौरान यह परंपरा निभाई गई। परंपरा के आयोजन के लिये कई जगह बड़े-बड़े बर्तन रखे गये थे, जिनमें बर्फीला पानी था। आयोजन में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। परंपरा के तहत पुरुष लुंगी पहनकर पानी में डुबकी लगाते हैं और प्रार्थना करते हैं। मान्यता है कि इससे बीमारियों का नाश होता है।

दक्षिण कोरिया में

हान नदी जमी

दक्षिण कोरिया के मध्य भाग में बहने वाली प्रसिद्ध हान नदी तापमान में भारी गिरावट की वजह से जम गई है। इन दिनों राजधानी सियोल में बर्फबारी से तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। हालांकि नदी पर बने पुल पर यातायात का आवागमन प्रभावित नहीं हुआ। माना जा रहा है कि कई वर्षों के बाद इस बार हान नदी का पानी जम गया है।

महिला पायलटों ने

लगभग 16 हजार कि.मी. की दूरी तय की

एयर इंडिया की 4 महिला पायलटों ने दुनिया के सबसे लंबे हवाई मार्ग नॉर्थ पोल से सफल उड़ान भर कर इतिहास बना डाला। वे अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को से उड़ान भर नॉर्थ पोल से होते हुये बेंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचीं। उन्होंने 16 हजार किलोमीटर की दूरी तय की। एयर इंडिया ने कहा कि एआई-176 के यात्रियों को बधाई हो। इस उड़ान का नेतृत्व कैप्टन जोया अग्रवाल ने किया था। गौरतलब है कि एयर इंडिया के पायलट पहले भी ध्रुवीय मार्ग पर उड़ान भर चुके हैं।

कालिया ध्रो

न्यूयॉर्क टाइम्स की 2021 में 52 घूमने लायक जगहों में शामिल

गुजरात में कच्छ के नखत्राणा स्थित कालिया ध्रो को न्यूयॉर्क टाइम्स ने 2021 में दुनिया की घूमने लायक 52 जगहों की लिस्ट में शामिल किया है। यह जगह प्राकृतिक रूप से चट्टानों पर बनीं रंग-बिरंगी संरचना के लिये जानी जाती है। लिस्ट में नंदादेवी पर्वत श्रृंखला और लद्दाख भी शामिल है।

आर.पी. तिवारी

बाइक से 350 किलोमीटर सफर तय कर जमा किया सैम्पल

निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर से मृत पक्षियों के सैम्पल मोटर-साइकल से विपरीत परिस्थितियों में लेकर आने वाले आर.पी. तिवारी और उनके पुत्र की मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और पशुपालन मंत्री प्रेमसिंह पटेल ने न केवल प्रशंसा की बल्कि उन्हें प्रदेश की अनुकरणीय मिसाल बताया है। उल्लेखनीय है कि निवाड़ी जिले के सोरका गांव में दो दर्जन से ज्यादा चिड़ियां मृत पायी गई थीं। ऐसे में आर.पी. तिवारी ने बिना समय गंवाये अपने पुत्र के साथ विपरीत मौसम में मोटर-साइकल से भोपाल पहुंचकर सैम्पल लैब में जमा करवाए।

डीआरडीओ ने

9 एमएम मशीन पिस्टल बनाई

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सेना के साथ मिलकर देश की पहली स्वदेशी 9 एमएम मशीन पिस्टल बनाई है। ये पिस्टल डिफेंस फोर्सेस की 9 एमएम पिस्टल की जगह ले सकती है। इसकी फायर रेंज 100 मीटर तक है। इसे इजरायल की यूजी सीरीज गन की तर्ज पर तैयार किया गया है। इसकी उत्पादन लागत 50 हजार रुपये के नीचे रहेगी।

पार्क-ग्यून हे

दक्षिण कोरिया की पूर्व राष्ट्रपति को 20 साल की जेल हुई

दक्षिण कोरिया की शीर्ष अदालत ने पूर्व महिला राष्ट्रपति पार्क-ग्यून हे को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। 68 वर्षीय पार्क को 18 बिलियन वॉन का जुर्माना भी देना होगा। दक्षिण कोरिया की पहली महिला राष्ट्रपति रहीं पार्क-ग्यून पर 2017 में सत्ता के दुरुपयोग, रिश्वतखोरी और सरकारी रहस्यों को लीक करने का आरोप लगा था। उन्हें 2018 में 24 साल की सजा सुनाई गई थी।

पैंगोंग झील

आठ माह बाद पर्यटकों के लिये खुली

लद्दाख प्रशासन ने पैंगोंग झील को पर्यटकों के लिये खोल दिया है। करीब आठ माह बाद झील को खोला गया है। यहां अब पर्यटक भी पहुंचने लगे हैं। पहाड़ों की ओर से चलने वाली शीत लहर के कारण झील आधी जम चुकी है। यहां का तापमान -28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। पैंगोंग-त्सो 14 हजार फीट ऊंचाई पर है। सर्दियों में यहां का तापमान -40 डिग्री तक पहुंच जाता है।

उत्तर कोरिया ने

पनडुब्बी से लॉन्च की जा सकने वाली नई मिसाइल का किया प्रदर्शन

उत्तर कोरिया ने एक नये प्रकार की बैलिस्टिक मिसाइल का प्रदर्शन किया जिसे पनडुब्बी से लॉन्च किया जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण से पहले यह शक्ति प्रदर्शन किया गया है। किम जोंग-उन की उपस्थिति में हुई सैनिक परेड में कोरिया ने कई मिसाइलों का प्रदर्शन किया। कुछ दिन पहले ही किम ने कहा था अमेरिका ही हमारा दुश्मन नंबर एक है।

जीवाजी वेधशाला

नक्षत्र वाटिका के बीच में सूर्य और आठ ग्रहों के मॉडल

उज्जैन की शासकीय जीवाजी वेधशाला देश की पहली ऐसी वेधशाला बन गई है जहां नक्षत्र वाटिका के बीच में सूर्य और आठ ग्रहों के मॉडल बनाये गये हैं। उज्जैन के अलावा जयपुर, दिल्ली, मथुरा और वाराणसी में वेधशाला है। इसका निर्माण जयपुर के महाराजा जयसिंह द्वितीय ने करवाया था। शासकीय जीवाजी वेधशाला में सूर्य और ग्रहों के तुलनात्मक आकार उनके परिभ्रमण, राशियों और नक्षत्रों में संबंध और विश्व मानक समय की जानकारी के लिये नक्षत्र वाटिका बनाई है।

फिल्म नटखट

विद्या बालन की शॉर्ट फिल्म ऑस्कर की रेस में शामिल

विद्या बालन स्टारर शॉर्ट फिल्म 'नटखट' एकेडमी अवॉर्ड्स (ऑस्कर) 2021 की रेस में शामिल हो गई है। प्रोडक्शन कंपनी आरएसवीपी ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। फिल्म की कहानी माँ-बेटे के रिश्तों पर आधारित है। 33 मिनट की इस फिल्म से विद्या बालन ने बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू किया है।

रीवा दूलपुले

भारतवंशी छात्रा ने 25 टन ई-कचरा रिसाइकिल किया

संयुक्त अरब अमीरात में 15 वर्षीय छात्रा रीवा दूलपुले बीते 4 साल से कुछ अधिक समय में लगभग 25 टन इलेक्ट्रॉनिक कबाड़ को रीसाइकिल कराने में योगदान दे चुकी हैं। उन्होंने इस अभियान का नाम 'वीकेयर डीएक्स बी' रखा है और इसमें 15 स्कूलों के 60 बच्चे भी जुड़ चुके हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक रीवा खुद या वालिंटियर्स के जरिये लोगों के घरों से इलेक्ट्रॉनिक कबाड़ संग्रह भी कराती हैं, फिर उसे इलेक्ट्रॉनिक रिसाइकिलिंग तथा प्रोसेसिंग करने वाली फर्म 'एन्वायरोसर्व' के पास ले जाती हैं।

नासा

इतिहास का सबसे गर्म साल 2020 रहा

नासा ने कहा है कि साल 2020 इतिहास का सबसे ज्यादा गर्म साल रहा है। एजेंसी के मुताबिक करीब 250 साल पहले हुई औद्योगिक क्रांति के बाद से कार्बन डाइ ऑक्साइड का स्तर 50 प्रतिशत तक बढ़ा है। मीथेन की मात्रा दोगुनी से ज्यादा हो गई है। इससे धरती एक डिग्री सेल्सियस और ज्यादा गर्म हो गई है। विश्व मौसम संगठन की रिपोर्ट में भी 2020 को सबसे गर्म साल बताया गया है।

थल सेना दिवस

सेना ने पहली बार दिखाए स्वार्म ड्रोन

दिल्ली में थल सेना दिवस परेड में पहली बार सेना ने सार्वजनिक तौर पर लड़ाकू स्वार्म ड्रोन प्रदर्शित किये। ये स्वचालित ड्रोन किसी इंसानी दखल के बिना दुश्मन के इलाके में तकरीबन 50 किलोमीटर तक अंदर घुसकर अपने मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम दे सकते हैं। कई ड्रोन के साथ एक मिशन को अंजाम देने के इस सिस्टम को ड्रोन स्वार्मिंग कहते हैं।

स्मृति शेष

भारतीय मूल के जाने-माने लेखक वेद मेहता का निधन

अमेरिका में भारतीय मूल के जाने-माने लेखक और उपन्यासकार वेद मेहता का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 33 वर्ष तक 'द न्यूयॉर्कर' मैग्जीन में लेखन का कार्य किया था। इस मैग्जीन के जरिये वे अमेरिकन्स को भारत के बारे में विस्तृत जानकारी लेखों के जरिये देते रहते थे।

मशहूर ब्रिटिश फिल्म निर्देशक माइकल एप्टेड का निधन

मशहूर ब्रिटिश फिल्म निर्देशक माइकल एप्टेड का 79 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हें जेनेरेशन स्पैनिंग टीवी डॉक्यूमेंट्री और 1990 की जेम्स बॉन्ड फिल्म के लिये जाना जाता है। उन्होंने 1980 की कोल माइनर्स डॉटर और 1988 की गोरिल्लास इन द मिस्ट का निर्देशन भी किया था।

मशहूर बाइकर श्रीनिवासन का निधन

बेंगलुरु के मशहूर बाइकर किंग रिचर्ड श्रीनिवासन की जैसलमेर जिले में सड़क हादसे में मौत हो गई है। श्रीनिवासन बाइक पर एशिया, यूरोप, अमेरिका जैसे देशों में हजारों किलोमीटर की यात्रा कर चुके थे।

डकार रैली के मोटर साइकिलिस्ट पियरे चेरपिन का निधन

जेद्दा में हो रही डकार रैली में दुर्घटना के बाद घायल फ्रांसीसी रेसर पियरे चेरपिन का 52 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। कुछ दिन पहले सकाका में डकार रैली के सातवें दौर में उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

दूसरों के साथ, संघर्ष और कोशिशों की हमेशा कदर करें – एस. गिरधर

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.)

ई-मेल - apdpiuindore@gmail.com, फैक्स - 0731-2491433

क्र. एफ-1/2021/सामान्य/ए.पी.डी./एनआईटी-02ए/196 इन्दौर, दिनांक : 20.01.2021

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02ए/2021

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग, पीआईयू परिक्षेत्र इन्दौर के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. म.प्र. द्वारा दिनांक 01.12.2020 से प्रभावशील एवं निविदा सूचना प्रकाशन तिथि तक संशोधित, निर्धारित तिथि (Key-Date) अनुसार के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	पोर्टल टेण्डर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2021_PWPIU_124908_1	सैलाना जिला रतलाम में 03 ट्रेड आईटीआई भवन का निर्माण कार्य।	रतलाम	249.66	2,49,670/-	15,000	12

निविदा संबंधी तिथियां (Key Dates) :-

1. प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि - 21.01.2021
2. विड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि - 22.01.2021
3. विड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **12.02.2021**
4. विड खोलने की तिथि - 15.02.2021

अतिरिक्त परियोजना संचालक
जी-17895/45068/2021 लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. इन्दौर

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.स्वा.यां. विभाग खण्ड मुरैना (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक - 07532-233393

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग के नवीन केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर ई-ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं विस्तृत विवरण **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

कार्य का नाम :- मुरैना जिले के विकासखण्ड मुरैना/जौरा के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग की नलजल योजनाओं में टंकी निर्माण, पाइप लाइन, बिछाने, जोड़ने एवं घरेलू नल कनेक्शन इत्यादि सामग्री सहित सम्पूर्ण कार्य।

क्र.	निविदा क्रमांक	ई-निविदा सिस्टम क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	161/2020-21	2021_PHED_124446_1	मुरैना जिले के विकासखण्ड जौरा के ग्राम **बरौली** की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने जोड़ने, नल कनेक्शन एवं सबमर्सिबल मोटरपम्प डालने का कार्य।	54.80	54800/-	10000/- + पोर्टल चार्ज
2.	162/2020-21	2021_PHED_124450_1	मुरैना जिले के विकासखण्ड जौरा के ग्राम **चिरैतिनी** की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने जोड़ने, नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, सम्पवेल एवं सबमर्सिबल मोटरपम्प डालने का कार्य।	64.30	64300/-	10000/- + पोर्टल चार्ज
3.	163/2020-21	2021_PHED_124453_1	मुरैना जिले के विकासखण्ड जौरा के ग्राम **ककरधा** की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने जोड़ने, नल कनेक्शन एवं सबमर्सिबल मोटरपम्प डालने का कार्य।	59.57	59570/-	10000/- + पोर्टल चार्ज
4.	164/2020-21	2021_PHED_124459_1	मुरैना जिले के विकासखण्ड जौरा के ग्राम **जरैना** की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने जोड़ने, नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, सम्पवेल एवं सबमर्सिबल मोटरपम्प डालने का कार्य।	85.94	85940/-	10000/- + पोर्टल चार्ज
5.	165/2020-21	2021_PHED_124464_1	मुरैना जिले के विकासखण्ड जौरा के ग्राम **देवरी** की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने जोड़ने, नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, सम्पवेल एवं सबमर्सिबल मोटरपम्प डालने का कार्य।	67.01	67010/-	10000/- + पोर्टल चार्ज
6.	166/2020-21	2021_PHED_124471_1	मुरैना जिले के विकासखण्ड जौरा के ग्राम **घुर्रा** की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने जोड़ने, नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, सम्पवेल एवं सबमर्सिबल मोटरपम्प डालने का कार्य।	110.53	110530/-	12500/- + पोर्टल चार्ज
7.	167/2020-21	2021_PHED_124476_1	मुरैना जिले के विकासखण्ड जौरा के ग्राम **जाफराबाद** की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने जोड़ने, नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, सम्पवेल एवं सबमर्सिबल मोटरपम्प डालने का कार्य।	111.76	111760/-	12500/- + पोर्टल चार्ज
8.	168/2020-21	2021_PHED_124485_1	मुरैना जिले के विकासखण्ड जौरा के ग्राम **उरहेड़ी** की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने जोड़ने, नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, सम्पवेल एवं सबमर्सिबल मोटरपम्प डालने का कार्य।	96.90	96900/-	10000/- + पोर्टल चार्ज
9.	169/2020-21	2021_PHED_124490_1	मुरैना जिले के विकासखण्ड जौरा के ग्राम **पायथा** की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने जोड़ने, नल कनेक्शन सबमर्सिबल मोटरपम्प डालने का कार्य।	33.48	33480/-	5000/- + पोर्टल चार्ज
10.	170/2020-21	2021_PHED_124494_1	मुरैना जिले के विकासखण्ड जौरा के ग्राम **चैना** की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने जोड़ने, नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, सम्पवेल एवं सबमर्सिबल मोटरपम्प डालने का कार्य।	162.33	162330/-	12500/- + पोर्टल चार्ज

ई-निविदाएं ऑनलाइन डाउनलोड/सेल स्टार्ट तिथि - 18.01.2021
ई-निविदाएं ऑनलाइन डाउनलोड/सेल एण्ड तिथि - **28.01.2021**
ई-निविदाएं ऑनलाइन विड सबमिशन स्टार्ट तिथि - 18.01.2021
ई-निविदाएं ऑनलाइन विड सबमिशन एण्ड तिथि - 28.01.2021

कार्यपालन यंत्री
जी-17907/45069/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड मुरैना (म.प्र.)

संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी

छठवीं मंजिल, विंध्याचल भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

दूरभाष क्रमांक-0755 - 2578491, Email : dirhort@mp.nic.in, midhhorti@mp.gov.in

क्रमांक/उद्यान/MIDH/PHM/2020-21/746 भोपाल, दिनांक 21.01.2021

विज्ञप्ति

संचालनालय उद्यानिकी के पत्र क्रमांक/उद्यान/MIDH/PHM/2020-21/502 भोपाल दिनांक 15.01.2021 के द्वारा शीतगृह (कोल्ड स्टोरेज) टाईप-1 स्थापना हेतु जारी विज्ञप्ति में शीतगृह (कोल्ड स्टोरेज) टाईप 1 स्थापना हेतु विकासखण्ड स्तर पर 1000 मी. टन एवं उद्यानिकी क्लस्टर में 500 मी. टन के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। मॉडल विकासखण्डों हेतु आवेदकों को प्राथमिकता दी जावेगी, जिनकी सूची MPFSTS पोर्टल पर उपलब्ध है।

2. इच्छुक कृषक/उद्यमी हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की **अंतिम तिथि 20.01.2021** को संशोधित कर **दिनांक 05.02.2021 तक** की जाती है। परियोजना प्रस्ताव (DPR, बैंक द्वारा बैंक ऋण देने हेतु सहमति पत्र तथा चार्टर्ड इंजीनियर द्वारा हस्ताक्षरित बेसिक डाटाशीट सहित) की हार्डकॉपी भी दिनांक 05.02.2021 तक ही समस्त दस्तावेज संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, भोपाल कार्यालय में जमा करना होगा। शेष विवरण एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

आयुक्त
जी-17987/45088/2021 उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी म.प्र., भोपाल

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.स्वा.यां. विभाग खण्ड मुरैना (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक - 07532-233393

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग के नवीन केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर ई-ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं विस्तृत विवरण **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

कार्य का नाम :- मुरैना जिले के विकासखण्ड मुरैना/जौरा के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग की नलजल योजनाओं में टंकी निर्माण, पाइप लाइन, बिछाने, जोड़ने एवं घरेलू नल कनेक्शन इत्यादि सामग्री सहित सम्पूर्ण कार्य।

क्र.	निविदा क्रमांक	ई-निविदा सिस्टम क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	155/2020-21	2021_PHED_124112_1	मुरैना जिले के विकासखण्ड मुरैना के ग्राम **खासखेड़ा** की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने जोड़ने, नल कनेक्शन एवं सबमर्सिबल मोटरपम्प डालने का कार्य।	41.94	41940/-	5000/- + पोर्टल चार्ज
2.	156/2020-21	2021_PHED_124115_1	मुरैना जिले के विकासखण्ड मुरैना के ग्राम **हेतमपुर** की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने जोड़ने, नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, सम्पवेल एवं सबमर्सिबल मोटरपम्प डालने का कार्य।	87.91	87910/-	10000/- + पोर्टल चार्ज
3.	157/2020-21	2021_PHED_124120_1	मुरैना जिले के विकासखण्ड जौरा के ग्राम **लोहाबसई** की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने जोड़ने, नल कनेक्शन एवं सबमर्सिबल मोटरपम्प डालने का कार्य।	66.25	66250/-	10000/- + पोर्टल चार्ज
4.	158/2020-21	2021_PHED_124117_1	मुरैना जिले के विकासखण्ड मुरैना के ग्राम **मैथाना** की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने जोड़ने, नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी एवं सबमर्सिबल मोटरपम्प डालने का कार्य।	124.47	124470/-	12500/- + पोर्टल चार्ज
5.	159/2020-21	2021_PHED_124136_1	मुरैना जिले के विकासखण्ड मुरैना के ग्राम **पिपरई** की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने जोड़ने, नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, सम्पवेल एवं सबमर्सिबल मोटरपम्प डालने का कार्य।	178.83	178830/-	12500/- + पोर्टल चार्ज
6.	160/2020-21	2021_PHED_124158_1	मुरैना जिले के विकासखण्ड जौरा के ग्राम **गांगोलीहार** की जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नलजल योजना में सामग्री सहित पाइप लाइन बिछाने जोड़ने, नल कनेक्शन आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, सम्पवेल एवं सबमर्सिबल मोटरपम्प डालने का कार्य।	82.50	82500/-	10000/- + पोर्टल चार्ज

ई-निविदाएं ऑनलाइन डाउनलोड/सेल स्टार्ट तिथि - 15.01.2021
ई-निविदाएं ऑनलाइन डाउनलोड/सेल एण्ड तिथि - **28.01.2021**
ई-निविदाएं ऑनलाइन विड सबमिशन स्टार्ट तिथि - 15.01.2021
ई-निविदाएं ऑनलाइन विड सबमिशन एण्ड तिथि - 28.01.2021

कार्यपालन यंत्री
जी-17927/45074/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड मुरैना (म.प्र.)

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालाघाट
ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण

बालाघाट जिले के विकासखण्डों के ग्रामों में स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में पेयजल व्यवस्था हेतु मुहरबंद निविदा प्रपत्र "अ 2.10" (प्रतिशत दर) में एम.पी. टेण्डर्स पद्धति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है जो कि एम.पी. टेण्डर्स सिस्टम पोर्टल के **http://mptenders.gov.in** द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदा प्रक्रिया की जावेगी। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

ई-टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक	निविदा क्रमांक/ आमंत्रित दिनांक	कार्य की अनु. लागत (राशि रु. लाख में)	धरोहर राशि (अर्नेस्ट मनी) रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	निविदा प्रपत्र क्रय करने की एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन खुलने की तिथि	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
2021_PHED_124121_1	99/15.01.2021	265.83	265830/-	15000/-	3 माह	**30.01.2020**	01.02.2021	लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकत पंजीयन
2021_PHED_124140_1	100/15.01.2021	313.53	313530/-	15000/-	3 माह	30.01.2020	01.02.2021	
2021_PHED_124142_1	101/15.01.2021	262.26	262260/-	15000/-	3 माह	30.01.2020	01.02.2021	
2021_PHED_124143_1	102/15.01.2021	223.75	223750/-	15000/-	3 माह	30.01.2020	01.02.2021	
2021_PHED_124145_1	103/15.01.2021	260.70	260700/-	15000/-	3 माह	30.01.2020	01.02.2021	
2021_PHED_124146_1	104/15.01.2021	311.58	311580/-	15000/-	3 माह	30.01.2020	01.02.2021	
2021_PHED_124147_1	105/15.01.2021	276.02	276020/-	15000/-	3 माह	30.01.2020	01.02.2021	

निविदा आमंत्रण सूचना, विस्तृत विवरण एवं Key dates की जानकारी वेवसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।
नोट :- 1. सभी इच्छुक ठेकेदार ई-टेंडरिंग पोर्टल **(http://mptenders.gov.in)** में पंजीयन करायें। 2. "निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। यह संशोधन केवल **http://mptenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किये जायेंगे" निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क क्रेडिट कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाइन पर ही क्रय किये जा सकते है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
जी-17963/45081/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बालाघाट (म.प्र.) (07632-241131)

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी
निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 92-97/2020-21

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं सूचना क्रमांक 92-97/2020-21 ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर कटनी जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में स्थापित स्कूल, आंगनवाड़ी, ग्राम पंचायत, सोसायटी, प्रायमरी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्थापित ट्यूबवेल में मोटर पंप स्थापना एवं अन्य कार्य हेतु निम्नानुसार आमंत्रित है।

निविदा क्रमांक	सिस्टम निविदा क्र.	विकास खण्ड	कार्यों की संख्या	निविदा की कुल लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
92/20_21	2021_PHED_123979	KATNI	100 no.	158.64	158640	12500	3 माह	Registered under M.P. PWD New centralized registration Scheme
93/20_21	2021_PHED_123980	RITHI	100 no.	159.35	159350	12500	3 माह	
94/20_21	2021_PHED_123981	VIJAYRAGHAVGARH	100 no.	158.64	158640	12500	3 माह	
95/20_21	2021_PHED_123982	BADWARA	100 no.	158.64	158640	12500	3 माह	
96/20_21	2021_PHED_123983	BAHORIBAND	100 no.	159.35	159350	12500	3 माह	
97/20_21	2021_PHED_123984	DHEEMARKHEDA	100 no.	158.64	158640	12500	3 माह	

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - **03.02.2021 17.30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 03.02.2021 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि - 05.02.2021 12.00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जी-17969/45082/2021 परियोजना खण्ड कटनी, फोन नं. - 07622-225752

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.-1, सिवनी
निविदा-सूचना

निविदा आमंत्रण क्र. 12/370/व.ले.लि./2020-21 **सिवनी, दिनांक 19.01.2021**
निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1 सिवनी अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य।

टेण्डर क्र.	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्रमांक	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर राशि (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा खोलने का कार्यालय का नाम एवं पता
2021_PWDRB_124623	बी.टी. पेच	प्रथम	2000	20.00 लाख	40000	दिनांक 31.03.21 तक	कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी
2. लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1 सिवनी अंतर्गत विभिन्न मार्गों का सर्वेकर डी.पी.आर. तैयार करने का कार्य।							
2021_PWDRB_124624	सर्वे एवं डीपीआर	प्रथम	2000	19.64 लाख	39280	दिनांक 31.03.21 तक	कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी
3. लो.नि.वि. उपसंभाग केवलारी अंतर्गत शास. आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों की विशेष मरम्मत/लघुमूल गौण एवं डिपाजिट मद के कार्य।							
2021_PWDRB_124625	एस.आर. एम.ओ. डब्ल्यू.	प्रथम	2000	20.00 लाख	40000	दिनांक 31.03.21 तक	कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी
4. लो.नि.वि. उपसंभाग क्र.-1 सिवनी अंतर्गत शास. आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों की विशेष मरम्मत/लघुमूल गौण एवं डिपाजिट मद के कार्य।							
2021_PWDRB_124626	एस.आर. एम.ओ. डब्ल्यू.	प्रथम	2000	20.00 लाख	40000	दिनांक 31.03.21 तक	कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र.-1 सिवनी

योग 4 कार्य - 79.64 लाख

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 08.02.2021 (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्र. 205/प्रस/लोनिवि/20, भोपाल दिनांक 03.11.2020 से प्राप्त निर्देशानुसार भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज प्राप्त नहीं किये जायेंगे, सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाइन ही अपलोड किये जायेंगे एवं सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड नहीं किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
इलेक्ट्रॉनिक ई.एम.डी. (धरोहर राशि) RTGS/NEFT के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेंगे। इलेक्ट्रॉनिक के अलावा अन्य किसी भी रूप से ई.एम.डी. (धरोहर राशि) स्वीकार नहीं की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
जी-17946/45077/2021 लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र.-1, सिवनी

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बड़वानी (म.प्र.)
E-mail : eephedbar@mp.nic.in, Tel. & Fax : 07290-224203
नि.आ.सू.क्र./49/निविदा/का.यं./लोस्वायां/20-21 बड़वानी, दिनांक 15.01.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** पर बड़वानी जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्य अंतर्गत पाइप लाइन घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

सिस्टम टेण्डर क्रमांक	विकास खण्ड	ग्राम का नाम	निविदा की कुल लागत (PAC) रु. लाख में	धरोहर राशि (EMD) रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
2020_PHED_124251_1	राजपुर	बुदरा	65.942	65942/-	10000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत
2020_PHED_124252_1	राजपुर	जाडुर	134.730	134730/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
2020_PHED_124254_1	राजपुर	सिदड़ी	146.272	146272/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
2020_PHED_124255_1	राजपुर	पनवा	151.608	151608/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
2020_PHED_124256_1	सेंधवा	अड़नदी, उमरटी	170.173	170173/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
2020_PHED_124257_1	सेंधवा	वनीहार	134.264	134264/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
2020_PHED_124259_1	सेंधवा	घुड़घाल	113.354	113354/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
2020_PHED_124260_1	सेंधवा	जामन्या	143.512	143512/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
2020_PHED_124261_1	सेंधवा	मडगांव, मेहतगांव	184.045	184045/-	12500/-	04 माह वर्षाकाल सहित	
2020_PHED_124262_1	सेंधवा	उमरी, थिगली	197.523	197523/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
2020_PHED_124263_1	सेंधवा	खोखरअंबा	107.293	107293/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
2020_PHED_124264_1	सेंधवा	पिपलयाडेब	165.991	165991/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
2020_PHED_124265_1	सेंधवा	रामकोला	175.634	175634/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
2020_PHED_124266_1	राजपुर	टाकली	113.085	113085/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
2020_PHED_124267_1	बड़वानी	होलगांव	84.85	848500/-	10000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	
2020_PHED_124268_1	राजपुर	नीलकंड, घुसगांव	116.975	116975/-	12500/-	04 माह वर्षाकाल सहित	
2020_PHED_124308_1	सेंधवा	भामपुरा	118.116	118116/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित	

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि :- **30.01.2021 17.30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि :- 30.01.2021 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि :- 01.02.2021 12.00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शायी गयी वेबसाइट पर जरूर देखें।

कार्यपालन यंत्री
जी-17957/45080/2021 लो.स्वा.यां. खण्ड बड़वानी

एम.पी. इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

क्षेत्रीय कार्यालय : टी.व्ही. टॉवर के पास, उद्योग भवन, कटंगा, जबलपुर (म.प्र.)
फोन : 0761-4004207, 4004209

क्रमांक-एमपी आयडीसी/क्षे.का/तक/2021/4951 **जबलपुर, दिनांक : 20.01.2021**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु **http://www.mptenders.gov.in** के माध्यम से जल प्रदाय योजना से संबंधित संचालन संधारण कार्यों हेतु अनुभवी पंजीकृत, ठेकेदारों से ई-निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित व बिड की जानकारी निगम मुख्यालय जबलपुर से **दिनांक 08.02.2021 तक** कार्यालयीन दिवसों में देखी व प्राप्त की जा सकती है।

कार्य का नाम	अनुमानित राशि	बयाना राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	ऑनलाइन निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक	ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक	ऑनलाइन निविदा खोलने की तिथि
औद्योगिक विकास केन्द्र मनेरी एवं फूड पार्क मनेरी, जिला मंडला की जल प्रदाय योजना इत्यादि बिड के अनुसार संचालन व संधारण करने का कार्य।	रु. 29.94 लाख जी.एस.टी अतिरिक्त प्रति वर्ष	रु. 0.30 लाख	रु. 5900/- जीएसटी सहित एवं ई-प्रॉक सिस्टम चार्जेस तथा कर अतिरिक्त देय होंगे।	08.02.2021	09.02.2021	11.02.2021

किसी भी निविदा या समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त/स्वीकृत करने निविदा की तिथि बढ़ाने का अधिकार निगम कार्यालय के कार्यकारी संचालक के पास सुरक्षित है। कंडीशनल निविदायें स्वतः निरस्त समझी जावेंगी। केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट/व्यक्तिगत के माध्यम से **दिनांक 10.02.2021** मूलतः बयाना राशि, निविदा शुल्क रसीद, पंजीयन प्रमाण पत्र, ऑर्गनाइजेशन डिटेल्स, शपथ पत्र व अन्य चाहे गये अनुभव इत्यादि से सम्बन्धित दस्तावेज भौतिक लिफाफा में क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर में प्राप्त होना अनिवार्य है अन्यथा निगम द्वारा ऑनलाइन फाइनेन्शियल बिड नहीं खोली जायेंगी। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट तथा नोटिस बोर्ड पर किया जावेगा पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/99631/45091/2021 **कार्यकारी संचालक**

कार्यालय प्रधानाचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी

शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, लोकमान्य नगर,
केसरबाग रोड, इन्दौर, म.प्र. 452009
www.gaacindore.edu.in, Email : principal.gaacindore@gmail.com
0731-4960037 (Office), Fax : 2472767, (Hospital-2473767)

क्रमांक/एकेडमिक-2 (पैरामेडिकल)/एफ.- /2021/142 इन्दौर, दिनांक : 13.01.2021

विज्ञप्ति

फार्मेसी (आयुर्वेद) डिप्लोमा एवं पंचकर्म टेक्नीशियन पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि : 05.02.2021

म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल भोपाल द्वारा मान्यता प्राप्त निम्न पाठ्यक्रमों के लिए सत्र 2020-21 में प्रवेश हेतु म.प्र. के मूल निवासी अभ्यर्थियों से संस्था द्वारा निर्धारित प्रपत्र में निम्नानुसार उपलब्ध सीटों पर आवेदन आमंत्रित हैं। सीटों हेतु आरक्षण म.प्र. शासन के नियमानुसार लागू होगा।

क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	शैक्षणिक योग्यता	प्रवेश हेतु सीट
1.	फार्मेसी (आयुर्वेद) डिप्लोमा, डी. फार्मा आयुर्वेद (दो वर्षीय)	जीवविज्ञान विषय में 12वीं उत्तीर्ण	50
2.	पंचकर्म टेक्नीशियन (एक वर्षीय प्रमाण पत्र)	किसी भी विषय में 12वीं उत्तीर्ण	50

पाठ्यक्रम हेतु शिक्षण शुल्क का विवरण :-

1. पंचकर्म एक वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु कुल रुपये 30,000/- एवं 5000 रु. काशनमनी कुल 35000/- रु. तथा डिप्लोमा फार्मेसी आयुर्वेद हेतु प्रथम वर्ष में 41530/- एवं 5000/- रु. काशनमनी कुल 46530/- रु. तथा द्वितीय वर्ष में 41530/- जिसमें रुपये 5000/- सुरक्षा निधि के रूप में जमा राशि पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर ही वापसी योग्य है। सम्पूर्ण फीस प्रवेश के समय जमा करनी होगी साथ ही प्रवेश के समय टी.सी. की मूल प्रति अनिवार्य है।
2. आवेदन पत्र महाविद्यालय में उपस्थित होकर रुपये 200/- नगद के साथ जमा कर सकते हैं अथवा बैंक ड्राफ्ट **"प्रधानाचार्य शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय, इन्दौर"** के नाम से हो, के साथ डाक द्वारा भी भेजे जा सकते हैं। आवेदन पत्र अवकाश दिवसों को छोड़कर **दिनांक 05.02.2021 के सायं 5:00 बजे तक** जमा करा सकते हैं।
3. आवेदन पत्र महाविद्यालय की वेबसाइट **www.gaacindore.edu.in** पर उपलब्ध है जिसे डाउनलोड कर, निर्धारित प्रमाण पत्र व शुल्क के साथ जमा कर सकते हैं।

नोट :- पत्राचार हेतु आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा रजिस्टर्ड डाक वाला टिकट सहित लिफाफा संलग्न प्रेषित करें।

जी-17785/45056/2021 प्र. प्रधानाचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.-11
(GST No. : 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 924 UPG & DW

No. 1152/22/D-12/MPRRDA/2021 **Bhopal, Dated : 22.01.2021**

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :

- **Table No. 1 : Name of work - UPG**

S. No.	Name of District	No. of Package	Total PAC (In Rs.)
1.	Morena	1	9274000.00
2.	Ujjain	1	16204000.00

- **Table No. 2 : Name of work - DW**

S. No.	Name of District	No. of Package	Total PAC (In Rs.)
1.	Singrauli	1	164598000.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **25.01.2021 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/99670/45094/2021 **(T & e-G)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
Block-II, 5th Floor, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P.-462011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER EL-49

No. 1087/22/D-12/MPRRDA/2021 **Bhopal, Dated : 22.01.2021**

Online Percentage rate Tenders are invited for "Shifting/Raising of High Voltage (HV)/Medium Voltage (MV)/Low Voltage (LV) lines and poles from alignment of PMGSY/CMGSY Road from contractors having 'A' class valid license issued by Madhya Pradesh Licensing Board (Electrical) and registered with MPPWD in appropriate class of contractors on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in.**
Contractors are to quote rate in percentage below/above or at par of the estimated rates given in BOQ including all Taxes except GST.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Burhanpur	3	1592244.00
2	Datia	1	201464.00
3	Gwalior	1	367141.00
4	Sehore	1	71300.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from 25.01.2021 17:30 hrs.
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed NIT and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/99658/45093/2021 **(T & e-G)**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P. – 462 011

NOTICE INVITING TENDER No. 149/MTN./2021 (BW)

No. 1077/22/D-12/NIT-Maint./2021 **Bhopal, Dated : 22.01.2021**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

Name of Work : Repair/Maintenance of Rural Roads.

1. Table No. 1 : Name of Work – Post 5 Years (BW).

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Chhatarpur	1	12000000/-
2.	Umaria	1	9715000/-

2. Table No. 2 : Name of Work –Post 10 Years (BW).

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Agar	1	1400000/-
2	Shahdol	1	6990000/-

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **23.01.2021 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/99655/45092//2021 **(T & e-G)**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.)–462011

No. 1155/FA/WB/CMGSY/2021 **Bhopal, Dated : 22.01.2021**

IFB No. - WB –24/925

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for Construction/Up-gradation of Rural Roads under World Bank and AIIB Financed MPRC Project P-157054, as under :

S. No.	Name of District	Number of Packages	No. of Roads	Grand Total (In Rs.)
1	Rajgarh	1	2	50235000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **27.01.2021 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/99672/45095/2021 **CHIEF GENERAL MANAGER (T & E-G)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.-11

IFB No. - WB –25/926

No. 1158/FA/WB/CMGSY/2021 **Bhopal, Dated : 22.01.2021**

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for up-gradation of Rural Road of Gravel Standards Constructed under CMGSY to Black top Standards under World Bank and AIIB Financed MPRC Project P-157054, as under :

S. No.	Name of District	Number of Package	No. of Roads	Grand Total (In Rs.)
1.	Narsinghpur	1	6	32215000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **27.01.2021 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

Chief General Manager
M.P. Madhyam/99673/45096/2021 **(T & e-G)**

NARMADA BASIN PROJECTS COMPANY LIMITED

Narmada Bhawan, 59-Arera Hills, Jail Road, Bhopal
Email : nbpclbplmp@gmail.com | CIN: U40300MP2011SGC027025

Narmada Basin Projects Co. Ltd. is company with 100% shareholding held by Govt. of Madhya Pradesh. invites online application for the position of a Chartered Accountant (FCA) upto 10.02.2021 **(Full time - Contractual basis).** Details of required experience & remuneration can be seen in **http://www.nvda.mp.gov.in**

M.P. Madhyam/99626/45090/2021 **COMPANY SECRETARY, NBPCL**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

ग्रामीण जल–प्रदाय के लिये भारत सरकार से मिलेंगे अतिरिक्त 26 करोड़ रुपये

भोपाल, मध्यप्रदेश की ग्रामीण जल-प्रदाय योजनाओं के लिये भारत सरकार ने 2605 करोड़ रुपये की राशि अतिरिक्त रूप से दिए जाने की स्वीकृति प्रदान की है। जल निगम के अंतर्गत राज्य मद से वित्त पोषित 39 समूह जल-प्रदाय योजनाओं के अंतःग्राम कार्यों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत क्रियान्वित करने की स्वीकृति भारत सरकार से प्राप्त हुई है। इन योजनाओं में अंतःग्राम कार्यों के लिए जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार से 1326 करोड़ रुपये की राशि प्रदेश को प्राप्त होगी। इन 39 समूह जलप्रदाय योजनाओं की कुल लागत 2661 करोड़ रुपये है, जिससे 6091 ग्रामों की 64 लाख से अधिक आवादी को नल कनेक्शन के जरिये जलप्रदाय किया जा सकेगा।

अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, श्री मलय श्रीवास्तव ने बताया है कि कर्तव्य के प्रति इच्छाशक्ति से ही उद्देश्य की पूर्ति संभव हुई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र की कुछ जल-प्रदाय योजनाओं को जल जीवन मिशन में शामिल कर अतिरिक्त राशि दिए जाने के निरंतर प्रयासों पर भारत सरकार ने अपनी सहमति प्रदान की है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि इसी तरह जायका के ऋण से मंदसौर, नीमच और रतलाम जिले के ग्रामों में प्रस्तावित समूह योजनाओं को जल जीवन मिशन से वित्त पोषण के प्रयासों को भी सफलता मिली है।

नागपुर और इलाहाबाद में दिखेगी प्रदेश के शिल्प की झलक

भोपाल, मध्यप्रदेश के शिल्प की झलक अब महाराष्ट्र के नागपुर और उत्तरप्रदेश के इलाहाबाद में भी दिखेगी। इसके लिये हस्तशिल्प विकास निगम शीघ्र इन दोनों शहरों में 'मृगनयनी' शोरूम प्रारंभ करेगा। यह निर्णय कुटीर, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव की अध्यक्षता में संत रविदास हस्तशिल्प विकास निगम की साधारण सभा की बैठक में लिया गया। श्री भार्गव ने हस्तशिल्प उत्पादों के व्यापक प्रचार-प्रसार की कार्य योजना बनाने के निर्देश भी दिए हैं। श्री भार्गव ने कहा कि प्रदेश के शिल्पियों को बाजार मुहैया कराने में हस्तशिल्प विकास निगम की 'मृगनयनी शोरूम' बेहतर प्लेटफार्म है। उन्होंने कहा कि देश के सभी बड़े शहरों में मृगनयनी शोरूम की कार्य योजना तैयार की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिल्पियों को प्रशिक्षित कर बाजार की आधुनिक माँग के अनुरूप ही उत्पाद तैयार करने की जरूरत है।

श्री भार्गव ने कहा कि हस्तशिल्प विकास निगम देश के बड़े धार्मिक मेलों में भी 'मृगनयनी' के आउटलेट लगायेगी। इसी तरह प्रदेश के अन्य जिलों में भी हैंडलूम-एक्सपो आयोजित किए जाएं।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस – 25 जनवरी

सभी मतदाता बनें सशक्त, सतर्क, सुरक्षित एवं जागरूक

किसी भी लोकतांत्रिक देश में सरकार के निर्वाचन में मतदान एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है और जो इसे संपादित करता है उसे मतदाता कहा जाता है। जब जनता की भागीदारी से सरकार का गठन होता है तो लोगों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है क्योंकि वे अपने मत से देश का भविष्य गढ़ते हैं। मतदान (वोट) हर नागरिक का अधिकार है। ऐसे में जरूरी है कि लोगों को अपने इस महत्वपूर्ण दायित्व के प्रति पूरी जानकारी और सजगता हो। इस दिन को देश के लोकतंत्र का त्योहार भी कह सकते हैं, क्योंकि यह वोट देने की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जश्न का दिन होता है। हमारे देश में आजादी के बाद से लोकतांत्रिक तरीके से मतदान के जरिए सरकारों का निर्वाचन होता आ रहा है। इस दौरान देखा गया कि मताधिकार की उम्र वाले युवा पात्र होने के बावजूद अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के प्रति सजग नहीं रहते हैं। ऐसे में वर्ष 2011 में तय किया गया कि हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाकर इसके लिए युवाओं में जागरूकता फैलाई जाएगी। यह दिन इसलिए चुना गया क्योंकि इसी दिन देश में सन् 1950 में भारतीय चुनाव आयोग की स्थापना की गई थी जो कि चुनाव प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से कराने के लिए जिम्मेदार है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2021 की थीम 'सभी मतदाता बनें : सशक्त, सतर्क, सुरक्षित एवं जागरूक' रखी गई है। जबकि गत् वर्ष मजबूत लोकतंत्र के लिए चुनावी साक्षरता थीम पर इस दिवस की गतिविधियां संचालित की गई थीं।

हर साल जोड़े जाते हैं
नए मतदाताओं के नाम

इस दिवस को मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देशभर के सभी मतदान केंद्र वाले क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष उन सभी पात्र मतदाताओं की पहचान की जाएगी, जिनकी उम्र एक जनवरी को 18 वर्ष हो चुकी होगी। ताकि मतदान प्रक्रिया में नए मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाई जा सके। यह दिवस मतदाताओं में मतदान प्रक्रिया में कारगर भागीदारी के बारे में जानकारी फैलाने के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। आयोग हर साल जनवरी में अपनी मतदाता सूची में नए मतदाताओं को जोड़ने की प्रक्रिया अपनाता है। इसके पहले आयोग ने चुनाव दर चुनाव पाया था कि मतदाता सूची से 18 साल के नये मतदाताओं का नाम आसानी से नहीं जुड़ पाता है और चुनावों में उनकी भागीदारी कम रहती है। इस समस्या से प्रभावकारी तरीके से निपटने के लिए आयोग ने फैसला किया कि देश के दस लाख से अधिक मतदान केन्द्रों में हर वर्ष पहली जनवरी को 18 वर्ष के होने वाले सभी मतदाताओं की पहचान की जाये। पंजीकरण के अलावा मतदाता सूची में शामिल किये गये इन मतदाताओं को शपथ भी दिलाई जाती है। आयोग का मानना था कि इस प्रक्रिया से युवाओं में नागरिकता, सामर्थ्य, गौरव और भागीदारी की भावना पैदा होगी और अवसर आने पर उन्हें अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की प्रेरणा मिलेगी।

चुनाव प्रणाली में
आए हैं कई बड़े परिवर्तन

देश में आजादी के बाद से अब तक चुनाव प्रणाली में कई ऐतिहासिक परिवर्तन आए हैं जिनके बारे में चुनाव आयोग समय-समय पर प्रशिक्षण देकर मतदाताओं को अवगत कराता रहता है। गत् 70 वर्षों के दौरान निर्वाचन आयोग ने लोक सभा के लिए 17 आम चुनाव आयोजित किए हैं। आयोग की यात्रा के दौरान उसके कार्य की गुणवत्ता और स्तर में भी परिवर्तन सबको नजर आया है। 1962 में जहां मतदान की प्रक्रिया पर्ची डालने की प्रणाली थी, वहीं 2004 से मतदान की इलेक्ट्रॉनिक मशीनों पर आधारित वर्तमान प्रणाली शुरू की गई। छपी हुई मतदाता सूचियों का स्थान अब कम्प्यूटरीकृत फोटो-मतदाता सूचियों ने ले लिया है। मतदाताओं का सचित्र पहचान पत्र अब सभी नागरिकों को प्राप्त हो रहा है। निर्वाचन आयोग प्रत्येक मतदाता को एक फोटो पहचान पत्र प्रदान करता है, जिसे निर्वाचकों का फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) कहा जाता है। आपके फोटो और पते के साथ, आपका चुनावी रोल नंबर होता है, जिससे मतदान अधिकारी आसानी से आपकी पहचान कर सकते हैं।

प्रत्येक युवा को मतदाता बनाना है लक्ष्य

भारत निर्वाचन आयोग पूरे देश में इस बार 11वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2021 को मनाएगा। वर्ष 1950 से स्थापित चुनाव आयोग के 61वें स्थापना वर्ष पर 25 जनवरी 2011 को तत्कालीन राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल ने 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' का शुभारंभ किया था। इस आयोजन के दो प्रमुख विषय थे, 'समावेशी और गुणात्मक भागीदारी' तथा 'कोई मतदाता पीछे न छूटे'।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए नए योग्य मतदाताओं तक पहुंचने और हर साल पहली जनवरी से नए मतदाताओं को जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है। सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को आयोग की ओर से निर्देश दिए जाते हैं कि 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले प्रत्येक युवा को मतदाता बनाया जाये। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के सिलसिले में निर्वाचन आयोग समूचे देश में शिक्षित मतदाताओं विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं को आकर्षित करने के लिए व्यापक और सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और मतदान भागीदारी अभियान चलाता रहा है। विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां समय-समय पर इस अभियान का हिस्सा बनकर अधिकाधिक लोगों में मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए जागरूकता फैलाती रही हैं । निःसंदेह आयोग का संदेश उच्च और स्पष्ट है और यह तब तक विश्राम नहीं करेगा, जब तक प्रत्येक योग्य मतदाता स्वेच्छा से मतदान करने न लग जाए।

इस बार होगा ई-एपिक का शुभारंभ

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2021 के आयोजन करने के संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं। इस बार मतदाता दिवस 2021 के अवसर पर ई-एपिक कार्ड का शुभारंभ किया जायेगा। जिससे कि मतदाताओं को जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। ई-एपिक को मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकेगा तथा उसे कम्प्यूटर के माध्यम से स्वयं प्रिंट भी किया जा सकेगा। ई-एपिक पर 02 क्यू.आर., कोड होंगे। एक पर फोटो का स्थाई डाटा तथा दूसरे पर सरल क्रमांक, भाग संख्या, विधान सभा का नाम, पता इत्यादि की जानकारी उपलब्ध होगी।

इसके अलावा इस दिन देश में सरकारों और अनेक सामजिक संस्थाओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिससे कि देश की राजनैतिक प्रक्रियाओं में लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित कि जा सके। राष्ट्रीय मतदाता दिवस भारत के नागरिकों को अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की याद दिलाता है कि प्रत्येक नागरिक की मतदान प्रक्रिया में भागीदारी जरूरी है। क्योंकि लोकतंत्र में एक-एक वोट मायने रखता है।

मतदान और मतदाताओं
से जुड़े कुछ प्रमुख तथ्य

1. हमारे देश में प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदाताओं की एक सूची होती है, जिसे निर्वाचक नामावली कहते हैं। इसमें नाम लिखवाने के लिए न्यूनतम आयु अठारह वर्ष है। संविधान के अनुच्छेद 326 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 19 के अनुसार यह उम्र तय की गई है।
2. पहले मतदाता के रजिस्ट्रीकरण के लिए आयु 21 साल थी। बाद में मतदाता के पंजीकरण की न्यूनतम आयु को कम कर 18 साल कर दिया गया है। इसे 28 मार्च, 1989 से लागू किया गया है।
3. 18 साल की आयु योग्यता को निश्चित करने के लिए प्रासंगिक तारीख उस साल के जनवरी माह का पहला दिन है जिस साल में निर्वाचक नामावली अन्तिम रूप से प्रकाशित की जाती है।
4. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 17 और 18 के प्रावधानों के अनुसार कोई व्यक्ति उसी निर्वाचन-क्षेत्र में एक से अधिक स्थानों में अथवा एक से अधिक निर्वाचन-क्षेत्र में रजिस्ट्रीकृत नहीं हो सकता। निर्वाचक नामावलियों में संशोधन सम्मिलित कराने के लिए आपको फार्म-8 भरकर अपने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण ऑफिसर के पास दाखिल करना होता है।
5. संसदीय अथवा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियां तैयार करने का दायित्व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण ऑफिसर का होता है। इसके अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण ऑफिसर की निर्वाचक नामावलियों की तैयारी/पुनरीक्षण के कार्यों में सहायता देने के लिए एक या अधिक सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण ऑफिसर नियुक्त करता है।
6. दुनिया के ज्यादातर देशों में रविवार को मतदान होता है। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग अवकाश होने की वजह से मतदान में हिस्सा ले सकें।
7. भारत में एक व्यक्ति केवल तभी वोट दे सकता है, जब उसका नाम चुनावी लिस्ट में हो। यदि किसी भी कारण से मतदाता सूची से नाम हटा दिया गया है तो उसके पास भले ही वोटर आईडी हो, वोट डालने का अधिकार नहीं होगा। अगर कोई भारतीय दूसरे देश का नागरिक बन जाए, तो वह भारत में वोटिंग के सारे अधिकार खो देता है।
8. मतदाताओं के रजिस्ट्रेशन की हर देश में अलग-अलग प्रक्रिया है। भारत में मतदाता अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जब चाहे करा सकते हैं। इसके अलावा चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची में लोगों का नाम जोड़ने और हटाने का अभियान चलाया जाता है। लेकिन अलग-अलग देशों में मतदाताओं के पंजीकरण की अपनी-अपनी व्यवस्था है।

- रीता मोदी
(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न – खेल

1. वर्ष 2018 में किस क्लब ने ला लीगा का खिताब जीता था?
(अ) सेविला
(ब) रियल मैड्रिड
(स) बार्सिलोना
(द) इनमें से कोई नहीं

2. पुलैला गोपीचंद ने किस वर्ष ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन टूर्नामेंट जीता था?
(अ) वर्ष 2000 (ब) वर्ष 2001
(स) वर्ष 2003 (द) वर्ष 2005

3. मेसुत ओजिल फुटबॉल में किस देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं?
(अ) जर्मनी (ब) इटली
(स) पुर्तगाल (द) स्पेन

4. ग्रीन पार्क क्रिकेट स्टेडियम भारत के किस शहर में स्थित है?
(अ) कोच्चि (ब) कानपुर
(स) राजकोट (द) कोलकाता

5. आईसीसी ने इनमें से किस खिलाड़ी को दशक का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया है?
(अ) विराट कोहली
(ब) स्टीव स्मिथ
(स) मिशेल स्टार्क
(द) केन विलियम्सन

6. इनमें से किस यूरोपीय शहर में अब तक ओलिंपिक खेल आयोजित नहीं हुए हैं?
(अ) एंटवर्प
(ब) म्यूनिख
(स) हेलसिंकी
(द) इनमें से कोई नहीं

7. मैराथन धावक जोशुआ चेपतगई किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) बहरीन (ब) केन्या
(स) नाइजीरिया (द) युगांडा

8. किस खिलाड़ी ने जर्मनी के लिए फुटबॉल में सबसे ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय गोल किए हैं?
(अ) गर्ड मुलर
(ब) लुकास पोडोलास्की
(स) मिरोस्लाव क्लोस
(द) माइकल बैलाक

9. भारत ने अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट मैच किस देश के खिलाफ खेला था?
(अ) बांग्लादेश
(ब) दक्षिण अफ्रीका
(स) श्रीलंका
(द) ऑस्ट्रेलिया

10. उसैन बोल्ट ने किस वर्ष ओलिंपिक में पहला स्वर्ण पदक जीता था?
(अ) वर्ष 2008 (ब) वर्ष 2009
(स) वर्ष 2010 (द) वर्ष 2004

11. करुण नायर ने किस देश के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाया था?
(अ) न्यूजीलैंड (ब) श्रीलंका
(स) इंग्लैंड (द) वेस्टइंडीज

12. एशियन गेम्स-2014 में हॉकी में पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक किस देश ने जीता है?
(अ) भारत
(ब) पाकिस्तान
(स) दक्षिण कोरिया
(द) मलेशिया

13. वर्ष 1960 में पहले पैरालिंपिक खेल किस शहर में आयोजित किए गए थे?
(अ) तेल अवीव (ब) टोक्यो
(स) अटलांटा (द) रोम

14. वर्ष 2020 में मैक्सिकन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी थीं?
(अ) स्लोएन स्टीफंस
(ब) सोफिया केनिन
(स) हीथर वॉटसन
(द) इनमें से कोई नहीं

15. इनमें से कौन-सी टर्म फुटबॉल से संबंधित नहीं है?
(अ) पेनाल्टी किक
(ब) पेनाल्टी स्ट्रोक
(स) ऑफ साइड
(द) फ्री किक

16. चीन ने एशियन गेम्स-2018 में कितने स्वर्ण पदक जीते थे?
(अ) 121 (ब) 122
(स) 126 (द) 132

17. दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रॉय इमरसन किस देश के लिए खेल चुके हैं?
(अ) अमेरिका
(ब) कनाडा
(स) ऑस्ट्रेलिया
(द) इनमें से कोई नहीं

18. पद्म विभूषण सम्मान हासिल करने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं?
(अ) पी.टी. उषा
(ब) अंजुम चोपड़ा
(स) अंजू बॉबी जॉर्ज
(द) एम.सी. मैरीकॉम

19. वन-डे क्रिकेट में एक पारी में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड किस खिलाड़ी के नाम है?
(अ) चामिंडा वास
(ब) ग्लैन मैक्ग्रा
(स) शाहिद अफरीदी
(द) मुथैया मुरलीधरन

20. वर्ष 2020 में फॉर्मूला-वन की आखिरी रेस कहां आयोजित की गई थी?
(अ) सिल्वरस्टोन
(ब) अबूधाबी
(स) शंघाई
(द) स्पीलबर्ग

21. इनमें से किसे पाकिस्तान क्रिकेट टीम का मुख्य चयनकर्ता बनाया गया है?
(अ) मोहम्मद वसीम
(ब) इंजमाम उल हक
(स) राशिद लतीफ
(द) शोएब अख्तर

22. इनमें से किसने वर्ष 2019 ब्रिटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट जीता था?
(अ) फिल मिकेलसन
(ब) शेन लॉरी
(स) केविन किस्नर
(द) जस्टिन रॉस

23. इस वर्ष एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट किस देश में आयोजित होगा?
(अ) संयुक्त अरब अमीरात
(ब) बांग्लादेश
(स) भारत
(द) श्रीलंका

24. पंकज आडवाणी को वर्ष 2018 में कौन-सा अवॉर्ड मिला है?
(अ) खेल रत्न अवॉर्ड
(ब) अर्जुन अवॉर्ड
(स) पद्म भूषण (द) पद्म श्री

25. न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले खिलाड़ी हैं?
(अ) केन विलियम्सन
(ब) ब्रैंडन मैक्कुलम
(स) रॉस टेलर
(द) स्टीफन फ्लेमिंग

उत्तर

1. (स), 2. (ब), 3. (अ), 4. (ब), 5. (अ), 6. (द), 7. (द), 8. (स), 9. (ब), 10. (अ), 11. (स), 12. (अ), 13. (द), 14. (स), 15. (ब), 16. (द), 17. (स), 18. (द), 19. (अ), 20. (ब), 21. (अ), 22. (ब), 23. (द), 24. (स), 25. (अ)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

संख्यात्मक अभिरुचि

(1) सुरभि, स्वाती तथा श्वेता की वर्तमान आयु का योग 90 वर्ष है। दस वर्ष पूर्व उनकी आयु का अनुपात 1:2:3 था। श्वेता की वर्तमान आयु क्या है?

(A) 40 वर्ष (B) 35 वर्ष
(C) 30 वर्ष (D) 25 वर्ष

उत्तर - (A)

हल - माना कि 10 वर्ष पूर्व सुरभि, स्वाती तथा श्वेता की आयु क्रमशः x, $2x$ तथा $3x$ वर्ष थी। तब प्रश्ननुसार

$x + 2x + 3x = 90 - 3 \times 10$

$6x = 90 - 30$

$x = \frac{60}{6} = 10$ वर्ष

अतः श्वेता की वर्तमान आयु $= 3 \times 10 + 10 = 30 + 10 =$ **40 वर्ष**

(2) एक समूह के 5 व्यक्तियों की औसत आयु 35 वर्ष है। उसी समूह के 03 व्यक्तियों की औसत आयु 30 वर्ष है तो उसी समूह के शेष दो (02) व्यक्तियों की औसत आयु क्या होगी?

(A) 42.5 वर्ष (B) 43 वर्ष
(C) 43.5 वर्ष (D) 44.5 वर्ष

उत्तर - (A)

हल - 05 व्यक्तियों की आयु का योग $= 5 \times 35 = 175$ वर्ष

03 व्यक्तियों की आयु का योग $= 3 \times 30 = 90$ वर्ष

∴ शेष दो (02) व्यक्तियों की आयु का योग $175 - 90 = 85$ वर्ष

∴ शेष दो (02) व्यक्तियों की औसत आयु

$\frac{85}{2} =$ **42.5 वर्ष**

(3) सृष्टि बीमा पॉलिसियों में 5727 रु. का निवेश करती है जो उसकी मासिक आय का 25% है। सृष्टि की मासिक आय है?

(A) 22908 Rs. (B) 22998 Rs.
(C) 23000 Rs. (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (A)

हल - सृष्टि की मासिक आय $= \frac{5727 \times 100}{25} =$ **22908 Rs.**

(4) ऋतु ने एक बैग 1300 Rs. में बेचा तथा उसे 30% लाभ हुआ तो बैग का क्रय मूल्य क्या होगा?

(A) 1000 Rs. (B) 910 Rs.
(C) 905 Rs. (D) 900 Rs.

उत्तर - (A)

हल - क्रय मूल्य $= \frac{\text{विक्रय मूल्य} \times 100}{100 + \text{लाभ \%}}$

$= \frac{1300 \times 100}{130} =$ **1000 Rs.**

(5) यदि राजकुमार की आय बुद्धिप्रकाश की आय से 25% अधिक हो तो बुद्धिप्रकाश की आय राजकुमार की आय से कितने % कम है?

(A) 16.66% (B) 18%
(C) 18.5% (D) 20%

उत्तर - (D)

हल - माना बुद्धिप्रकाश की आय 100 Rs. है तथा राजकुमार की आय = 125 Rs. है

अतः प्रतिशत कमी $= \frac{125 - 100}{125} \times 100$

$= \frac{25}{125} \times 100 =$ **20%**

(6) एक प्रवेश परीक्षा में 600 लड़के तथा 400 लड़कियां शामिल हुईं। लड़कों के 50% तथा लड़कियों के 60% परीक्षार्थी सफल रहे। फेल होने वाले परीक्षार्थियों का प्रतिशत था?

(A) 25% (B) 37%
(C) 48% (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (D)

हल - कुल परीक्षार्थी $= (600 + 400) = 1000$

पास होने वाले लड़के $\frac{600 \times 50}{100} = 300$

पास होने वाली लड़कियां $\frac{400 \times 60}{100} = 240$

इस प्रकार पास होने वाले कुल विद्यार्थी (300 + 240) 540 अतः फेल होने वाले

परीक्षार्थियों का प्रतिशत $= \frac{(1000 - 540) \times 100}{1000}$

अर्थात् $\frac{460 \times 100}{1000} = 46\%$

(7) पांच क्रमिक सम संख्याओं a, b, c, d, e का औसत 82 है। b तथा e का गुणनफल क्या है?

(A) 5880 (B) 5906
(C) 6808 (D) 6880

उत्तर - (D)

हल - माना कि, $a = x$
$b = x + 2$
$c = x + 4$
$d = x + 6$
$e = x + 8$ है

तथा $\frac{x + x + 2 + x + 4 + x + 6 + x + 8}{5} = 82$

$= 5x + 20 = 82 \times 5$
$5x + 20 = 410$
$5x = 410 - 20$

$x = \frac{390}{5} = 78$

अब $b = 78 + 2 = 80$ होगा तथा $e = 78 + 8 = 86$ होगा

∴ $b \times e = 80 \times 86 =$ **6880**

(8) एक व्यक्ति अपनी आमदनी का 10% खो देता है तथा शेष का 70% खर्च कर देने के बाद उसके पास 270 रु. बच जाते हैं। उस व्यक्ति के पास प्रारंभ में कितने रु. थे?

(A) 800 Rs. (B) 850 Rs.
(C) 900 Rs. (D) 1000 Rs.

उत्तर - (D)

हल - माना कि उसके पास प्रारंभ में 100 Rs. थे। 100 का 10% खो देने के बाद 90 Rs. बच गए।

उसने इसका 70% खर्च कर दिया अर्थात्

$\frac{90 \times 70}{100} = 63$ Rs. खर्च किए

अतः उसके पास $90 - 63 = 27$ Rs. बचेंगे

∵ 27 बचते हैं तो प्रारंभ की राशि है 100

∴ 270 रु. बच जाने पर प्रारंभ की राशि होगी

$\frac{270 \times 100}{27} =$ **1000 Rs.**

(9) एक एजेंट मासिक वेतन के रूप में 2800 Rs. तथा विक्रय पर 5% कमीशन प्राप्त करता है। यदि वह चाहे तो केवल 33% की दर से कमीशन ले सकता है। यदि वह पारिश्रमिक की प्रत्येक अवस्था में समान राशि प्राप्त करता है तो विक्रय की राशि क्या होगी?

(A) 8000 Rs. (B) 8980 Rs.
(C) 9900 Rs. (D) 10000 Rs.

उत्तर - (D)

हल - माना कि विक्रय राशि $= x$ Rs. है

अतः x का 5% कमीशन $= \frac{5x}{100}$

प्रथम विकल्प में कुल पारिश्रमिक $= 2800 + \frac{5x}{100}$

द्वितीय विकल्प में कुल पारिश्रमिक $= x$ का $33\% = \frac{33x}{100}$

प्रश्न के अनुसार दोनों विकल्प समान हैं अतः

$2800 + \frac{5x}{100} = \frac{33x}{100}$

$2800 = \frac{33x}{100} - \frac{5x}{100}$

$2800 = \frac{28x}{100}$

$x = \frac{2800 \times 100}{28} =$ **10000 Rs.**

(10) एक कंपनी के प्रबंधक का वेतन 10,000 Rs. मासिक है उसे विक्रय पर 5% कमीशन भी मिलता है। वर्ष 2019 के अंत में कुल विक्रय 20,00,000 Rs. है तो प्रबंध का वर्ष 2019 का कुल वार्षिक पारिश्रमिक होगा?

(A) 2 लाख (B) 2,10,000 Rs.
(C) 2,25,000 Rs. (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (D)

हल - वर्ष में प्राप्त कुल वेतन $10000 \times 12 = 1,20,000$ Rs.

विक्रय पर प्राप्त कमीशन $= \frac{20,00,000 \times 5}{100} =$ 1,00,000 Rs.

कुल पारिश्रमिक $= 120000 + 100000 = 2,20,000$ Rs.

निर्देश (प्र. 11 से 15 तक) प्रत्येक प्रश्न में दी गई श्रेणी में केवल एक अंक सही नहीं है। गलत अंक कौन सा है?

(11) 2, 3, 8, 63, 3966

(A) 3 (B) 8
(C) 63 (D) 3966

उत्तर - (D)

हल -

2	┐	$2^2 - 1$
3	┐	$3^2 - 1$
8	┐	$8^2 - 1$
63	┐	$63^2 - 1$
3968	3966	┘

इस प्रकार 3966 के स्थान पर 3968 आएगा।

(12) 1, 5, 13, 29, 61, 124, 253

(A) 13 (B) 29
(C) 61 (D) 124

उत्तर - (D)

हल -

1	┐	+4
5	┐	+8
13	┐	+16
29	┐	+32
61	┐	+64
125	124	┘
	┐	+128
253		┘

इस प्रकार 124 के स्थान पर 125 आएगा।

(13) 48, 24, 72, 36, 108, 53

(A) 72 (B) 36
(C) 108 (D) 53

उत्तर - (D)

हल -

48	┐	$\times \frac{1}{2}$
24	┐	$\times 3$
72	┐	$\times \frac{1}{2}$
36	┐	$\times 3$
108	┐	$\times \frac{1}{2}$
54	53	┘

इस प्रकार 53 के स्थान पर 54 आएगा।

(14) 0, 3, 8, 15, 24, 35, 49

(A) 15 (B) 24
(C) 35 (D) 49

उत्तर - (D)

हल -

$0 \rightarrow 1^2 - 1$
$3 \rightarrow 2^2 - 1$
$8 \rightarrow 3^2 - 1$
$15 \rightarrow 4^2 - 1$
$24 \rightarrow 5^2 - 1$
$35 \rightarrow 6^2 - 1$
$48\ \boxed{49} \rightarrow 7^2 - 1$

इस प्रकार 49 के स्थान पर 48 आएगा।

(15) 5, 11, 23, 47, 95, 190

(A) 23 (B) 47
(C) 95 (D) 190

उत्तर - (D)

हल -

5	┐	+6
11	┐	+12
23	┐	+24
47	┐	+48
95	┐	+96
191	190	┘

इस प्रकार 190 के स्थान पर 191 आएगा।

(16) किसी वस्तु की कीमत में 20% कमी की गई, उस वस्तु की कीमत को प्रारंभिक कीमत पर लाने के लिए अब उसके मूल्य में कितनी वृद्धि करनी पड़ेगी?

(A) 20% (B) 22%
(C) 24% (D) 25%

उत्तर - (D)

हल - अभीष्ट % वृद्धि $= \frac{20 \times 100}{100 - 20}$

$= \frac{2000}{80} =$ **25%**

(17) दो संख्याओं का योग 150 है। पहली संख्या के दोगुने तथा दूसरी संख्या के 5 गुने का योग 450 है तो संख्याएं होंगी?

(A) 80, 70
(B) 90, 60
(C) 95, 55
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (D)

हल - माना दो संख्याएं x तथा y हैं।

पहली शर्त के अनुसार दोनों संख्याओं का योग 150 है

अर्थात् $x + y = 150$.....(i)

तथा दूसरी शर्त के अनुसार पहली संख्या के दोगुने तथा दूसरी संख्या के 5 गुने का योग 450 है

अर्थात् $2x + 5y = 450$.....(ii)

अब समीकरण (i) को 2 से गुणा करने पर

$2x + 2y = 300$.....(iii)

अब समीकरण (ii) में से समीकरण (iii) को घटाने पर

$2x + 5y = 450$
$2x + 2y = 300$
$- \quad - \quad -$
$3y = 150$

$y = \frac{150}{3} = 50$ (दूसरी संख्या)

अतः पहली होगी $= 150 - 50 = 100$

अतः संख्याएं 100 और 50 होंगी।

(18) 50 विद्यार्थियों का औसत प्राप्तांक 80 था। बाद में पता चला कि एक विद्यार्थी के प्राप्तांक 53 के स्थान पर गलती से 83 पढ़ लिए गए। शुद्ध प्राप्तांक के अनुसार सही औसत प्राप्तांक क्या होगा?

(A) 78.8
(B) 78.9
(C) 79.2
(D) 79.4

उत्तर - (D)

हल - 50 विद्यार्थियों के कुल प्राप्तांक $50 \times 80 = 4000$

उनके प्राप्तांकों का सही योग $4000 - 83 + 53 = 3970$

∴ सही औसत प्राप्तांक $= \frac{3970}{50} =$ **79.4**

- डॉ. डी.सी. राठी
(लेखक, शासकीय महाविद्यालय राऊ में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण जानकारी

निबंध लेखन

मार्च 2021 में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा आयोजित होना संभावित है। इस परीक्षा में कुल 6 अनिवार्य प्रश्नपत्रों में अंतिम प्रश्नपत्र निबंध लेखन का होता है। इस प्रश्नपत्र में जहां एक वृहद निबंध 1000 शब्दों में लिखना होता है, वहीं 2 लघु निबंध 250-250 शब्दों में भी लिखने होते हैं। ये क्रमशः 50 और 25-25 अंकों के होते हैं। इस प्रश्न पत्र को 2 घंटे में हल करना होता है।

कमाई आधारित साक्षरता (लघु निबंध)

कमाई आधारित साक्षरता अर्थात **Earn and learn** की अवधारणा अब न केवल अमेरिका व यूरोप महाद्वीप के पूंजीवादी देशों के लिए ही लाभदायक सिद्ध हो रही, बल्कि अपनी स्थायी उपयोगिता के कारण एशियाई और अफ्रीकी देशों में भी उसी रूप तथा प्रभावशीलता में **'कमाई और पढ़ाई'** के रूप में उभरी है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नीति-निर्माता, अर्थशास्त्री, शिक्षाशास्त्रियों आदि विद्वानजनों ने दक्षता आधारित साक्षरता की आवश्यकता व महत्व का प्रतिपादन किया है। संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में वर्ष 1990 को **विश्व साक्षरता वर्ष** के रूप में मनाने का युगांतकारी कदम उठाया था।

कालांतर में, संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों, विशेषकर एशिया एवं अफ्रीका के पिछड़े व विकासशील देशों में प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को **'विश्व साक्षरता दिवस'** के रूप में मनाने की शुरुआत की गई, जिससे इन देशों की जनता को निरक्षरता के अभिशाप से मुक्त कराया जा सके। वर्तमान लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता और मानव अधिकारों की स्थापना हेतु प्राथमिक शिक्षा की सर्वव्यापकता का अर्थ अब न केवल बच्चों का पूर्ण नामांकन और बच्चों को शाला में रोके रखने तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि पढ़ाई-लिखाई की गुणवत्ता के साथ तकनीकी व व्यावसायिक शिक्षा देना भी हो गया है, जो दक्षता आधारित साक्षरता **(Skill-Based Literacy)** के रूप में चर्चा में बना हुआ है। इस प्रकार संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख अभिकरण यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन) से लेकर राष्ट्रीय व जिला स्तर पर सरकारें अपनी-अपनी क्षमतानुसार, साक्षरता के साथ-साथ लोगों को किसी काम में दक्ष बनाने हेतु कटिबद्ध हो रही हैं, जो कि बेरोज़गारी व गरीबी उन्मूलन हेतु जरूरी है।

भारतीय संविधान के भाग-4 में उल्लिखित राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के अनुच्छेद-45 में व्यवस्था की गई है कि सरकार 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को निःशुल्क व अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा सुलभ कराने का प्रबंध करेगी। इस दिशा में न केवल बच्चों, बल्कि महिलाओं और प्रौढ़ लोगों को साक्षर बनाने हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकारों ने अनेक प्रयास किये हैं, जिन्हें संतोषजनक तो माना जा सकता है, पर्याप्त नहीं। अभी भारत में साक्षरता को अजीविका से पूरी तरह जोड़ना बाकी है, जिससे लोग किसी एक हुनर में दक्ष होकर अपनी **रोटी, कपड़ा और मकान** आदि की बुनियादी जरूरतों को आसानी से पूरा कर सकें।

भारतीय नारी : कल, आज और कल (वृहद निबंध)

समकालीन भारतीय और विश्व समाज में नारी को अब मात्र करुणामयी, सेविका, त्यागी एवं मातृत्व वत्सला के रूप में ही नहीं देखा जा रहा है, बल्कि वे मानसिक, बौद्धिक, राजनीतिक, आर्थिक व वैज्ञानिक दृष्टि से भी दृढ़ हो रही हैं। 21वीं सदी के इन प्रारंभिक दो दशकों में शायद ही कोई ऐसा महीना रहा हो, जिसमें इन नई क्षमताओं का सशक्त उदाहरण दृष्टिगोचर न हुआ हो, जो कि इनकी बदलती भूमिका में नजर आ रहा है। अब छोटे- बड़े देशों की वे राष्ट्राध्यक्ष तक बन रही हैं। हाल ही में भारतीय मूल की कमला हैरिस ने अमेरिका की पहली महिला उपराष्ट्रपति बनकर नवीन उदाहरण प्रस्तुत किया है।

अब तो अर्थ जगत, खेल, विज्ञान, शिक्षा आदि अन्य विभिन्न क्षेत्रों में नारी की भूमिका सृजनात्मक व विकासात्मक होती जा रही है। उदारीकरण की प्रक्रिया ने नयी किस्म के सामाजिक व आर्थिक दवाव पैदा किये हैं और कई स्थापित परम्पराएं टूटने से अब नारी से दोहरी भूमिका की अपेक्षा बलवती हुई है। एक ओर तो उन्हें परम्परागत रूप से ममतामयी मां एवं वहू की भूमिका में देखना पंसद किया जा रहा है तो दूसरी तरफ उनके वेतन से घर की अर्थव्यवस्था का पहिया भी चलाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे वे नई परिस्थितियों से तालमेल बनाकर समाजोत्थान में सक्रिय योगदान जैसे दुरूह कार्य भी कर रही हैं। यह नारियों की नई भूमिका है, जिसे वे सफलतापूर्वक निभाते हुए पुरुषों से दो कदम आगे बढ़ती प्रतीत हो रही हैं।

वस्तुतः समाज में इस नव परिवर्तन से शोषित व प्रताड़ित नारी वर्ग की प्रस्थिति लगातार सुधरती जा रही है, जिसे महिला सशक्तिकरण की संज्ञा दी गई है। आयरिश लेखिका मिसेज सारा ग्रेन्ड ने अपने लेख 'स्त्री प्रश्न के नए आयाम' (The New Aspect of the Women Question) में नारीवादी साहित्य के संदर्भ में 'नई स्त्री' कहा है। बाद में अमेरिकी लेखिका हेनरी जेम्स ने महिला सशक्तिकरण की विस्तृत व्याख्या करते हुए भविष्यवाणी की थी कि नारियों की नई भूमिका में वे स्वतंत्र रूप से नौकरी, व्यवसाय, व्यायाम और उनके लिए असंभव समझे जाने वाले सभी कार्य संपादित करेंगी।

समाज के विकास में नारियों की भूमिका का विवेचन उनकी उपलब्धियों, समस्याओं व इनके उज्ज्वल भविष्य के निर्धारण करने जैसे विन्दुओं के अन्तर्गत करना समीचीन होगा, ताकि नारियां समाज में और भी सशक्त भूमिका का निर्वहन कर सकें-

1. प्राचीन भारत में नारी

प्राचीनकाल में भवभूति ने 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवताः' कहकर जहां नारीवर्ग की प्रतिष्ठा स्थापित की वहीं गार्गी, मैत्रेयी, भारती आदि विदुषियों ने ज्ञानार्जन द्वारा ऋषियों को भी चुनौती देकर इसे मूर्त रूप दिया। भारत के राजनीतिक इतिहास के अनुशीलन से ज्ञात होता है कि राजकुल की स्त्रियां ज्ञान-विज्ञान और ललित कलाओं में प्रवीण होने के साथ-साथ राजनीति व युद्धकला का प्रशिक्षण भी प्राप्त करती थीं। वे राजाओं एवं युवराजों के साथ गृहिणी एवं राजनीतिक सलाहकार के रूप में दोहरी भूमिका का निर्वहन कुशलतापूर्वक करती थीं।

कौटिल्य ने भी राजनीति के दांवपेंच, जासूसी एवं कूटनीति के प्रयोग में स्त्रियों की भूमिका को आवश्यक माना है। इसी कारण अधिकतर राजदरबारों में राजा के चारों ओर स्त्रियां विद्यमान रहती थीं। कल्याणी के चालुक्य वंश की रानी अक्का देवी भी युद्ध में भाग लेती थीं। वे युद्ध का संचालन भी करती थीं। उत्तर भारत में भी मौर्य वंश में सुसज्जित अंगरक्षक स्त्रियों के विस्तृत विवरण मिलता है। मिहिर भोज की 'ग्वालियर प्रशस्ति' में स्त्रियों के सैन्य समुदाय का वर्णन है। ये स्त्रियां सैन्य व्यवसाय के लिए प्रसिद्ध थीं।

2. मध्यकालीन भारत में नारी

मध्यकाल में जीजा बाई ने अपने विवेक व कौशल से शिवाजी को देश प्रेम व स्वाभिमान से ओत-प्रोत किया। इसके बाद भारत में कई महिलायें शासिका बनीं और इन्होंने सफलतापूर्वक शासन भी किया। इनमें उल्लेखनीय है-रानी रूद्रम्मा (काकतीय वंश), रानी दुर्गावती (गोंड वंश), चांदबीबी सुल्ताना (अहमदशाही), बड़ी बेगम साहिबा (आदिलशाही), ताराबाई (भोंसले), रानी चेनम्मा (कित्तूर वंश), रानी लक्ष्मीबाई (मराठा) आदि। नेपोलियन ने तो समाज में नारी की भूमिका को अतिमहत्वपूर्ण मानते हुए कहा था- "एक नारी केवल एक बच्चे को ही जन्म नहीं देती है, बल्कि वह एक राष्ट्र को भी जन्म देती है।"

3. स्वतंत्र भारत में नारी की भूमिका

सन् 1985 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन महिला एवं बाल विकास विभाग और 1992 में गठित राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा संचालित कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप नारियों की स्थिति में अमूल-चूल परिवर्तन संभव हुए हैं। महिलाओं को सरकारी सेवा में आरक्षण रूपी संरक्षणात्मक न्याय मिलने से समकालीन भारतीय महिलाओं की शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। इस प्रकार विकास में महिलाओं की भूमिका को देखते हुए ही सन् 1975 में संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर सभी देशों ने प्रतिवर्ष 8 मार्च को **'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस'** के रूप में मनाना शुरू किया।

भारत में 73 एवं 74वें संविधान संशोधन द्वारा ग्रामीण एवं नगरीय पंचायतों में महिलाओं हेतु एक तिहाई स्थानों को आरक्षित होने से वे चूल्हे-चौके से वाहर निकलकर चौपाल तक पहुंच सकीं हैं। स्थानीय स्वशासन के अंतर्गत महिलाओं को जनप्रतिनिधि के रूप में राजनीतिक शक्ति मिली है, जिससे उन्हें सामाजिक व आर्थिक शक्ति भी प्राप्त हो रही है। इस शक्ति से प्रेरित होकर करोड़ों महिलाएं जागृत हुई हैं।

4. आर्थिक व वाणिज्य क्षेत्र में नारी की भूमिका

महात्मा गांधी ने कहा था, "जब तक भारतीय महिलायें आर्थिक व राजनीतिक मामलों में पुरुषों के साथ वरावरी की हिस्सेदारी नहीं निभाती हैं तव तक भारत का सितारा बुलंद नहीं होगा।" अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने 1951 में महिलाओं को पुरुषों के समान वेतन देने हेतु नियम बनाया। इसी परिप्रेक्ष्य में भारत में महिला कर्मचारियों को अपने वच्चों को स्तनपान कराने हेतु आवश्यक रूप से प्रसूति हेतु 80 कार्य दिवस का अवकाश देने हेतु एक्ट बनाये गए, जिससे कामकाजी महिलाओं को लाभ हुआ है। वस्तुतः इन प्रावधानों से भारतीय महिलाएं न केवल भारतीय, बल्कि विश्व अर्थव्यवस्था में भी अपना योगदान देने में समर्थ हुई हैं। अब प्रसूति अवकाश 180 कार्य दिवस का दिया जा रहा है। 21वीं सदी की भारतीय नारियां स्वतंत्रतापूर्वक व्यापार, उद्योग, बैंकिंग, खेलकूद, सेना, अंतरिक्ष, यातायात, विज्ञान आदि क्षेत्रों में भी नई ऊंचाईयां प्राप्त कर रही हैं, जिससे समाज में नारी की भूमिका लगातार प्रतिष्ठापित हो रही है।

5. खेलकूद व अन्य क्षेत्रों में नारी

विश्व स्तरीय खेलकुंभों में तो महिला खिलाड़ियों ने पुरुष खिलाड़ियों की तुलना में अधिक पदक प्राप्त करके सिद्ध कर दिया है कि यदि उन्हें पूर्ण सुविधाएं व अवसर उपलब्ध कराये जायें तो वे समाज कल्याण की गति को दिन दूना रात चौगुना कर सकती हैं। कर्णम मल्लेश्वरी को भला कौन शिक्षित भारतीय नहीं जानता होगा जिसने सिडनी ओलिंपिक (2000) में एक कांस्य पदक प्राप्त करते हुए भारत को पदक तालिका में स्थान दिलाया। शादी के बाद एथलीट (धावक) बनने वाली पहली भारतीय महिला ज्योतिर्मय सिकदर ने घर से अचानक वाहर निकलकर 29 वर्ष की आयु में एक वार ट्रैक पर कदम क्या रखा कि वे 13वें एशियाड में गोल्ड मेडल लेकर ही रुकीं।

इसी प्रकार सानिया मिर्जा, पी.वी. सिंधु, साइना नेहवाल, दीपा कर्माकर, अंजुम चौपड़ा आदि ने खेलकूद में दर्जनों कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कल्पना चावला ने तो भारतीय महिला की बदलती भूमिका का विश्व स्तर पर सशक्त प्रतिनिधित्व किया है, जिसे अब भारतीय मूल की दूसरी महिला अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने नये आयाम प्रदान किये हैं।

6. नारी की भूमिका को अधिक सृजनात्मक बनाने हेतु व्यावहारिक सुझाव

1. प्रताड़ित नारियों के लिए नेतृत्व अभाव को दूर करने हेतु महिला नेत्रियों को भी सक्रिय रहना होगा, क्योंकि पिछड़ी नारियों को सुविधाएं दिलवाने में यही महिलाएं परिवर्तन भूमिका निभा सकती हैं।
2. पुरुष प्रधान समाज व सरकार को भी अपनी सोच वदलनी होगी कि वे अव विशेषाधिकारी नहीं हैं। नारी वर्ग को भी अपनी दुर्दशा सुधारने हेतु पुरुष वर्ग का मार्गदर्शन व स्वैच्छिक सहयोग लेना चाहिए, हां इन पुरुषों को विश्वसनीयता की कसौटी पर पहले ही परख लेना चाहिए।
3. निरक्षरता ने न केवल नारी, वल्कि सम्पूर्ण मानवीय समाज को घेर रखा है और निरक्षरता समाज के लिए अभिशाप सिद्ध हुई है। समाज अभी भी अंधविश्वासों में जकड़ा हुआ है। अतः निरक्षरता को समाप्त करने हेतु परिवार, पड़ोस, सरकार व समाज को गम्भीरता से कार्य करना होगा।

निष्कर्ष

पिछले दो दशकों से चल रहीं महिला योजनाओं एवं कार्यक्रमों आदि से भारतीय नारी की स्थिति में उत्तरोत्तर सुधार हुए हैं, जिससे वे समाज में सकारात्मक व अनुकरणीय भूमिका निभा पा रही हैं। अव परिवार ही नहीं, वरन समाज में भी नारी को घर की चार दीवारी, पर्दा प्रथा एवं उपेक्षित व्यवहार से वाहर निकलने हेतु प्रेरित एवं उत्साहित किया जा रहा है। स्त्री और पुरुष के वीच व्याप्त अंतर को समाप्त करने हेतु जे.एस. मिल ने अपनी पुस्तक सब्जेक्शन ऑफ वूमन में लिखा है- "जव तक महिलाओं को पुरुषों के समान पूर्ण स्वतंत्रता और समानता नहीं दी जाती, तव तक शक्ति हमेशा पुरुषों के पक्ष में ही रहेगी तव तक स्त्री उसके आधीन वनी रहने के लिये वाध्य रहेगी।" वस्तुतः यह वदलाव वालिकाओं और महिलाओं द्वारा विद्यालय, महाविद्यालय, प्रतियोगी परीक्षा एवं तकनीकी संस्थानों आदि में दिनोंदिन वढ़ते प्रवेश लेने से स्वतः परिलक्षित होता है। पिछले कई वर्षों से लड़कियां ही हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं में लड़कों से ज्यादा उत्तीर्ण हो रही हैं। निःसंदेह यह वदलाव समाज व नारी वर्ग के लिए शुभ संकेत है, जिससे भविष्य में नारियों का चौतरफा सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

- डॉ. नियाज अहमद अंसारी
(लेखक, शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया में राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विषय के सहा. प्राध्यापक हैं।)

कोविड-19 की उपचार दर रिसेप्शन काउन्टर पर प्रदर्शित करें

भोपाल, स्वास्थ्य आयुक्त ने प्रदेश के सभी क्लीनिक और नर्सिंग होम को कोविड-19 की उपचार की निर्धारित की गई दरों को रिसेप्शन काउन्टर पर प्रदर्शित करने के के निर्देश दिए हैं। मरीजों और परिजनों द्वारा दरों की मांग करने पर उन्हें भी उपचार की दरें उपलब्ध कराई जाएं।

संचालक स्वास्थ्य, सूचना शिक्षा संचार ब्यूरो श्री वसंत कुर्रे ने वताया कि यह आदेश पूर्व में जारी किये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय जवलपुर द्वारा नवम्वर 2020 में कोविड-19 की निर्धारित उपचार दरों को क्लीनिक और नर्सिंग होम में रिसेप्शन काउन्टर पर प्रदर्शित करने के संवंध में पारित आदेश के अनुक्रम में निर्देश जारी किए गये है।

संचालक श्री कुर्रे ने वताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आदेश क्लीनिक्स इस्टाविलिशमेंट और नर्सिंग होम संवंधी (उपचर्यागृहों एवं रूजोपचार संवंधी) रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन नियम-1997 की अनुसूची-2 के खण्ड(5) और 5(1)के प्रावधानों के तहत पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

इस मामले में यह भी स्पष्ट किया गया है कि क्लीनिक एवं नर्सिंग होम जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कोविड-19 की निर्धारित दरों की भेजी गई सूची में दर्शायी दरों से 40 प्रतिशत से अधिक प्राप्त नहीं कर सकेंगे।

मध्यप्रदेश में अब तक 1.45 लाख युवाओं को मिला रोज़गार

भोपाल, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अभियान के तहत प्रदेश के युवाओं को रोज़गारपरक तकनीकी कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर आजीविका के वेहतर अवसर प्रदान करने की मुहिम में इस वित्त वर्ष में अव-तक विभिन्न विभागों द्वारा एक लाख 45 हजार युवाओं को रोज़गार एवं स्व-रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराये गये हैं। प्रदेश के युवाओं को रोज़गार संबंधी सभी जानकारियां एक स्थान पर उपलब्ध हो सकें, इसके लिये जिला रोज़गार कार्यालयों को मॉडर्न कॅरियर सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है।

रोज़गार कार्यालय का मैच-मेकिंग पोर्टल www.mprojgar.gov.in का आधुनिकीकरण किया गया है। अब युवा इस वेवसाइट के माध्यम से अपना निःशुल्क पंजीयन कर वेवसाइट पर रजिस्टर्ड नियोजक के माध्यम से रोज़गार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे। कौशल विकास एवं रोज़गारमूलक योजनाओं से संवंधित डाटा को एक प्लेटफार्म पर प्रदर्शित करने के लिये कौशल एवं रोज़गार डेशवोर्ड निर्मित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

विभिन्न जिलों में युवाओं को रोज़गार

इस वित्त वर्ष में 20 जनवरी तक की स्थिति में विभिन्न जिलों में अलग-अलग विभागों द्वारा युवाओं को रोज़गार उपलब्ध कराया गया। इसमें आगर-मालवा जिले में 1523 लोगों को रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराये गये।

अनूपपुर में 694, अशोकनगर में 762, अलीराजपुर में 1076, भोपाल में 4591, बालाघाट में 3432, बुरहानपुर में 1429, भिण्ड में 816, दतिया में 908, बैतुल में 2017, छिंदवाड़ा में 8964, दमोह में कुल 1189, छतरपुर में 5203, देवास में 2404, डिण्डोरी में 4952, गुना में 2375, धार में 9796, कटनी में 3455, इंदौर में 3887, जवलपुर में 2481, खरगोन में 1939, होशंगावाद में 984, मण्डला में 5272, मंदसौर में 1471, हरदा में 1144, ग्वालियर में 2659, मुरैना में 3142, खण्डवा में 1021, झावुआ में 3897, रीवा में 3022, पन्ना में 2388, सतना में 6365, नीमच में 954, रायसेन में 2014, नरसिंहपुर में 1953, सागर में 4530, रतलाम में 1658, निवाड़ी में 1842, राजगढ़ में 1519, श्योपुर में 1616, सीधी में 5772, शाजापुर में 913, सीहोर में 1651, शहडोल में 2139, शिवपुरी में 2258, सिवनी में 1987, सिंगरौली में 3286, टीकमगढ़ में 2917, विदिशा में 1541, उज्जैन में 1974 और उमरिया में 2216 युवाओं को रोज़गार के अवसर मिले।

प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

प्र. 1 'द्विखण्ड बुद्धि का सिद्धान्त' किसने दिया?
(a) स्पीयरमैन (b) युंग
(c) स्टर्न (d) गैरिसन
उत्तर- (a) स्पीयरमैन
व्याख्या- बुद्धि का एकतत्व सिद्धान्त जॉनसन ने एवं द्वितत्व (द्विखण्ड) सिद्धान्त स्पीयरमैन ने दिया।

प्र. 2 नैतिक क्रियाओं को सीखते समय बालक की आयु होती है, लगभग?
(a) 4-5 वर्ष (b) 8 वर्ष
(c) 10 वर्ष (d) 11 वर्ष
उत्तर- (a) 4-5 वर्ष
व्याख्या- फ्रायड के अनुसार 'मनुष्य को जो कुछ भी बनना होता है, वह 4-5 वर्षों में बन जाता है'।

प्र. 3 'पहाड़ पर लालटेन' किसकी रचना है?
(a) डबराल (b) अज्ञेय
(c) मुक्तिबोध (d) दिनकर
उत्तर- (a) डबराल
व्याख्या- मंगलेश डबराल (1948-2020) की प्रमुख कृतियां हैं - घर का रास्ता, हम जो देखते हैं, आवाज भी एक जगह है आदि।

प्र. 4 आवश्यकता सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया?
(a) मास्लो (b) डिवी
(c) वुडवर्थ (d) वी.एन. झा
उत्तर- (a) मास्लो
व्याख्या- 'ए थिअरी ऑफ ह्यूमन मोटिवेशन' नामक ग्रन्थ में मास्लो का आवश्यकता पदानुक्रम प्रस्तुत किया गया।

प्र. 5 सर्वप्रथम बुद्धि परीक्षण का निर्माण कब हुआ?
(a) 1905 में (b) 1937 में
(c) 1940 (d) 1945
उत्तर- (a) 1905 में
व्याख्या- बिने ने साइमन के सहयोग से प्रथमतः 1905 में बुद्धि परीक्षण किया।

प्र. 6 सामान्य बालक की बुद्धिलब्धि होती है?
(a) 130 से अधिक
(b) 91 से 110
(c) 71 से 80
(d) 71 से कम
उत्तर- (b) 91 से 110

प्र. 7 15 घंटे का कितना प्रतिशत 18 सेकंड होता है?
(a) 1/30 (b) 1/20
(c) 1/40 (d) 1/50
उत्तर- (a) 1/30
व्याख्या- 1 घंटा = 60 × 60
अर्थात माना 18 सेकंड 15 घंटे का $x\%$ है तो -

$$(15 \times 60 \times 60) \times \frac{x}{100} = 18$$

$$x = \frac{18 \times 100}{15 \times 60 \times 60}$$

$$x = \frac{1}{30}$$

प्र. 8 एक घड़ी को 250 रु. में खरीदकर 500 रु. में बेचा जाए तो लाभ प्रतिशत होगा?
(a) 50% (b) 75%
(c) 100% (d) 200%
उत्तर- (c) 100%
व्याख्या- लाभ प्रतिशत $= \frac{250}{250} \times 100$
= 100 प्रतिशत

प्र. 9 1000 पर 10% वार्षिक की दर से साधारण ब्याज होगा?
(a) 25 रु. (b) 100 रु.
(c) 75 रु. (d) 20 रु.
उत्तर- (b) 100 रु.
व्याख्या-

$$\text{साधारण ब्याज} = \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$$

$$= \frac{1000 \times 10 \times 1}{100}$$

= 100/- रुपये

प्र. 10 एक कुर्सी 900/- रु. में खरीदकर 810/- रु. में बेची जाती है तो हानि प्रतिशत है?
(a) 5% (b) 10%
(c) 20% (d) 15%
उत्तर- (b) 10%
व्याख्या- हानि = 900 - 810 = 90/- रुपये

$$\text{हानि प्रतिशत} = \frac{90}{900} \times 100$$

= 10%

प्र. 11 A और B की वर्तमान आयु का अनुपात 3:2 है। 6 वर्ष बाद उनका अनुपात 4:3 होगा तो A की वर्तमान आयु है?
(a) 20 वर्ष (b) 18 वर्ष
(c) 10 वर्ष (d) 22 वर्ष
उत्तर- (b) 18 वर्ष
व्याख्या- प्रश्नानुसार,

$$\frac{3x+6}{2x+6} = \frac{4}{3}$$

$\rightarrow 9x + 18 = 8x + 24$
$\rightarrow 9x - 8x = 24 - 18$
$x = 6$
A की वर्तमान आयु $3x$
$3 \times 6 = 18$ वर्ष

प्र. 12 यदि क्रय मूल्य एवं विक्रय मूल्य का अनुपात 20 : 21 है तो लाभ प्रतिशत ज्ञात करें?
(a) 2% (b) 5%
(c) 10% (d) 8%
उत्तर- (b) 5%
व्याख्या- क्रय मूल्य : विक्रय मूल्य
20 : 21
लाभ = 1

$$\frac{1}{20} \times 100$$

= 5%

प्र. 13 क्रय मूल्य एवं विक्रय मूल्य का अनुपात 5 : 4 है तो हानि प्रतिशत होगा?
(a) 25% (b) 20%
(c) 15% (d) 10%
उत्तर- (b) 5%
व्याख्या- क्रय मूल्य : विक्रय मूल्य
5 : 4
$\rightarrow$ हानि हो रही है 1

तो $\frac{1}{5} \times 100$

= 20% हानि

प्र. 14 60 में कुल कितनी संख्याओं से भाग दिया जा सकता है?
(a) 13 (b) 12
(c) 6 (d) 8
उत्तर- (b) 12
व्याख्या- 60 का गुणनखंड करेंगे
$\rightarrow 2 \times 2 \times 3 \times 5$
$\rightarrow 2^2 \times 3^1 \times 5^1$
उक्त घात में एक-एक जोड़ देने एवं उनका गुणा करने पर
$2+1 \times 1+1 \times 1+1$
$= 3 \times 2 \times 2$
= 12 संख्याओं से भाग दिया जा सकता है।

प्र. 15 360 में कुल कितनी संख्या से भाग दिया जा सकता है?
(a) 20 (b) 24
(c) 35 (d) 10
उत्तर- (b) 24
व्याख्या- 360 का गुणनखंड निकालें
$\rightarrow 2 \times 2 \times 2 \times 3 \times 3 \times 5$
$\rightarrow 2^3 \times 3^2 \times 5^1$
$\rightarrow$ घात (पावर) में 1 जोड़ने पर
3+1, 2 +1, 1+1
$4 \times 3 \times 2 = 24$
24 संख्याओं से भाग दिया जा सकता है।

प्र. 16 ABANDON का Synonym है?
(a) Leave (b) Exuberance
(c) Scorn (d) Degrade
उत्तर- (a) Leave
व्याख्या- Abandon का अर्थ है छोड़ देना। इसके समानार्थी शब्द हैं - Leave, Strand, ditch, desert etc.

प्र. 17 निम्न में सही जोड़ा है?
(a) God - Goddess
(b) Lord-Lords
(c) Monk-Monkey
(d) Actor-Player
उत्तर- (a) God - Goddess

प्र. 18 अनवीकरणीय संसाधन है?
(a) मृदा (b) जल
(c) वनस्पति (d) पेट्रोलियम
उत्तर- (d) पेट्रोलियम
व्याख्या- अनवीकरणीय ऊर्जा की मात्रा प्रकृति में सीमित होती है एवं उपयोग करने पर इनकी मात्रा में क्रमशः कमी आती जाती है। कोयला, पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस इसके उदाहरण हैं।

प्र. 19 पश्चिमी हिन्दी का विकास हुआ है?
(a) मगधी से
(b) शौरसेनी से
(c) खस से
(d) ब्राचड से
उत्तर- (b) शौरसेनी से
व्याख्या- शौरसेनी अपभ्रंश से पश्चिमी हिन्दी, राजस्थानी तथा गुजराती भाषा का विकास हुआ है।

प्र. 20 इत्यादि में संधि है?
(a) दीर्घ (b) गुण
(c) यण (d) अयादि संधि
उत्तर- (c) यण
व्याख्या- स्वर संधि के 05 भेद हैं - दीर्घ, गुण, यण, अयादि एवं वृद्धि संधि।

प्र. 21 उपसर्ग युक्त शब्द नहीं है?
(a) प्रत्यक्ष (b) प्रत्येक
(c) निवारण (d) शीतल
उत्तर- (d) शीतल
व्याख्या- शब्दों के आदि में उपसर्ग जुड़ते हैं।

प्र. 22 चिरायु में प्रयुक्त उपसर्ग है?
(a) चि (b) चिरा
(c) चिर (d) आयु
उत्तर- (c) चिर
व्याख्या- चिर का अर्थ है बहुत देर। चिर उपसर्ग से बने शब्द हैं - चिरकाल, चिरायु, चिरंजीवी आदि।

प्र. 23 आजन्म में समास है?
(a) बहुव्रीहि (b) अव्ययी
(c) द्विगु (d) द्वन्द्व
उत्तर- (b) अव्ययीभाव
व्याख्या- जिस समास का पहला पद अव्यय तथा प्रधान हो उसे अव्ययीभाव समस कहते हैं -
उदाहरण - प्रतिदिन, आजन्म, यथासंभव, अनुरूप आदि।

प्र. 24 रचना के आधार पर शब्द के कितने भेद हैं?
(a) 02 (b) 03
(c) 04 (d) 05
उत्तर- (b) 03
व्याख्या- रचना के आधार पर शब्द के तीन प्रकार हैं - 1. रूढ़, 2. यौगिक, 3. योगरूढ़

प्र. 25 निम्न में तत्सम शब्द है?
(a) कुपुत्र (b) धान
(c) तीरथ (d) तेल
उत्तर- (a) कुपुत्र
व्याख्या- संस्कृत के ऐसे शब्द जिन्हें ज्यों का त्यों हिन्दी भाषा में प्रयुक्त किया जाता है, उन्हें तत्सम शब्द कहा जाता है। संस्कृत से विकृत होकर बने शब्द तद्भव हैं।

तत्सम	तद्भव
कुपुत्र	कपूत
धान्य	धान
तैल	तेल
तीर्थ	तीरथ
ग्राम	गाँव

प्र. 26 निम्न रचना व रचनाकार के जोड़े में गलत है?
(a) मृगनयनी-वृंदावनलाल वर्मा
(b) साहित्य देवता-अज्ञेय
(c) काठ का सपना-मुक्तिबोध
(d) राग दरबारी-श्रीलाल शुक्ल
उत्तर- (b) साहित्य देवता-अज्ञेय
व्याख्या- साहित्य देवता माखनलाल चतुर्वेदी की रचना है। वह कवि, लेखक और पत्रकार थे। उनकी ख्यात रचनाएं हैं - साहित्य देवता, हिमकिरीटिनी, युगचरण, समय के पाँव, अमीर इरादे : गरीब इरादे आदि।

- जितेन्द्र सिंह भदौरिया
(लेखक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लिखते हैं।)

कोरोना नियंत्रण में स्व-सहायता समूहों की भूमिका महत्वपूर्ण

भोपाल, आशा-आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कोरोना काल मे समाज को नई दिशा दिखाई है, हम उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हैं। ये बातें सूक्ष्य, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने मंदसौर के जावद विधानसभा क्षेत्र के सिंगोली में आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, स्व-सहायता समूह कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये कहीं।

श्री सखलेचा ने कहा कि क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्रों को बच्चों के लिए रुचिकर बनाना है ताकि बच्चे प्रतिदिन आंगनवाड़ी केंद्रों में आएं। आंगनवाड़ी केंद्रों में खेल सामग्री, खिलौने एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में खेल सामग्री एवं खिलौने आदि उपलब्ध कराने के लिए वे अपनी विधायक निधि से राशि प्रदान करेंगे।

श्री सखलेचा ने कहा कि जिला कार्यक्रम अधिकारी अपने क्षेत्र में यह देख लें कि सभी आंगनवाड़ी केंद्र शासकीय भवनों में संचालित हों। यदि कहीं कोई विभागीय भवन उपलब्ध नहीं है, तो वहां स्कूल या पंचायत के अन्य रिक्त भवन में भी आंगनवाड़ी केंद्र संचालित किया जा सकता है।

श्री सखलेचा ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को समूह से जोड़कर स्व-रोज़गार की पहल करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए स्कूल के बच्चों की यूनिफॉर्म बनाने का कार्य सौंपने पर विचार किया जा रहा है। इससे महिलाओं को समूह के माध्यम से स्व-रोज़गार तो मिलेगा ही उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। श्री सखलेचा ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं का आह्वान किया कि वे स्थानीय स्तर पर स्व-रोज़गार के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर लें और गणवेश सिलाई का कार्य अच्छी गुणवत्ता के साथ करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत के समूह को लगभग एक करोड़ की राशि का गणवेश सिलाई का कार्य मिलने वाला है। महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से आर्थिक गतिविधियां संचालित कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

नर्मदा को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सभी का दायित्व - मुख्यमंत्री

अनूपपुर, पवित्र नर्मदा नदी मध्यप्रदेश की जीवन रेखा है। मां नर्मदा के आशीर्वाद से प्रदेश में सुख-समृद्धि आती है। पवित्र नर्मदा नदी के उद्गम-स्थल अमरकंटक को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिये संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है। नर्मदा के उद्गम-स्थल में गंदा पानी और मैला न मिले इसके लिए सख्त कदम उठाए जायेंगे। उद्गम स्थल को स्वच्छ, सुंदर और पवित्र बनाये रखने के लिए जनमानस के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अनूपपुर जिले की पवित्र नगरी अमरकंटक में भारत सरकार पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजनांतर्गत धार्मिक पर्यटन क्षेत्र अमरकंटक में 49.98 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं अमरकंटक क्षेत्र के अन्य विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पवित्र अमरकंटक नगरी साधु-संत एवं ऋषि मुनियों की तप-स्थली रही है। इसे पवित्र बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। अमरकंटक क्षेत्र के नागरिक एवं संत समाज इस दिशा में सोचें कि पवित्र नर्मदा नदी में किसी प्रकार गंदगी न पहुँचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा जल ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य आगामी 6 माह में पूरा कर नर्मदा के तटीय क्षेत्रों में पौधरोपण किया जाए। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि अमरकंटक में पक्के निर्माण कार्यों एवं सीमेण्ट-कांक्रीट के कार्यों को प्रतिबंधित किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरकंटक क्षेत्र के पर्यावरण को वैज्ञानिक ढंग से संतुलित किया जाएगा। हमारा प्रयास है कि नर्मदा नदी का संरक्षण और संवर्धन हो, जिससे नर्मदा का जल पुनः कल-कल बहे।

श्री चौहान ने कहा कि अमरकंटक क्षेत्र के गायत्री और सावित्री सरोवरों से गाद निकालने का कार्य प्रारंभ किया जाए और इन्हें स्वच्छ और सुंदर बनाया जाये। उन्होंने कहा कि भारत सरकार पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजनान्तर्गत अमरकंटक में विभिन्न निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, जिससे अमरकंटक का स्वरूप बदलेगा और पर्यटक आकर्षित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरकंटक क्षेत्र के जंगल में कुटियों के निर्माण के साथ ध्यानकुटी भी बनायी जायेगी। इस क्षेत्र के 825 मूल निवासियों को आवास योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमरकंटक क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की जड़ी बूटियां होती हैं। इन जड़ी-बूटियों की खेती के लिए जनजातीय परिवारों को प्रोत्साहित किया जाए और जनजातीय परिवारों के जड़ी-बूटियों के ज्ञान का लाभ आम लोगों तक पहुंचाया जाए।

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि नर्मदा भक्त के रूप में अमरकंटक के विकास के लिये माँ नर्मदा ने मुझे निमित्त बनाया है। माँ नर्मदा के लिए मुझे कुछ अच्छा करने का अवसर मिला है जिसे में अपना भाग्य समझता हूं।

16 जनवरी

एनपीएस से महज पांच दिन में खाते में आयेगी राशि

●पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) से आंशिक निकासी के नियमों को आसान बना दिया है। नये नियमों के अनुसार एनपीएस के उपभोक्ता अब सेल्फ डिक्लेरेशन के जरिये फंड से आंशिक निकासी कर सकते हैं। यह राशि महज पांच कामकाजी दिनों में बैंक खाते में ट्रांसफर हो जायेगी। नियमानुसार एनपीएस में तीन वर्ष तक राशि जमा करने के बाद ही उपभोक्ता आंशिक निकासी करने के पात्र होते हैं। उपभोक्ता अपनी जमा अंश राशि की 25 प्रतिशत राशि ही निकाल सकता है। पहले उपभोक्ता को फंड से आंशिक निकासी करने के लिये संबंधित नोडल ऑफिस में आवेदन करना होता था।

●इंडोनेशिया में एक शक्तिशाली भूकंप से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर 6.2 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। इस भूकंप के कारण 42 लोगों की मृत्यु हो गई, वहीं 600 से ज्यादा लोग घायल भी हुये हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार भूकंप के झटके सात सेकेंड तक महसूस किये गये। भूकंप का केंद्र सुलावेसी प्रांत के मामुजु शहर में जमीन में दस किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के कारण कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। आशंका जताई जा रही है कि इन इमारतों के मलबे में कई लोग दबे हो सकते हैं।

●अमेरिकी प्रशासन ने चीन की स्मार्ट फोन कंपनी श्ओमी कॉर्पोरेशन और सरकारी तेल कंपनी चाइना नेशनल ऑफशोर ऑयल कॉर्प सहित नौ कंपनियों को ब्लैक लिस्टेड किया है। इन कंपनियों को चीनी सेना से जुड़ाव के आरोपों के बाद ब्लैक लिस्ट किया गया है। इन कंपनियों को ब्लैक लिस्ट करने के बाद अमेरिकी निवेशकों को चीन की इन कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी खत्म करनी होगी। इसके लिये निवेशकों को नवम्बर 2021 तक का समय दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी अमेरिका ने चीन की 60 कंपनियों को ब्लैक लिस्ट किया था।

17 जनवरी

विश्व में सबसे ज्यादा प्रवासी नागरिक भारत के हैं – संयुक्त राष्ट्र

●विदेशों में रहने के मामले में भारतीय दुनियाभर में पहले पायदान पर पहुंच गये हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में दी गई है। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग (यूएनडीईएसए) द्वारा जनसंख्या खंड की जारी रिपोर्ट इंटरनेशनल माइग्रेशन 2020 में कहा कि वर्ष 2020 में भारत से बाहर रहने वाले नागरिकों की संख्या 18 मिलियन यानी एक करोड़ 80 लाख है। भारतीय प्रवासी नागरिक सबसे ज्यादा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका और सऊदी अरब में रहते हैं। रिपोर्ट के अनुसार भारत के बाद मैक्सिको और रूस के 1.1 करोड़, चीन के एक करोड़ तथा सीरिया के 80 लाख लोग विश्व के अन्य देशों में रहते हैं।

●महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिये सऊदी अरब एक नई पहल करने जा रहा है। सऊदी अरब अब न्यायालयों में जजों के रूप में महिलाओं की नियुक्ति करेगा। सऊदी अरब मानव संसाधन और सामाजिक विकास मंत्रालय के महिला सशक्तीकरण मामलों के सचिव हिंद अल जाहिद ने बताया कि महिलाओं के सशक्तीकरण के लिये सऊदी अरब में कई स्तरों पर पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी 31 प्रतिशत हो चुकी है, इसे हम 41 प्रतिशत तक ले जाना चाहते हैं।

●भूकंप के बाद अब इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फट गया है। इंडोनेशिया की जियोलॉजिकल एजेंसी के अनुसार पूर्वी जावा प्रांत में सेमरू पर्वत पर स्थित एक ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ है। इस विस्फोट का लावा कई किलोमीटर दूर तक फैल गया है। ज्वालामुखी विस्फोट के बाद राख और धुएं का गुबार आसमान में लगभग 5 किलोमीटर ऊपर तक उठा। देश के राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण प्रबंधन ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि यह क्षेत्र रिंग ऑफ फायर जोन में आता है।

18 जनवरी

ब्रिटेन ने जी-7 समिट के लिये भारत को किया आमंत्रित

●ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने जी-7 समिट के लिये भारत के प्रधानमंत्री

श्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया है। यह समिट जून 2021 में ब्रिटेन के कॉर्नवॉल में आयोजित होगी। समिट में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया को भी आमंत्रित किया गया है। ब्रिटेन द्वारा जारी एक बयान के अनुसार भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया को समिट के लिये बतौर मेहमान बुलाया गया है, ताकि विशेषज्ञता और अनुभव को जोर दिया जा सके। समिट में कोरोना वायरस महामारी, जलवायु परिवर्तन और मुक्त व्यापार जैसे वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। उल्लेखनीय है कि जी-7 समूह में विश्व की सात प्रमुख आर्थिक शक्तियां- ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, अमेरिका शामिल हैं।

●सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म वॉट्सएप ने अपनी नई प्राइवेसी पॉलिसी को तीन महीने के लिये टालने की घोषणा की है। कंपनी ने यह फैसला नई प्राइवेसी पॉलिसी पर विश्वभर में हो रही आलोचना के बाद लिया है। कंपनी ने बताया कि नीति संबंधी यह बदलाव अब 8 फरवरी की जगह 15 मई से लागू होगा। कंपनी ने कहा कि हम नीति की समीक्षा करने के लिये लोगों के पास जायेंगे। उल्लेखनीय है कि वॉट्सएप की नई प्राइवेसी पॉलिसी में यूजर्स के पास डाटा शेयरिंग के लिये सहमति देने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं है। अगर यूजर सहमति नहीं देता है तो उसके मोबाइल पर वॉट्सएप नहीं चलेगा।

19 जनवरी

जेईई (मेन) में अभ्यर्थियों को मिलेंगे ज्यादा प्रश्नों के विकल्प

●इंजीनियरिंग की संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई (मेन) में विद्यार्थियों को ज्यादा प्रश्नों का विकल्प मिलेगा। हालांकि प्रश्न पूरे पाठ्यक्रम से पूछे जायेंगे। यह जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने देशभर के केंद्रीय विद्यालयों के छात्रों के साथ बातचीत के दौरान दी। शिक्षा मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि संशोधित पाठ्यक्रम से केवल बोर्ड परीक्षाओं में ही सवाल पूछे जायेंगे। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार जेईई मेन परीक्षा में छात्रों को 75 की जगह 90 प्रश्नों में से चुनने का विकल्प मिलेगा। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के कारण शिक्षा मंत्रालय ने सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा का पाठ्यक्रम 30 प्रतिशत कम किया है।

●अमृतसर स्थित अटारी-वाघा बॉर्डर पर प्रतिवर्ष 26 जनवरी को आयोजित होने वाली बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी को छोटा कर दिया गया है। इस बार बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी में आम लोगों के आने पर रोक रहेगी। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अनुसार इस बार बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी में केवल ध्वाजारोहण और ध्वज उतारने का आयोजन किया जायेगा। यह निर्णय कोरोना महामारी की स्थिति को देखते हुये लिया गया है।

●यमन में हूती विद्रोहियों ने अमेरिकी दूतावास के बाहर तीव्र प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में प्रदर्शनकारियों ने हथियार भी लहराये। अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों को विदेशी आतंकी समूह घोषित किया है। इसी के विरोध में हूती विद्रोहियों ने इस प्रदर्शन को आयोजित किया। उल्लेखनीय है कि यमन में चल रहे गृह युद्ध में सऊदी अरब के नेतृत्व वाली गठबंधन सेना का हूती विद्रोहियों के साथ संघर्ष चल रहा है।

20 जनवरी

एनआईटी और ट्रिपल आईटी में प्रवेश के लिये पात्रता नियम में छूट

●केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने आईआईटी के बाद जेईई मेंस के आधार पर ट्रिपल आईटी और एनआईटी जैसी शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के मानदंड में छूट देने की घोषणा की है। अब इन संस्थानों में प्रवेश के लिये कक्षा बारहवीं में 75 प्रतिशत अंक हासिल करने की अनिवार्यता को हटाया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने ट्विटर के जरिये यह जानकारी दी। श्री निशंक ने कहा कि कोरोना महामारी को देखते हुये छात्रों की सुविधा के लिये यह कदम उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि पहले जो छात्र कक्षा बारहवीं में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक हासिल करते थे, उन्हें ही एनआईटी, आईआईटी जैसी शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिये पात्र माना जाता था।

●चीन ने एक नई हाईस्पीड मैग्लेव (मैग्नेटिक लेविटेशन) ट्रेन के प्रोटोटाइप को लॉन्च किया है। इस ट्रेन की गति 620 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी। यह उच्च तापमान सुपर कंडक्टिंग (एचटीएस) पॉवर पर चलेगी। इस पॉवर सिस्टम में मैग्नेट का इस्तेमाल होता है, जिससे प्रतीत होता है कि यह ट्रेन चुंबकीय ट्रैक पर तैर रही हो। इस प्रोटोटाइप को चेंगदू स्थित साउथवेस्ट जियाओतोंग विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने विकसित किया है। शोधकर्ताओं ने इसके लिये एक ट्रेक बनाया जिस पर ट्रेन को प्रदर्शित किया गया। शोधकर्ताओं ने कहा कि यह ट्रेन 3 से 10 वर्ष में ऑपरेशनल हो सकती है।

●केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री श्री किरेन रिजिजू को अस्थाई तौर पर आयुष मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यह जानकारी राष्ट्रपति भवन से जारी एक विज्ञप्ति में दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार आयुष मंत्री श्रीपद नाइक के अस्पताल में रहने तथा इलाज चलने तक किरेन रिजिजू आयुष मंत्रालय का प्रभार संभालेंगे।

21 जनवरी

ईपीएफओ ने नवम्बर 2020 में जोड़े 10 लाख से अधिक नये सदस्य

●कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने नवम्बर 2020 में 10.11 लाख नये सदस्य जोड़े हैं। यह जानकारी केंद्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा जारी की गई है। मंत्रालय के अनुसार विश्वव्यापी कोरोना महामारी के असर के बावजूद ईपीएफओ ने चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से नवम्बर 2020 तक लगभग 45 लाख नये सदस्य जोड़े हैं। नवम्बर में ईपीएफओ से जुड़ने वाले सबसे ज्यादा नये सदस्य 22 से 25 वर्ष के हैं, जिनकी संख्या 2.72 लाख है। इसके बाद 18 से 21 वर्ष के लोग हैं जिनकी संख्या 2.21 लाख है। 18 से 25 वर्ष के युवा सदस्यों को श्रम बाजार में नये रोज़गार के रूप में देखा जा सकता है।

●प्रधानमंत्री जन धन योजना से 41 करोड़ से ज्यादा लोग लाभान्वित हुये हैं। यह जानकारी वित्त मंत्रालय ने ट्वीट के जरिये दी है। वित्त मंत्रालय के अनुसार वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने वाली इस योजना के तहत छह जनवरी 2021 तक जन धन खातों की संख्या 41.6 करोड़ हो गई है। मंत्रालय के अनुसार शून्य बैलेंस वाले खातों की संख्या मार्च 2015 के 58 प्रतिशत के मुकाबले कम होकर 7.5 प्रतिशत हो गई है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत की थी।

●अफ्रीका, अमेरिका और यूरोप में गंभीर समस्या बन चुके कालाजार रोग (ब्लैक फीवर) को खत्म करने के लिये आईआईटी बीएचयू ने एक सफल परीक्षण किया है। आईआईटी के बायो केमिकल इंजीनियरिंग विभाग में कालाजार की वैक्सीन का चूहों पर प्री-क्लीनिकल परीक्षण किया गया है। जिसके सकारात्मक परिणाम आये हैं। शोध करने वाले वैज्ञानिकों के अनुसार यह दुनिया में कालाजार की पहली वैक्सीन साबित हो सकती है। उल्लेखनीय है कालाजार एक लिश्मैनिया परजीवी का संक्रमण है।

22 जनवरी

सीआरपीएफ की कोबरा कमांडो यूनिट में महिलाओं की भर्ती का विचार

●केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) अपनी कोबरा कमांडो बटालियन में महिलाओं को शामिल करने पर विचार कर रहा है। सीआरपीएफ के प्रमुख ए.पी. माहेश्वरी ने बताया कि हम कोबरा बटालियन में महिलाओं को शामिल करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर कोबरा टीमें नक्सल प्रभावित राज्यों में और कुछ टीमें उग्रवाद रोधी अभियानों के लिये पूर्वोत्तर के राज्यों में रखी गई हैं। कोबरा इकाइयों में शामिल किये जाने वाले सैनिकों को मानसिक और शारीरिक स्तर पर कड़े मानदंडों पर खरा उतरना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि देश में खुफिया सूचना आधारित जंगल युद्ध अभियानों के लिये सीआरपीएफ ने वर्ष 2009 में कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) की 10 इकाइयां गठित की थीं। इन इकाइयों में 12 हजार सैनिक शामिल हैं।

●यूक्रेन के शहर खारकिव में स्थित एक नर्सिंग होम में आग लग गई। इस दुर्घटना में झुलसने के कारण 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग जख्मी हो गये। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस हादसे की तुरंत जांच करने के आदेश दिये हैं। यूक्रेन के आपदा सेवा विभाग के अधिकारियों के अनुसार आग नर्सिंग होम की दूसरी मंजिल पर लगी थी, हादसे के वक्त नर्सिंग होम में 100 से ज्यादा लोग मौजूद थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की जानकारी आम जनता तक पहुंचायें

भोपाल, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र पर सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। पहले से अधिक जांचें और दवाइयां अस्पतालों में उपलब्ध करवाई जा रही हैं। बच्चों के टीकाकरण और स्वास्थ्य विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिये जरूरी है स्वास्थ्य शिक्षा संचार ब्यूरो को कार्य-प्रणाली में आज की आवश्यकता के अनुरूप सुधार लायें। परम्परागत मीडिया माध्यमों से आगे बढ़कर आम आदमी में लोकप्रिय संचार के साधनों को जानकारी देने का माध्यम अपनायें। ये बातें लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने भोपाल स्थित मंत्रालय में राज्य स्वास्थ्य सूचना शिक्षा संचार ब्यूरो के कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुये कहीं।

डॉ. चौधरी ने कहा कि ब्यूरो के अधिकारियों को पहले से अधिक सक्रिय होने की जरूरत है।

वर्ष 38, अंक 04 25.01.2021 से 31.01.2021

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुधाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-

रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011,
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

खेल चर्चा

अफगानिस्तान के गुरबज ने पदार्पण मैच में रचा इतिहास

अबूधाबी, अफगानिस्तान के युवा बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबज ने अपने पदार्पण मैच में इतिहास रच दिया है। गुरबज वन-डे पदार्पण मैच में शतक बनाने वाले पहले अफगानी खिलाड़ी बन गये हैं। गुरबज ने आयरलैंड के खिलाफ मैच में 127 रनों की पारी खेली। इस मैच में गुरबज ने 9 छक्के लगाये। गुरबज ने वन-डे पदार्पण मैच में सर्वाधिक छक्के लगाने के नवजोत सिंह सिद्धु का रिकॉर्ड तोड़ा है। सिद्धु ने वर्ष 1987 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पदार्पण वन-डे में 5 छक्के लगाये थे।

सौरभ चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल में बनाया विश्व रिकॉर्ड

मेरठ, भारत के नवोदित निशानेबाज सौरभ चौधरी ने राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल्स में पुरुषों के 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड बनाया है। सौरभ ने इस स्पर्धा में 246.9 अंक अर्जित किये। इससे पहले यह रिकॉर्ड उत्तर कोरिया के किम सोंग गुक (246.5 अंक) के नाम दर्ज था। वहीं महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में मनु भाकर ने 239.3 अंक अर्जित कर पहला स्थान हासिल किया है। सौरभ और मनु दोनों टोक्यो ओलिंपिक के लिये क्वालिफाई कर चुके हैं।

जांगो ने ट्रिपल जंप में बनाया विश्व रिकॉर्ड

उवीर, बुर्किना फासो के एथलीट हयुज जांगो ने इंडोर ट्रिपल जंप स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। जांगो ने यह उपलब्धि फ्रांस के उवीर शहर में आयोजित एक स्पर्धा में हासिल की। प्रतियोगिता में जांगो ने 18.07 मीटर लंबी जंप लगाकर अपने ही कोच टेडी टैमघो का रिकॉर्ड तोड़ा। टैमघो ने वर्ष 2011 में ट्रिपल जंप में 17.92 मीटर की दूरी तय कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। जांगो विश्व एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुके हैं।

भारत का दौरा करेगी न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम

मुंबई, न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप की तैयारियों के लिये इस वर्ष मई-जून में भारत का दौरा करेगी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत न्यूजीलैंड को अक्टूबर-नवम्बर में ट्वेंटी-20 विश्वकप के बाद भारत में 2 टेस्ट तथा 3 ट्वेंटी-20 मैचों की सीरीज खेलनी थी। लेकिन अब वह विश्वकप से पहले ही भारत आयेगी। बीसीसीआई के एक पदाधिकारी ने बताया कि न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड से इस दौरे की बात चल रही है, लेकिन किस प्रारूप में कितने मैच खेले जायेंगे यह तय नहीं हुआ है।

मनीषा कीर और नीरू ढ़ांडा भारतीय टीम में शामिल

भोपाल, मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की खिलाड़ी मनीषा कीर और नीरू ढ़ांडा को आगामी आईएसएसएफ विश्वकप के लिये भारतीय टीम में शामिल किया गया है। दोनों खिलाड़ियों ने हाल ही में सम्पन्न नेशनल शूटिंग ट्रायल में शानदार प्रदर्शन कर टॉप-5 शॉटगन खिलाड़ियों में जगह बनाई है। ट्रायल में मनीषा 109.6 अंक लेकर तीसरे तथा नीरू 106.08 स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया में लगातार दूसरी टेस्ट सीरीज जीती

भारतीय यंग ब्रिगेड ने ऑस्ट्रेलिया में बनाया इतिहास

ब्रिस्बेन, युवा खिलाड़ियों से सजी भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को उसी के घर में हराकर टेस्ट सीरीज पर 2-1 से कब्जा जमाया है। ब्रिस्बेन में खेले गये सीरीज के चौथे तथा अंतिम टेस्ट मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 3 विकेट से हराया। भारत ने लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीती है।

मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। सलामी बल्लेबाजों के जल्दी आउट होने के बाद मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ ने ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभाला। लाबुशेन ने 108 रनों की शतकीय पारी खेली, वहीं कप्तान टिम पेन (50), कैमरन ग्रीन (47) और मैथ्यू वेड (45) ने उपयोगी पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 369 के स्कोर तक पहुंचाया। इसके जवाब में भारत ने भी अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन 186 रन के स्कोर पर भारत के 6 विकेट गिर गये। इसके बाद वाशिंगटन सुंदर (62) और शार्दुल ठाकुर (67) ने भारतीय पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिये 123 रनों की साझेदारी की। भारतीय टीम पहली पारी में 336 रन बनाकर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 33 रनों की बढ़त मिली।

दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के टॉप आर्डर ने बढ़िया प्रदर्शन किया। दूसरी पारी में मार्कस हैरिस ने 38, डेविड वार्नर ने 48, स्टीव स्मिथ ने 55 तथा कैमरन ग्रीन ने 37 रन बनाये। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में 294 रन बनाये।

- भारत ने टेस्ट क्रिकेट में तीसरी बार 300 से अधिक रनों का लक्ष्य हासिल किया है।
- ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को 33 साल में 31 मैच बाद हार का सामना करना पड़ा।
- भारत ने वर्ष 2018 में भी ऑस्ट्रेलिया को ऑस्ट्रेलिया में ही टेस्ट सीरीज में 2-1 से हराया था।
- इस जीत के साथ भारत आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप में 71.1 जीत प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर आ गया है।
- भारतीय टीम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर आ गई है।
- ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले भारतीय विकेट कीपर बन गये हैं। पंत ने यह कारनामा 27वीं पारी में किया।

भारत को दूसरी पारी में 100 ओवरों में 328 रनों का बड़ा लक्ष्य मिला। युवा बल्लेबाज शुभमन गिल (91) ने चेतेश्वर पुजारा (56) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिये 114 रनों की साझेदारी की। 167 रन के स्कोर पर अजिंक्य रहाणे के आउट होने के बाद ऋषभ पंत (89) ने पुजारा के साथ पारी को आगे बढ़ाया। पंत ने एक छोर पर टिककर बल्लेबाजी की और अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाये।

इंग्लैंड के फुटबॉलर वेन रूनी ने लिया संन्यास

इंग्लैंड, इंग्लैंड के दिग्गज फुटबॉलर वेन रूनी ने फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है। संन्यास लेने के बाद रूनी ने कोचिंग में अपना कॅरियर शुरू कर दिया है। अब वे सेकेंड टीयर टीम डर्बी काउंटी के मैनेजर बन गये हैं। डर्बी काउंटी क्लब ने बताया कि 35 वर्षीय रूनी नवंबर 2020 से ही क्लब के अंतरिम मैनेजर थे, लेकिन अब क्लब ने उनके साथ ढाई वर्ष का पूर्णकालिक अनुबंध किया है। वेन रूनी ने वर्ष 2003 से लेकर 2018 तक 120 मैचों में इंग्लैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व किया है। रूनी ने इंग्लैंड के लिये 53 अंतर्राष्ट्रीय गोल किये हैं।

आर्यना सबालेंका ने जीता अबूधाबी ओपन

अबूधाबी, बेलारूस की अनुभवी महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका

ने अबूधाबी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में सबालेंका ने रूस की वेरोनिका कुदरमेतोवा को सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से हराया। यह सबालेंका का लगातार तीसरा टूर खिताब है। इससे पहले सबालेंका ने पिछले वर्ष में ओस्त्रावा और लिंज में दो इंडोर टूर्नामेंट जीते थे।

खिलाड़ियों के नाम पर होंगे खेल सुविधा केंद्रों के नाम

नई दिल्ली, देश के खेल नायकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से खेल मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण के सभी आगामी तथा अपग्रेड किये गये खेल सुविधा केंद्रों का नाम विख्यात एथलीटों, जिन्होंने भारत में खेलों में योगदान दिया है, के नाम पर रखने का फैसला किया है।

पहले चरण में लखनऊ में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) में नवनिर्मित वातानुकूलित कुश्तीबाजी कक्ष एवं शिक्षार्थी स्विमिंग पूल, एनसीओई भोपाल में सौ बेड वाला छात्रावास, एनसीओई सोनीपत में बहुउद्देशीय सभा कक्ष एवं बालिका छात्रावास तथा गुवाहाटी में नये एसटीसी, जिसमें एक छात्रावास, बहुउद्देशीय सभा कक्ष का नाम स्थानीय विख्यात खिलाड़ियों के नाम पर रखा जायेगा।

केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने कहा कि देश में खेल संस्कृति के निर्माण के लिये यह महत्वपूर्ण है कि हमारे खिलाड़ियों को वह सम्मान प्राप्त हो, जिसके वे हकदार हैं, क्योंकि तभी युवा पीढ़ी कॅरियर के रूप में खेल को चुनने के लिये उत्साहित होगी। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिये कि उन्हें आरामदायक जीवन प्राप्त हो, एथलीटों को भी सभी प्रकार की सहायता पहले से ही उपलब्ध करा रही है।

भारतीय टीम में विराट और ईशांत की वापसी

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली चार मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले दो मैचों के लिये भारतीय टीम की घोषणा की है। टीम में कप्तान विराट कोहली और ईशांत शर्मा की वापसी हुई है। इसके अलावा ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी टीम में जगह बनाने में सफल हुये हैं।

चेतन शर्मा की अगुवाई वाली चयन समिति ने पहले दो टेस्ट मैचों के लिये 18 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित की। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम में जगह बनाने वाले पृथ्वी शॉ, हनुमा विहारी, नवदीप सैनी और टी. नटराजन को टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं उमेश यादव, मोहम्मद शमी और रविन्द्र जडेजा चोट के कारण टीम से बाहर हैं। टीम में स्पिन ऑलराउंडर के तौर पर अक्षर पटेल को भी जगह मिली है।

भारतीय टीम- विराट कोहली, रोहित शर्मा, अजिंक्य रहाणे, मयंक अग्रवाल, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, के.एल. राहुल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, ऋद्धिमान साहा, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, ईशांत शर्मा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर।

चैंपियंस ट्रॉफी

पेरिस सेंट जर्मेन ने जीता खिताब

लेंस, फ्रांस के लोकप्रिय फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन ने चैंपियंस ट्रॉफी (Trophee des Champion) का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में पेरिस सेंट जर्मेन ने मार्सिले को 2-1 से हराया। पेरिस सेंट जर्मेन की जीत में ब्राजीलियन स्टार नेमार ने अहम भूमिका निभाते हुये निर्णायक गोल दागा।

पिछले पांच मैचों में चोट के कारण मैदान से दूर रहे नेमार फाइनल मैच में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर दूसरे हाफ में उतरे। मैच में पहला गोल 39वें मिनट में माउरो इकार्डी ने पेरिस सेंट जर्मेन के लिये किया। पहले हाफ की समाप्ति तक पेरिस सेंट जर्मेन ने मैच में दबदबा बनाते हुये 1-0 की बढ़त बरकरार रखी।

दूसरे हाफ में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। मार्सिले टीम ने लगातार काउंटर अटैक किये। मैच को अपने नियंत्रण में लाने के लिये पेरिस सेंट जर्मेन के मैनेजर मौरिशियो

पोशेटिनो ने मैदान में नेमार को उतारा। पेरिस सेंट जर्मेन को 85वें मिनट में पेनाल्टी मिली। नेमार ने पेनाल्टी को गोल में बदलकर पेरिस सेंट जर्मेन की बढ़त 2-0 कर दी। हालांकि इसके चार मिनट बाद मार्सिले के दिमित्री पायेट ने मौका बनाते हुये बॉक्स के अंदर से गोल किया। लेकिन वे अपनी टीम को जीत दिलाने में कामयाब नहीं हो पाये। निर्धारित समय तक पेरिस सेंट जर्मेन ने 2-1 की बढ़त के साथ मैच जीत लिया।

- पेरिस सेंट जर्मेन की जीत में नेमार ने निभाई निर्णायक भूमिका।
- नेमार विश्व के सबसे महंगे खिलाड़ियों में से एक हैं।
- फोर्ब्स पत्रिका की वर्ष 2020 में सर्वाधिक कमाई करने वाले फुटबॉल खिलाड़ियों की सूची में नेमार तीसरे नंबर पर थे।

इंग्लैंड ने श्रीलंका को पहले टेस्ट मैच में हराया

गाले, इंग्लैंड ने श्रीलंका को पहले टेस्ट मैच में 7 विकेट से हराया है। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 135 रन बनाये। इसके बाद इंग्लैंड ने कप्तान जो रूट की 228 रनों की बेहतरीन पारी के बदौलत 421 रन बनाये। दूसरी पारी में श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने जुझारू खेल दिखाया। श्रीलंका के लिये लाहिरु थिरिमाने ने 111 तथा कुशल परेरा ने 62 रनों की पारी खेल श्रीलंका को 359 रन तक पहुंचाया। इंग्लैंड को जीत के लिये 74 रन का आसान लक्ष्य मिला, लेकिन लक्ष्य तक पहुंचने के लिये इंग्लैंड को 3 विकेट गंवाने पड़े। मैच के दौरान जो रुट ने अपने टेस्ट कॅरियर में 8000 रन पूरे किये हैं। ये कारनामा करने वाले वे सातवें इंग्लिश बल्लेबाज हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

अमेरिका-चीन
संबंधों में सुधार चाहते हैं जिनपिंग

स्टार वक्स के पूर्व सीईओ होवार्ड शुल्ज से चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दोनों देशों के संबंधों में सुधार के लिये मदद

- **अमेरिका और चीन के संबंध 'ट्रेड वार' और प्रौद्योगिकी तथा सुरक्षा को लेकर उपजे तनाव के चलते काफी खराब हो गये हैं।**

मांगी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक शी ने शुल्ज को पत्र भेजकर यह अनुरोध किया है। चीन के शीर्ष नेता द्वारा किसी विदेशी उद्योगपति हस्ती से सीधा संवाद करने का यह विरल मामला है। शुल्ज ने 1999 में चीन में स्टार वक्स की पहली ईकाई की स्थापना की थी और वह कई बार चीन का दौरा कर चुके हैं। खबर के अनुसार शी ने शुल्ज को लिखे पत्र में चीन-अमेरिका आर्थिक एवं व्यापारिक सहयोग तथा द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में स्टार वक्स से सहयोग की अपील की है।

अमेरिका में शपथ ग्रहण समारोह

जो बाइडेन ने राष्ट्रपति और कमला हैरिस ने उप-राष्ट्रपति पद की शपथ ली

अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के तौर पर जो बाइडेन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उन्होंने अपने पहले भाषण में स्पष्ट कर दिया है कि वह सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने बाइडेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। वहीं कमला हैरिस ने अमेरिका के 49वें उप-राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। पहली महिला, पहली अश्वेत और पहली दक्षिण एशियाई मूल की अमेरिकी उप-राष्ट्रपति बनकर कमला हैरिस ने इतिहास रच दिया है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति के रूप में पद भार संभालने पर जो बाइडेन और कमला हैरिस को शुभकामनाएं दी हैं। ट्वीट्स की एक श्रृंखला में, प्रधानमंत्री ने कहा 'संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में पद संभालने के लिए जो बाइडेन को मेरी हार्दिक बधाई। मैं भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए उनके साथ कार्य करने के लिए आशान्वित हूं। भारत-अमेरिका की साझेदारी साझा मूल्यों पर आधारित है। हमारे पास एक पर्याप्त और बहुआयामी द्विपक्षीय एजेंडा है, जो आर्थिक जुड़ाव और उत्साह से परिपूर्ण लोगों के बीच बढ़ रहा है। भारत-अमेरिका साझेदारी को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।'

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कमला हैरिस को उप-राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने पर बधाई देते हुए एक ट्वीट संदेश में कहा कि "यह एक ऐतिहासिक दिन है। सुश्री हैरिस से मिलकर भारत और अमेरिका के संबंधों को और मजबूत बनाने की उम्मीद करता हूं। भारत और अमेरीका की साझेदारी दुनिया के लिए लाभप्रद होगी"।

अमेरिकी राष्ट्रपति की टीम में शामिल 20 भारतवंशी

अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी टीम में सबसे ज्यादा भारतीयों को जगह दी है। बाइडेन ने 20 भारतीय मूल की शख्सियतों को अपनी टीम का हिस्सा बनाया है। फिलहाल, इन सभी को नॉमिनेट किया गया है। इन नियुक्तियों को औपचारिक मंजूरी सीनेट से मिलेगी। 20 भारतवंशियों में शामिल शख्सियत इस प्रकार हैं।

नीरा टंडन को व्हाइट हाउस ऑफिस की डायरेक्टर ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट के लिए नॉमिनेट किया गया है। डॉ. विवेक मूर्ति को US सर्जन जनरल के रूप में नॉमिनेट किया गया है। विवेक कोरोना टास्क फोर्स का जिम्मा संभालेंगे। वनीता गुप्ता को डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस का एसोसिएट अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया गया है। उजरा जिया सेक्रेटरी ऑफ स्टेट फॉर सिविलियन सिक्योरिटी, डेमोक्रेसी एंड ह्यूमन राइट्स के अंडर में काम करेंगी। माला अडिगा फर्स्ट लेडी डॉ. जिल बाइडेन की पॉलिसी डायरेक्टर के तौर पर जिम्मेदारी संभालेंगी। गरिमा वर्मा फर्स्ट लेडी के ऑफिस की डिजिटल डायरेक्टर होंगी। सबरीना सिंह व्हाइट हाउस की डिप्टी प्रेस सेक्रेटरी होंगी। सबरीना इस पद पर पहुंचने वाली भारतीय मूल की पहली महिला हैं। आयशा शाह को व्हाइट ऑफिस की डिजिटल स्ट्रैटजी का पार्टनरशिप मैनेजर नियुक्त किया गया है। समीरा फाजिली को व्हाइट हाउस में यूएस नेशनल इकोनॉमिकल काउंसिल का डिप्टी डायरेक्टर बनाया गया है। गौतम राघवन को प्रेसिडेंट ऑफिस का डिप्टी डायरेक्टर बनाया गया है। विनय रेड्डी डायरेक्टर ऑफ स्पीच राइटिंग की अहम जिम्मेदारी संभालेंगे। वेदांत पटेल राष्ट्रपति के असिस्टेंट प्रेस सेक्रेटरी होंगे। तरुण छाबड़ा को सीनियर डायरेक्टर फॉर टेक्नोलॉजी एंड नेशनल सिक्योरिटी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुमोना गुहा को सीनियर डायरेक्टर फॉर साउथ एशिया के पद पर नॉमिनेट किया गया है। शांति कलाथिल को कॉर्डिनेटर फॉर डेमोक्रेसी एंड ह्यूमन राइट्स की जिम्मेदारी दी गई है। सोनिया अग्रवाल को व्हाइट हाउस में डोमेस्टिक क्लाइमेट पॉलिसी के ऑफिस में सीनियर एडवाइजर फॉर क्लाइमेट पॉलिसी एंड इनोवेशन के पद पर नियुक्त किया गया है। विदुर शर्मा को व्हाइट हाउस कोविड-19 रिस्पॉन्स टीम के पॉलिसी एडवाइजर फॉर टेस्टिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नेहा गुप्ता व्हाइट हाउस ऑफिस में एसोसिएट काउंसिल के रूप में काम करेंगी। रीमा शाह भी व्हाइट हाउस में डिप्टी एसोसिएट काउंसिल की जिम्मेदारी निभाएंगी। भारत रामामूर्ति व्हाइट हाउस नेशनल इकोनॉमिक काउंसिल में डिप्टी डायरेक्टर होंगे।

14 साल बाद
फिलिस्तीन में आम चुनावों की तारीख तय

फिलिस्तीन में 14 साल बाद आम चुनावों की तारीख तय कर दी गई है। इसमें संसदीय, राष्ट्रपति और राष्ट्रीय

- **इज़रायल द्वारा वेस्ट बैंक में बस्तियों के विस्तार के बीच 2014 में इज़रायल और फिलिस्तीनियों के बीच शांति वार्ता प्रभावित हुई।**

परिषद के चुनाव शामिल हैं। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास द्वारा हस्ताक्षरित डिक्री के तहत, संसदीय चुनाव 22 मई, राष्ट्रपति चुनाव 31 जुलाई और 31 अगस्त को राष्ट्रीय परिषद के चुनाव होंगे। जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति ने चुनाव समीति और राज्यों को निर्देश दिया कि वे फिलिस्तीन मातृभूमि के सभी शहरों में एक लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया शुरू करें।

ज्ञात रहे कि 1967 के मध्य पूर्व युद्ध में इज़रायल ने वेस्ट बैंक, गाजापट्टी और पूर्वी यरुशलम को जब्त कर लिया था और अंतर्राष्ट्रीय आलोचना के बावजूद उन्हें नियंत्रित करके रखा।

अमेरिका के बाद रूस भी मुक्त हवाई क्षेत्र से हटा

अमेरिका के बाद रूस ने भी मुक्त हवाई क्षेत्र संधि से हटने की घोषणा की है। इस संधि को ओपन स्काईज ट्रीटी कहा जाता है। इस संधि का लक्ष्य रूस और पश्चिमी देशों के बीच विश्वास बहाल करना था और इस संधि पर तीन दर्जन देशों ने हस्ताक्षर किये थे। रूस ने कहा कि संधि से हटने के लिये उनके देश ने उचित प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इटली के प्रधानमंत्री ने विश्वास मत जीता

इटली के प्रधानमंत्री ग्यूसेप कोंटे ने सीनेट में विश्वासमत जीत कर अपनी सरकार को बचा लिया। कोंटे के पक्ष में 140 वोट पड़े और 16 सांसद गैर-हाजिर रहे। सीनेट में बहुमत का आंकड़ा 161 है। इसलिए इस परिणाम के बाद भी कोंटे को किसी भी अहम् कानून को संसद में पारित कराने के लिये गठबंधन के बाहर से सहयोग लेना पड़ेगा।

ब्राजील के शहर में ऑक्सीजन की कमी

ब्राजील के वर्षावन अमेजन क्षेत्र के सबसे बड़े शहर मनौस में कोरोना वायरस से पीड़ित मरीजों को ऑक्सीजन की कमी के चलते दूसरे राज्यों में भेजना पड़ा। 20 लाख की आबादी वाले शहर में संक्रमण की दर लगातार बढ़ रही है, जिसके चलते लोगों को अस्पतालों में जगह नहीं मिल पा रही हैं। ऑक्सीजन की कमी के चलते लगातार होने वाली मौतों का सिलसिला नहीं थमा है। ज्ञात रहे कि अमेजन को धरती का फेफड़ा कहा जाता है।

फारस की खाड़ी में
ईरान ने किया शक्ति प्रदर्शन

ईरान ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुये फारस की खाड़ी में युद्धाभ्यास किया। ईरान के अर्द्धसैनिक बल

- **एक साल पहले अमेरिकी सेना ने रिवॉल्यूशनरी गॉर्ड के टॉप कमांडर कासिम सुलेमानी की इराक में हत्या कर दी थी।**
- **इसके बाद से अमेरिका और ईरान में तनाव चरम पर है।**

रिवॉल्यूशनरी गार्ड ने न केवल नौसैन्य परेड की बल्कि युद्धपोतों से भी मिसाइल फायर की। युद्धाभ्यास के दौरान समुद्र में ईरानी ड्रोन और लड़ाकू विमानों ने हवाई सुरक्षा प्रदान की।

ईरान का यह युद्धाभ्यास फारस की खाड़ी में उस द्वीप के नजदीक किया गया, जहां 2016 में अमेरिकी नौसेना की दो गश्ती नौकाओं को जप्त किया था।

अर्जेंटीना और चिली में आया 6.4 तीव्रता का भूकंप

चिली की सीमा से सटे उत्तर-पश्चिम अर्जेंटीना में 6.4 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटके चिली में भी महसूस किये गये। हालांकि इससे जान-माल के नुकसान की कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई। अमेरिका के भूगर्भीय सर्वेक्षण विभाग ने बताया कि भूकंप का केंद्र पोर्सिटो से 27.6 किलोमीटर



दूर दक्षिण पश्चिम में था। भूकंप 14 किलोमीटर गहराई पर आया था।

प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण
प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में 6 लाख से अधिक लाभार्थियों को वित्तीय सहायता जारी की

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 6 लाख से अधिक लाभार्थियों को वित्तीय सहायता जारी की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों, वंचितों और शोषितों के जीवन में बदलाव लाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया जा रहा है। उन्होंने पांच साल पहले आगरा से प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत करने के पल को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत, देश के नागरिकों के आत्म-विश्वास से सीधे जुड़ा हुआ है और स्वयं का एक घर इस आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा देता है। एक स्व-स्वामित्व वाला घर जीवन में भरोसा दिलाता है और गरीबी से बाहर आने की आशा भी रखता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के 75 साल पूरे होने से पहले हर गरीब परिवार को घर मुहैया कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू की गई थी। ग्रामीण क्षेत्रों में हाल के वर्षों में 2 करोड़ आवास इकाइयों का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि, अतीत के बुरे अनुभवों पर गौर करते हुए, कुछ बातों को ध्यान में रखा गया है जैसे कि उन गरीब परिवारों को जिनके पास घर बनाने की सम्भावना समाप्त हो गई है, उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए। दूसरा, आवंटन में पारदर्शिता, तीसरा, मकान का स्वामित्व महिलाओं को प्राथमिकता के रूप में मिलना चाहिये, चौथा, प्रौद्योगिकी के माध्यम से निगरानी करना और अंत में मकान सभी बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित होना चाहिए। आवास इकाइयां उन गरीब परिवारों को लाभान्वित कर रही

हैं, जो कच्चे मकानों में रह रहे थे। स्थानीय श्रमिक, छोटे किसान और भूमिहीन मजदूरों के पास घर बनाने की कोई उम्मीद नहीं थी। भूमिहीन परिवारों को जमीन के दस्तावेज़ मिल रहे हैं और किसी भी तरह के भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रदान की जाने वाली धनराशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में स्थानांतरित की जा रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका प्रयास ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्राप्त सुविधाओं के बीच की खाई को कम करना है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य ग्रामीण लोगों के लिए शहरी लोगों को प्राप्त सुविधाएँ उपलब्ध करवा कर उनके जीवन को आसान बनाना है। इसलिए, प्रधानमंत्री आवास योजना में शौचालय, प्रकाश, पानी और गैस कनेक्शन जैसी बुनियादी सुविधाओं को भी जोड़ा जाता है। इसका उद्देश्य यह है कि एक गरीब व्यक्ति को मूलभूत सुविधाओं के लिए इधर-उधर भागना न पड़े।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों के जीवन को बेहतर बनाने में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना से बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इस योजना के तहत, ग्रामीणों को घर के स्वामित्व के कागज़ात के साथ उनकी जमीन मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि ग्रामीण इन घरों को गिरवी रखकर बैंक से ऋण ले सकेंगे। इससे ग्रामीण संपत्ति की कीमतों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई सड़कें गांव के लोगों के जीवन को आसान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि ऑप्टिकल फाइबर केबल के माध्यम से 6 लाख से अधिक गांवों में तेजी से इंटरनेट सेवा प्रदान करने के लिए काम चल रहा है। यह परियोजना ग्रामीणों के लिए रोज़गार के नए अवसर भी पैदा करेगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।